आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 62 | उज्जैन, गुरुवार 19 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 15- गुड़ी पड़वा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




हिन्दू नववर्ष एवं चेटी चंड के शुभ अवसर पर तीसरा पंचांग कैलेंडर नि:शुल्क अपने हॉकर से प्राप्त करें।

# दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लगने से 9 लोगों की मौत

## इनमें 3 लड़कियां, दमकल ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी।

दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ





शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं।

### पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख मुआवजे का ऐलान किया

पालम आग हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी घटना पर दुख जताया और पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की मदद करने की अपील की।

### राजस्थान में एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा, आग लगी, ड्राइवर जिंदा जला, भाई ने कूदकर जान बचाई



एजेंसी ▸▸ सांचौर

राजस्थान के जालोर जिले में जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे (एनएच-68) पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद सड़क पर 200 मीटर तक लपटें फैल गई। टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसके साथ बैठा भाई समय रहते कूद गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रहा था। इस दौरान सिंवाड़ा ओवरब्रिज पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सांचौर एसडीएम प्रमोद कुमार और सिंवाड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

## देश विदेश

### भारत ने जंग के बीच ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया। दूसरी ओर इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है। हालांकि इस दावे की ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### राहुल टपोरी की तरह संसद में आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं : कंगना

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को संसद के बाहर कहा- राहुल को देखकर हम महिलाओं को काफी अनकम्फर्टेबल फील होता है। उन्होंने कहा- वह टपोरी की तरह आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं। इंटरव्यू दे रहे लोगों को परेशान करते हैं। कहते हैं- आजा-आजा। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए, उनका व्यवहार बहुत अच्छा है। कंगना का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जिसमें 12 मार्च को संसद परिसर के मकर द्वार पर राहुल गांधी के चाय-नाश्ता करने को लेकर आलोचना हुई थी। इस मामले में 84 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स, 116 पूर्व सैनिक और 4 वकीलों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी से देश के लोगों से माफी की मांग की है।

### वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

## क्यूबा को हासिल करके रहूंगा : डोनाल्ड ट्रम्प

एजेंसी ▸▸ हवाना

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह क्यूबा को अपने कब्जे में लेने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं।



### अमेरिका ने क्यूबा को होने वाली तेल सप्लाई रोकी

ट्रम्प ने इससे पहले रविवार को एयर फोर्स वन में भी कहा था, मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया। इसका असर क्यूबा में साफ दिख रहा है। 9 जनवरी के बाद से वहां कोई बड़ी तेल सप्लाई नहीं पहुंची है। वहां हालात तेजी से खराब हो रहे हैं। क्यूबा के ब्लैक मार्केट में पेट्रोल करीब 35 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गया है

## पंजाबी सिंगर दिलजीत ने दिया 114 करोड़ टैक्स

एजेंसी ▸▸ जालंधर

पंजाबी एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाटी इंडिया टूर-2024 ने पंजाबी म्यूजिक के इतिहास में कमाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस टूर ने 943 करोड़ रुपए कमाए। इसका खुलासा मार्च 2026 में आई सोशियो इकोनॉमिक इम्पैक्ट रिपोर्ट में किया गया। इस टूर से 114 करोड़ रुपए टैक्स मिला, जबकि 1.2 लाख लोगों को रोजगार मिला। अर्न्स्ट एंड यंग (ए) की ताजा सोशियो इकोनॉमिक रिपोर्ट के मुताबिक, यह आंकड़ा भारतीय कलाकार के लाइव टूर का नया बेंचमार्क है। रिपोर्ट में बताया गया है कि टूर के दौरान 3.2 लाख से ज्यादा दर्शकों ने शो देखे। दिल्ली का शो तो रिकॉर्ड 55 हजार दर्शकों के साथ देश का सबसे बड़ा शो बना।

## इंदौर में पेस्ट कंट्रोल फैक्ट्री में आग

### पार्षद और स्थानीय लोगों ने बचाई मजदूरों की जान, भंवरकुआं में एक स्कूटर भी जला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पालदा इलाके में बुधवार दोपहर पेस्ट कंट्रोल बनाने वाली एक फैक्ट्री में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

फायर ब्रिगेड के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे एक बोहरा कारोबारी की फैक्ट्री में आग भड़की। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में केमिकल और कच्चा माल रखा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पार्षद कुणाल सोलंकी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आग लगने के दौरान कुछ मजदूर



अंदर फंस गए थे। पार्षद और स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान पुलिस और अन्य राहत टीमें भी मौके पर पहुंच गई थीं।

आग की चपेट में आने से कुछ मजदूरों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।







## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### मुख्यमंत्री स्व. गुरकीरत के घर पहुंचे, परिजनों से मिले,परिवार ने सहायता की मांग रखी, कलेक्टर को निर्देश मिले हर संभव मदद की जाए

# गमगीन पिता ने पत्र में मजबूरी रखी मुख्यमंत्री के समक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कनाडा में उच्च अध्ययन के लिए गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत मनोचा की वहां हत्या के मामले को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान उनके निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. मनोचा के परिजनों से चर्चा कर कनाडा में हुई असामयिक दुःखद मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान परिजनों ने मुख्यमंत्री से अंतिम संस्कार को लेकर अपनी मांग रखी है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को हर संभव मदद के लिए निर्देश दिए हैं।

मनोचा निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के होनहार छात्र की मृत्यु से उनका हृदय व्यथित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिजनों को स्व. गुरकीरत के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में पूर्ण रूप से सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा श्री महाकाल से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### कनाडा में ही अंतिम संस्कार का पक्ष रखा-

स्व.छात्र के पिता गुरजीत एवं परिजनों ने अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र दिया जिसमें उन्होंने छात्र का विस्तृत विवरण रखते हुए कहा कि वर्तमान में कनाडा में क्राइम इन्वेस्टिगेशन (उ्री क्ल्ल५ी२ऊ३ङ्ल्ल) की प्रक्रिया जारी है तथा जब तक जांच पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक मेरे पुत्र का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंपा जाना संभव नहीं बताया गया है। इस प्रक्रिया में लगभग तीन सप्ताह का समय लगना संभावित है। इस दुःखद स्थिति में मेरा परिवार यह निर्णय लेने को विवश हुआ है कि हमारे परिवार के दो सदस्य कनाडा जाकर आवश्यक फ्यूनरल प्रक्रिया पूर्ण कर अस्थि संचय (अस्थि कलश) भारत लाएं। इस हेतु हमें शासन की सहायता की अत्यंत आवश्यकता है। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 40,000 से 50,000 डॉलर तक का व्यय संभावित है, जो हमारे लिए वहन करना अत्यंत कठिन है। इस प्रकरण में भारत सरकार एवं कनाडा सरकार के समन्वय से विशेष सहायता प्रदान कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय एवं सहयोग मिल सके।

### ये सहायता मांगी

उन्होंने पत्र में परिवार के दो सदस्यों प्रभकीरत मनोचा (बड़े भाई) एवं साहेब सिंह (कजिन ब्रदर) को कनाडा भेजने हेतु उनकी वीजा प्रक्रिया शासन स्तर से त्वरित कराई जाए।दोनों व्यक्तियों के आवागमन (आना-जाना) एवं रहने-ठहरने की समुचित व्यवस्था शासन स्तर पर सुनिश्चित करवाने।कनाडा में फ्यूनरल प्रक्रिया पूर्ण कराने एवं अस्थि संचय (अस्थि कलश) भारत लाने की संपूर्ण व्यवस्था शासन के सहयोग से कराई जाए। इस संपूर्ण प्रक्रिया में होने वाले व्यय के लिए भारत सरकार एवं कनाडा सरकार द्वारा मानवीय आधार पर सहयोग एवं सहायता प्रदान की जाए। वहां पर होने वाले हॉस्पिटल खर्च एवं फ्यूनरल (अंतिम संस्कार) से संबंधित समस्त व्यय को भी वहां की सरकार द्वारा मानवीय आधार पर माफ/वहन कराने हेतु आवश्यक पहल की जाए। मृतक पुत्र द्वारा शिक्षा हेतु लिया गया शैक्षणिक ऋण (Education Loan) मानवीय आधार पर माफ कराने हेतु संबंधित संस्थाओं को निर्देशित करने की कृपा करें।विशेष निवेदन है कि मेरे पुत्र का पार्थिव शरीर जांच प्रक्रिया जारी रहते हुए भी यथाशीघ्र परिवारजन को सौंपने हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में विलंब न हो।

## तिसरी आंख पर सवाल...

रंग पंचमी के रंग में भंग डालने का मामला शहर में हुआ था। यात्रा के पूर्व ही रंग में खलल डालने का कृत्य किया गया था। 6 लोगों की जान पर बन आई थी। घायल हुए लोग अब भी अपने जख्मों से दर्द का अहसास कर रहे हैं। यात्रा के पूर्व अज्ञात तत्वों ने रंग उडाने वाले पटाखों का उपयोग किया था। इन पटाखों के उपयोग के दौरान यहां रंगपंचमी के रंगोत्सव का आनंद लेने आए आमजन हताहत हुए और उन्हें जख्म मिले । इस मामले में वर्दी ने अज्ञात लोगों को दर्ज किया है। खुसूर-फुसूर है कि यात्रा के पूर्व तगडी तैयारी की गई थी। इस सुरक्षात्मक तैयारी में जमीन,आसमान सब कुछ शामिल किया गया था। जो तिसरी आंख हमारे स्मार्ट शहर में लगे हैं उनके साथ ही आकाश में आधुनिक आंखें तैनात थी। जमीनी स्तर से भी एक झपक हरकत पर तिसरी आंख की नजर जमी हुई थी। उसके बाद भी रंगीन पटाखों का उपयोग कर लिया जाना और उससे उत्पन्न हालातों में छूप जाना जैसी स्थिति पर सवाल खडे हो रहे हैं। रंग और गुलाल जरूर उड रहे थे लेकिन तिसरी आंख अपना काम कर रही थी। ऐसा भी नहीं है कि एक आध ही तिसरी आंख इस पर हो अनेक तिसरी आंख इस पर लगी हुई थी । घटनाक्रम के इतने दिनों बाद भी अज्ञात का सामने न आना तिसरी आंख पर सवाल खडे कर रहा है।




# सूर्य को जल देकर मनाया जाएगा हिंदू नव वर्ष

### प्रतिदिन 700 से 800 जरूरतमंद एवं गरीब जनों को भोजन वितरित किया जाता है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री छात्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि 19 मार्च गुरुवार से 27 मार्च शुक्रवार तक मनाई जाएगी 19 मार्च गुरुवार को घट स्थापना प्रातः 7:30 बजे से साथ हिंदू नव वर्ष सूर्य को अर्घ देकर मनाया जाएगा एवं रामनवमी 27 मार्च शुक्रवार को अर्धरात्रि 12:00 बजे हवन कर समापन किया जाएगा चामुंडा माता का मंदिर प्रसिद्ध देवी मंदिर है जो शहर के मध्य स्थापित है माता जी की मूर्ति पूर्व दिशा की ओर मुख करके विराजित है साथ ही परिक्रमा पथ पर नवदुर्गा की मूर्तियां भी विराजी थे जिससे दर्शनार्थियों को मंदिर माता के दर्शन के साथ 9 देवियों के दर्शन का भी लाभ प्राप्त होता है एवं साथ में हनुमान जी एवं भैरव जी एवं शिवजी का भी दर्शन होते हैं मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजन को आते हैं।

सन 2016 से मंदिर में भक्त समिति के माध्यम से भोजन वितरण का कार्य भी निरंतर जारी है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन 700 से 800 जरूरतमंद एवं गरीब जनों को भोजन वितरित किया जाता है प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे एवं शाम को 7:30 बजे भव्य आरती कर प्रसादी का वितरण किया जाता है पंडित शरद चौबे के मार्गदर्शन में निरंतर 40 वर्षों से नित्य हवन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है यह जानकारी पंडित सुनील चौबे एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह के द्वारा प्रदान की गई।




### टैगोर चौराहे से दो तालाब तक निरीक्षण, हेलीपैड प्रतीक्षालय में गुणवत्ता और डेडलाइन पर फोकस

# बार-बार की खुदाई पर ब्रेक..निगम का 'पहले अंडरग्राउंड' फॉमूर्ला लागू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति और गुणवत्ता को परखने के लिए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने टैगोर चौराहे से दो तालाब तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण से पहले सीवर लाइन से जुड़ी प्रस्तावित कार्य योजना का तकनीकी रूप से समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि बाद में खुदाई या पुनःकार्य की स्थिति न बने।

आयुक्त ने कंसल्टेंट एजेंसी, ठेकेदार और निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट की टाइमलाइन के अनुरूप कार्य की गति बढ़ाई जाए, साथ ही गुणवत्ता मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उनका फोकस इस बात पर रहा कि पहले अंडरग्राउंड यूटिलिटी (सीवर) का कार्य पूर्ण हो, तभी रोड निर्माण शुरू किया जाए।

इसके अलावा, हेलीपैड स्थित प्रगतिरत प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया गया। यहां आयुक्त ने इंटीरियर व रोड कनेक्टिविटी कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से फिनिशिंग, उपयोगिता और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री साहिल मैदावाला एवं उपयंत्री मुकुल मेश्राम भी उपस्थित रहे।



## कैलाशचन्द्र गोठवाल को जिला अध्यक्ष, उज्जैन (म.प्र.) नियुक्त



**उज्जैन।** राष्ट्रीय अनुसुचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के द्वारा श्री कैलाशचन्द्र गोठवाल को जिला अध्यक्ष, उज्जैन (म.प्र.) नियुक्त किया गया।राष्ट्रीय अनुसुचित जाति - जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रवीण मांगरिया की सहमती से एवं राष्ट्रीय विधिक परामर्शदाता श्री कुशाग्र चौहान, अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की अनुशंसा पर व राष्ट्रीय कोर कमेटी के द्वारा श्री कैलाशचन्द्र गोठवाल को जिला अध्यक्ष, उज्जैन (म.प्र.) के पद पर नियुक्त किया गया। नव नियुक्ति पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया, राष्ट्रीय संयोजक फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी.एस. मालवीय, प्रदेश अध्यक्ष सुश्री मोनिका शाह वट्टी, इंदौर जिलाध्यक्ष संतोष चौहान, महेश मिडकिया, अशोक सुरहिया, राजेंद्र गोठवाल, राजकुमार पोरवाल, गोपाल यादव, आदि ने बधाई दी गई।

### महावीर गैस एजेंसी के हॉकर ने दुकानों पर 2 हजार में पहुंचाई टंकी

# ब्लैक में गैस सिलेंडर की शिकायत पहुंची कलेक्टर कार्यालय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईधन की आपूर्ति प्रभावित बनी हुई है। गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। जिसका फायदा गैस एजेंसी के हॉकरों द्वारा उठाया जा रहा है। ऐसी ही शिकायत गैस सिलेंडर ब्लैक करने की कलेक्टर तक पहुंची है।

शहर में गैस सिलेंडर की आपूर्ति को बनाये रखने के लिये खाद्य विभाग द्वारा होटल, रेस्टोरेंटो में घरेलू सिलेंडरों की मौजूदगी पर छापा मार कार्रवाई की जा रही और ब्लैक करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। बावजूद इसके गैस एजेंसी के हॉकर सिलेंडरों की कमी का फायदा ब्लैक कर उठाया जा रहा है। मंगलवार को सिलेंडर ब्लैक करने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। शिकायतकर्ता युनूस पिता छुट्टन खान निवासी नेहरूनगर ने नागझिरी ने शिकायती आवेदन देकर बताया कि महावीर गैस एजेंसी के डीलर सोनू द्वारा दुकानों पर 2000 हजार में सिलेंडर ब्लैक में दिये जा रहे है। नागझिरी क्षेत्र की तीन-चार दुकानों पर सोनू द्वारा गैस टंकी के 2 हजार रूपये मांगे। जिसकी रिकार्डिंग भी उसके पास मौजूद है। सोनू द्वारा पूर्व पार्षद और समीर नामक व्यक्ति को 2 हजार में टंकी ब्लैक की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा टंकी की कालाबाजारी कर जा रही है। युनूस द्वारा आवेदन देकर की गई शिकायत पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया है।



### व्यवसायिक सिलेंडर भी ब्लैक में

आपूर्ति प्रभावित होने पर घरेलू सिलेंडर ब्लैक किये जा रहे है, वहीं व्यवसायिक सिलेंडरों की कालाबाजारी भी होना सामने आ रहा है। वर्तमान में व्यवसायिक सिलेंडर 1 हजार 884 रूपये के लगभग आ रहा है। होटल, रेस्टोरेंटों और शादी समारोह में व्यवसायिक सिलेंडर भी ब्लैक किये जा रहे है। एक ओर एजेंसियों पर नम्बर लगाने के लिये उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगना पड़ा रहा है। वहीं कालाबाजारी ने उनकी परेशानी को ओर बढ़ा दिया है। नम्बर लगाने के बाद भी टंकी समय पर नहीं पहुंच पा रही है।

### इधर उपभोक्ता को लग रही साढे सात रूपये की चपत

हॉकरों द्वारा जहां 2 गुना कीमत में टंकी ब्लैक की जा रही है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी साढ़े सात रूपये की चपत लगाई जा रही है। पहले ही गैस सिलेंडर पर 60 रूपये की बढ़ोत्री कर दी गई है। वर्तमान में गैस सिलेंडर 972 रूपये 50 पैसे का आ रहा है। लेकिन नम्बर लगाकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं को खुल्ले पैसे नहीं होने का हवाला देकर 980 रूपये लिये जा रहे है। शहर में प्रतिदिन करीब 12 हजार गैस सिलेंडरों की खपत होना बताई जाती है। अगर आपूर्ति प्रभावित होने पर प्रतिदिन 8 से 10 हजार सिलेंडर की सप्लाय घरेलू उपभोक्ता को की जा रही है तो साढे सात रूपये अधिक लेने पर प्रतिदिन गैस एजेंसी के हॉकरों को होने वाली ऊपरी कमाई का अंदेशा सहज लगाया जा सकता है।

## चौपदार श्री पाठक की आवाज अनंत कोटि, ब्रम्हाण्ड नायक में समाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में आगे-आगे रजत दंड लेकर चलने और सवारी के आने की उद्घोषणा करने वाले चौपदार श्री महाकाल पाठक 63 वर्ष निवासी सिंहपुरी की आवाज अब श्रद्धालुओं को सुनाई नहीं देगी। मंगलवार सुबह स्नान के बाद मंदिर जाने के दौरान उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई, परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10.30 बजे सिंहपुरी आताल-पाताल भैरव के पास से निकाली जाएगी।

मार्ग पर सवारी आने के पूर्व अखिल ब्रह्मांड नायक जगाधाधिपति जगदीशवर अनंत कोटी राजराजेश्वर राजाधिराज महाराज महाकालेश्वर महादेव की आवाज लगाने वाले उद्घोषक (चौपदार) श्री महाकाल पाठक की यह आवाज अब श्रद्धालुओं को सुनने को नहीं मिलेगी।

राजसी जमाने से पैतृक रूप से उद्घोषक (चौपदार) रहे श्री महाकाल पाठक नित्य की भांति मंगलवार सुबह उठे और स्नान,पूजन के उपरांत भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती में शामिल होने के लिए घर से रवाना हुए थे कि उन्हें सांस लेने में गंभीर समस्या आने पर उन्होंने परिजनों को इसकी जानकारी दी और मुर्छित हो गए थे । उनके जवांई आकाश रावल एवं अन्य परिजन उन्हें तत्काल लेकर इंदौर रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचे थे । अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका चेकअप करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मंदिर में चौपदार से ही जानते थे:** श्री महाकाल पाठक पैतृक रूप से मिली उद्घोषक (चौपदार) की भूमिका का निर्वहन पिछले कई वर्षों से करते आ रहे थे। उनके पितृपुरूषों ने भी स्टेट के जमाने में इसी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।63 वर्षीय श्री पाठक ने वर्षों तक शिक्षक के रूप में समाज में सेवा दी वे तत्कालीन समय में बालकनजी बारी स्कूल में सेवा में रहे।इसके साथ ही वे श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाहरी पुरोहित थे एवं तीर्थ पुरोहित भी थे। श्री महाकालेश्वर मंदिर में उनके पास परंपरागत रूप से उद्घोषक (चौपदार) का पद रहा।

**बेटा अविवाहित,बेटी विवाहित:** श्री पाठक की अल्प आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं पुत्री छोड गए हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह स्थानीय स्तर पर ही किया था। उनके जमाई पं.आकाश रावल के अनुसार वे हार्ट पेशेंट भी थे लेकिन मंगलवार सुबह आकस्मिक रूप से ही उनका स्वास्थ्य गडबडाया और उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी।

**पीढी दर पीढी निर्वहन:** महाकाल मंदिर में चौपदार के पद पर रहे पंडित महाकाल पाठक एक विशिष्ट पद से भूषित थे ।इस पद की विशेषता यह है कि भगवान महाकाल के गर्भ ग्रह में चौपदार की वेशभूषा में महाकाल स्तवन के साथ-साथ के उद्घोष का संबोधन किया जाता था।

### 74 विद्यार्थियों को उपाधि, 107 को गोल्ड मेडल और 1 शोधार्थी को डी-लिट् की उपाधि

# दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से राज्यपाल बोले माता-पिता एवं गुरु के प्रति सदैव आभारी रहना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30 वां दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि आपके माता-पिता ने आपको शिक्षित करने के लिए बहुत कष्ट उठाए है इसलिए पढ़ लिखकर अपने माता-पिता की सेवा करें। आप जीवन में कुछ भी बन जाओं परंतु अपने माता-पिता और गुरु के प्रति सदैव आभारी रहना उनकी सेवा करना। शिक्षित होने का उद्देश्य मात्र उपाधि अथवा प्रमाण पत्र पाना नहीं बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक भी बनना है। इसलिए हम सभी इस बात का हमेश स्मरण रखें।

विश्व विद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागृह में आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव थे। दीक्षांत समारोह में 74 विद्यार्थियों को उपाधि, 107 को गोल्ड मेडल और 1 शोधार्थी को डी-लिट् की उपाधि प्रदान की गई।

### केवल उपाधि वितरण नहीं,7 दशकों का समर्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह केवल उपाधि वितरण नहीं बल्कि 7 दशकों के उस समर्पण का परिणाम है, जिसने दुनिया को कुशल मानव संसाधन और श्रेष्ठ स्कॉलर सौंपे। विश्वविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ा है और यहां के विद्यार्थियों के गर्व में वृद्धि हुई है। इस दौरान विश्वविद्यालय को विभिन्न यंत्रों के लिए 51 लाख रुपए, कृषि अध्ययन शाला के लिए पांच ड्रोन तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए एक बस प्रदान करने की घोषणा की।

### ऐसा रहा आयोजन

अतिथियों के आगमन के पश्चात सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर स्थित सम्राट विक्रमादित्य के मूर्तिशिल्प पर पुष्पांजलि अर्पित की। एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह के प्रारंभ में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और कुल सचिव डा. अनिल शर्मा ने राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत पुष्पगुच्छ, पारिजात का पौधा, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इसके पश्चात कॉमर्स विषय की छात्रा श्वेता तलेसरा को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट् की उपाधि से अलंकृत किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के 74 विद्यार्थियों को उपाधि और 107 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

### अध्ययनशाला भवन का लोकार्पण

अतिथियों द्वारा 17 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित नवीन कृषि अध्ययनशाला भवन का लोकार्पण एवं एमईआरयू (टएफ्ब) परियोजना के तहत नव श्रृंगारित भर्तृहरि छात्रावास का लोकार्पण किया। इस दौरान अतिथियों ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सम्पादित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया । उपाधि प्रदान करने के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने सभी उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को उपदेश दिया और सभी को शपथ दिलवाई गई।


## उठावना



मेरी परम पूज्यनीय बडी बहन एवं ऋतिक भालेराव की धर्ममाता श्रीमती जमना भालेराव उर्फ (जय श्री भालजा बडौदा गुजरात) का दिनांक 16 मार्च 2026 को श्रीजी शरण हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 18 मार्च 20 26 को सायः 04:00 बजे मेरे निज निवास पर रखा गया है।

**शोकाकुल**

मनोहर . एन . भालेराव, एडव्होकेट एवं नोटरी, ऋतिक भालेराव, हाईकोर्ट एडवोकेट, तुकाराम भालेराव, विश्वजीत भालेराव, ईडब्ल्यूएस 422 सांदीपनि नगर पुरानी पानी की टंकी के पास आगर रोड उज्जैन मप्र

**मो. 9893041651, 9131646957**

## न्यूज कॉलम

### ईओडब्ल्यू की कार्रवाई, नकली दस्तावेजों पर 33 लाख का लोन

**इंदौर।** इंदौर में बैंक लोन घोटालों की कड़ी लगातार लंबी होती जा रही है। आर्थिक अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 33 लाख रुपए का लोन लेने वाले आरोपियों और उन्हें लोन मंजूर करने वाले बैंक अधिकारियों पर एक और केस दर्ज किया है। पिछले 15 महीनों में यह बैंक फ्रॉड की 11वीं एफआईआर है। हर केस की तरह इस बार भी बैंक मैनेजरों की भूमिका संदिग्ध मिली है, जिन्होंने जानबूझकर गिरवी रखी और पहले से बंधक संपत्ति के आधार पर लोन बांट दिए। ईओडब्ल्यू के पास एक दर्जन शिकायतें विचाराधीन हैं। बिना गारंटी लोन देना, बिक चुकी संपत्ति को गिरवी रखकर लोन देना, कम कीमत की संपत्ति को हाई वैल्यूएशन बताकर लोन देने की शिकायतें प्रमुख हैं।

### सिंहस्थ 2028 से पहले रियल एस्टेट में बड़ा बदलाव

**उज्जैन।** उज्जैन, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर होने के साथ 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ की मेजबानी की तैयारी में जुटा है, अब रियल एस्टेट के बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, नई सड़कों, पुलों, मेडिकल कॉलेज और आईटी पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स के बीच जिला प्रशासन ने प्रापर्टी गाइडलाइन दरों में औसतन 17.18 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। यह वृद्धि केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि उस तेजी से बदलते भूगोल और बढ़ती मांग का संकेत है, जो उज्जैन को राष्ट्रीय स्तर पर एक नए शहरी माडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ा रही है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई दरों के प्रस्तावों पर विस्तार से मंथन किया गया।

### महाकालेश्वर मंदिर में

### हिंदू नववर्ष पर विशेष पूजा...

### नीम के जल से होगा महाकाल का स्नान

**उज्जैन।** महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर 19 मार्च से विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। चैत्र मास के आगमन के साथ गर्मी की शुरूआत होती है, इसलिए गुड़ी पड़वा पर भगवान महाकाल को निरोगी रखने के लिए नीम का जल अर्पित किया जाएगा। इसके बाद पुजारी कोटितीर्थ कुंड पर सूर्य को अर्घ्य देंगे और मंदिर के शिखर पर नया ध्वज चढ़ाया जाएगा। मंदिर के पुजारी अर्पित गुरु ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि के आरंभ का पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन से नए वर्ष की शुरूआत होती है। मान्यता है कि तीनों लोकों के स्वामी भगवान महाकाल के आंगन से ही हर पर्व और उत्सव की शुरुआत होती है। गुड़ी पड़वा के अवसर पर भगवान महाकाल को नीम और मिश्री से बना शरबत अर्पित किया जाएगा। इसके बाद यह प्रसादी श्रद्धालुओं में बांटी जाएगी।

### रेल मंत्री वैष्णव ने दी बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति की जानकारी

**इंदौर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मुंबई उपनगरीय नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए 238 नई उपनगरीय ट्रेनों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें ऑटोमैटिक डोर क्लोजिंग सिस्टम की सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मुंबई उपनगरीय सेवाओं में यात्रियों को राहत देने के लिए सरकार द्वारा लगभग 3,000 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है। रेल मंत्री ने बुलेट ट्रेन परियोजना से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना पर तेजी से कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के अंतर्गत 300 किमी से अधिक वायाडक्ट निर्माण पूरा हो चुका है तथा पियर निर्माण, ट्रैक बिछाने और स्टेशनों के विकास का कार्य जारी है।

### कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों को इसी सत्र से मिलेगा दूध का पैकेट

**उज्जैन।** आगामी शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए यशोदा माता योजना के अंतर्गत दूध का पैकेट दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी आदर्श ग्रामों को वृंदावन ग्रामों के रूप में विकसित किया जाएगा। यह घोषणाएं मुख्यमंत्री ने उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नगर विकास योजनाओं एवं सिंहस्थ 2028 के विकास कार्यों के अंतर्गत 664 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कामों के भूमि पूजन के दौरान की। मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगूभाई पटेल रहे। सीएम और राज्यपाल ने 77 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले गीता भवन की आधारशिला भी रखी और 30 करोड़ 68 लाख की लागत से विक्रमनगर रेलवे ओवरब्रिज का भी भूमि पूजन किया।

### अग्निवीर भर्ती रैली के लिए 1 अप्रैल तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन

**उज्जैन।** अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी है, जो 01 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। बताया गया कि वर्तमान में अग्निपथ योजना के प्रति पर्याप्त जागरूकता के अभाव में संभाग के विभिन्न जिलों में अभ्यर्थियों के पंजीयन की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई है।

### घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से 8 की मौत, इनमें एक बच्चा भी शामिल

# ईवी ब्लास्ट, एक साथ 7 चिताएं जलीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बंगाली चौराहे के पास कॉलोनी में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं।

मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार, आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।



**मुक्तिधाम में एक साथ 7 चिताएं जलीं**

रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। परिवार ने तिलकनगर मुक्तिधाम में शवों का अंतिम संस्कार किया। एक साथ 7 चिताएं जलीं। बच्चे के शव को दफनाया गया है, जिसे बॉक्स में रखकर लाया गया था।

### पीएम-सीएम ने दुख जताया, मृतकों के परिजन को मिलेंगे 2 लाख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर हादसे पर दुःख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। एमपी के सीएम मोहन यादव ने भी हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

### परिवार ने शवों का किया अंतिम संस्कार, एक साथ जलीं 7 चिताएं

इंदौर में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। परिवार ने शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

### ब्रजेश्वरी एनेक्स की हृदयविदारक

## अग्नि दुर्घटना पर सीएम यादव ने किया शोक व्यक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बुधवार अल सुबह बंगाली चौराहा स्थित ब्रजेश्वरी एनेक्स में हुई अग्नि घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन और विशेष डीजी आदर्श कटियार और विशेषज्ञों को घटना स्थल पर भेजा। अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और विशेष डीजी आदर्श कटियार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजन ने उक्त घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए शोक व्यक्त कर कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिये घटना से जुड़े हर पहलु की विस्तृत जांच की जायेगी। साथ एक एसओपी बनाई जायेगी। राजन ने कहा कि उक्त घटना से जुड़ी जांच हेतु आईआईटी एक्सपर्ट और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से फोरेंसिक जांच भी की जायेगी। साथ ही इलेक्ट्रानिक वाहन विशेषज्ञों की एक बैठक कर पता लगाया जायेगा कि इलेक्ट्रीक वाहनों में चार्जिंग के दौरान इस तरह की घटनाए क्यो हो रही है? निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन से करेंगे

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

- गुड़ी पड़वा से होगा राज्य स्तरीय अभियान का शंखनाद
- प्रदेश के गांव-गांव में 30 जून तक चलेगा अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ करेंगे। उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इस दिन प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी जल स्त्रोतों या नदियों के समीप कार्यक्रम आयोजित कर अभियान की शुरूआत की जाएगी। मनरेगा आयुक्त अवि प्रसाद ने बताया कि लगभग साढ़े तीन माह तक चलने वाले इस प्रदेशव्यापी महाअभियान का समापन 30 जून को होगा। इसमें 18 विभाग शामिल होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान का नोडल विभाग होगा, जबकि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग सह-नोडल विभाग रहेगा। अभियान के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।



**अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों के माध्यम से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत / नवीनीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं के अतिक्रमण हटाने, स्कूलों मैं पेयजल गुणवत्ता परीक्षण, आंगनबाड़ियों मैं रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, औद्योगिक इकाईयों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने और मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण के लिए आवश्यक तैयारियों के कार्य किये जाएंगे।

## 19 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी। गेहूँ की खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी। उन्होंने बताया है कि सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये अतिरिक्त बोनस देने का भी फैसला लिया है। अब प्रदेश में गेहूँ की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

मंत्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कुल 19 लाख 4 हजार 651 किसानों ने पंजीयन कराया है। गत वर्ष 15 लाख 44 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। जिला इंदौर में 71713, झाबुआ में 7120, धार में 44466, अलीराजपुर में 476, खण्डवा में 35104, बुरहानपुर में 523, बड़वानी में 4724, खरगोन में 27557, शाजापुर में 73878, नीमच में 19445, उज्जैन में 123281, आगर-मालवा में 42446, मंदसौर में 65195, देवास में 76442, रतलाम, 45912, अशोक नगर में 16454, दतिया में 19118, शिवपुरी में 21312, ग्वालियर में 13763, गुना में 22914, भिण्ड में 12788, मुरैना में 10893, श्योपुर में 17617, डिण्डौरी में 4478, मण्डला में 19611, जबलपुर में 49642, कटनी में 52126, सिवनी में 53288, नरसिंहपुर में 38416, छिन्दवाड़ा में 29163, बालाघाट में 4383, पांढुर्णा में 863, नर्मदापुर में 71831, बैतूल में 18686, हरदा में 40273, भोपाल में 37129, रायसेन में 76264, विदिशा में 86479, सीहोर में 101793, राजगढ़ 98537, सीधी में 12813, सिंगरौली में 10970, महूगंज में 8018, सतना में 56376, मैहर में 19787, रीवा में 46923, अनुपपुर में 882, शहडोल में 9479, उमरिया में 13445, टीकमगढ़ में 15552, निवाड़ी में 4116, सागर में 75791, पन्ना में 30052, दमोह में 39938 और जिला छतपुर में 34378 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### लोक सेवा आयोग प्री कम मेन्स परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**इंदौर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर म.प्र. लोक सेवा आयोग प्री कम मेन्स 2027 के प्रशिक्षण हेतु पात्र प्रशिक्षकों के आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। प्रशिक्षण 03 मई 2026 से प्रारंभ होने की संभावित तिथि है। उक्त प्रशिक्षण के लिए इच्छुक प्रशिक्षक अपना रिज्युम शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में 23 मार्च से 10 अप्रैल 2026 तक कार्यालयीन समय में जमा किया जा सकता है। शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर की सहायक आयुक्त प्राचार्य आशा चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग प्री कम मेन्स परीक्षा 2027 के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों के लिये आवेदन आमंत्रित किए गए है।

### इंदौर में संकल्प से समाधान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन

**इंदौर।** इंदौर जिले में शासन की महत्वाकांक्षी संकल्प से समाधान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। साथ ही जिले के चारों विकासखंडों में शिविरों की तिथियों का निर्धारण भी कर लिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत ब्लॉक एवं नगर स्तर पर प्राप्त आवेदनों, शिकायतों तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही चयनित योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं के तहत नवीन प्राप्त आवेदनों पर भी त्वरित कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान की जाएगी।

## सीएम ने किसान सम्मेलन में 36 कार्यों का लोकार्पण किया

### गेहूं के दाम नहीं बढ़े, जबकि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ोतरी हुई, आने वाले समय में कीमत और बढ़ाई जाएगी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ हरदा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल हुए। सीएम के आगमन से पहले काले झंडे दिखाने की कोशिश कर रहे 50 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर शहर से बाहर छोड़ दिया। अंबेडकर चौक के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन भी किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके अलावा मंच पर भी कांग्रेस विधायक को बोलने का मौका नहीं दिया गया।

### गेहूं 2626 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने की घोषणा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस वर्ष 2626 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन में गेहूं के दाम नहीं बढ़े, जबकि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कीमत और बढ़ाई जाएगी।

### विधायक को नहीं मिला मौका, खड़े होकर रखी मांगें

कार्यक्रम में हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने भी शामिल हुए, हालांकि वे विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। लेकिन उन्हें मंच से बोलने का अवसर नहीं दिया गया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग को आमंत्रित किए जाने के दौरान खड़े होकर मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रखी।



**न्यूज-कॉलम**




## आलीराजपुर पुलिस के अधिकारियों/ कर्मचारियो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अलीराजपुर।** 18 मार्च को पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल के पर्यवेक्षण में जिला पुलिस लाईन में रक्षित निरीक्षक इनोद रंधावा के नेतृत्व में जिला अस्पताल आलीराजपुर के विशेषज्ञों द्वारा ईकाई के अधिकारियों/ कर्मचारियों का स्वास्थ परीक्षण किया , जिसमे प्रमुख रूप से शुगर की जांच, बीपी की जाँच,दाँतो की जाँच, हड्डीयों की जाँच और लिपिड टेस्ट लिया गया ।कुल 150 पुलिस कर्मियों के स्वास्थ की जाँच की गई , जिसमे हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर वाले 58 पुलिस कर्मियों को विशेषज्ञों की सलाह पर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराया जाकर जाँच के लिए भेजा गया तथा पुलिस कर्मियों को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करते हुए ३१ पुलिस कर्मियों द्वारा रक्तदान किया गया , जिन्हें पुलिस अधीक्षक एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टर द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाकर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा ।

## गणगौर उत्सव एवं ईद को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित

**बड़वानी।** आगामी गणगौर उत्सव एवं ईद को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन में दिनांक 18 मार्च 2026 को थाना पलसूद, जिला बड़वानी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी पलसूद, नायब तहसीलदार पलसूद आदित्य प्रताप सिंह, ग्रामीणजन, सरपंचगण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दिनांक 21 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले गणगौर उत्सव एवं ईद तथा दिनांक 27 मार्च 2026 को निकलने वाले जुलूस के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान तखत निकालने की व्यवस्था, निर्धारित मार्ग, समय एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया कि आयोजन के दौरान सभी आवश्यक अनुमतियां विधिवत प्राप्त की जाएं। साथ ही उपस्थित जनों को शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने, आपसी समन्वय बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की समझाइश दी गई।

## गली-मोहल्लों में गूंज रहे झालरिए

**सनावद/ढकलगांव**-निमाड़ के प्रसिद्ध पर्व गणगौर पर गली-मोहल्लों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। गुरुदयाल सेजगायां ने बताया कि गणगौर माता की आराधना सुमधुर निमाड़ी गीतों से की जा रही है। गली-मोहल्ले झालरिया गीतों से गूंज रहे हैं। बालिकाएं फूल पाती खेल रही हैं। माता की बाडियों में जाकर महिलाएं गीतों से आराधना कर रही है। ग्राम में बच्चों ने दुल्हा दुल्हन बनकर फूलपाती खेली।



## पर्व के लिए समस्त व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश

**बड़वानी।** आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व के मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बड़ी बिजासन माता मंदिर पहुँचकर दर्शन किए और परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## गोल्डन कलर लोकवन गेहूं नीलामी में 3030 रुपये बिका

**उज्जैन।** गोल्डन कलर लोकवन 3030 पूर्णा गोल्डन भरा हुआ दाना गेहूं 3030 रुपए के भाव से नीलाम हो गया। गेहूं के भाव इस समय किसानों को लाभ वाले मिल रहे हैं। 1 अप्रैल 2026 से समर्थन मूल्य बोनस सहित 2625 रुपए क्विंटल के भाव से खरीदी होगी। कारोबारी अच्छी क्वालिटी का गेहूं खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। महानगरों की खरीदी लाइन खुल चुकी है। साउथ महाराष्ट्र तरफ लोकवन गेहूं की गाड़ी लोड होकर जाने लगी है। हैदराबाद आटा मिल का व्यापार एक बार फिर खुलने से 25 से 30 गाड़ी लोड होकर भेजी जा रही है। 25 प्रतिशत आवक का गेहूं बाहर बिकने जा रहा है। 50 प्रतिशत का स्टाक हो रहा है।

## चारभुजा मंदिर से महिलाओं ने राजसी वेश में निकाला गणगौर माता का बाना



**उज्जैन।** विश्व ब्राह्मण समाज संघ महिला प्रकोष्ठ और अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद् मुंबई महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अवंतिपुरा स्थित श्री चारभुजा मंदिर से गणगौर माता का बाना निकाला गया। चल समारोह में बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ महिलाएं सोलह श्रृंगार कर राजसी परिधानों में शामिल हुईं। गणगौर पर्व पर महिलाओं ने माता गौरी और भगवान शंकर की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की। जुलूस के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य भी किया। इस मौके पर विश्व ब्राह्मण समाज संघ की राष्ट्रीय संयोजक सावित्री महंत सहित राष्ट्रीय महासचिव रत्ना शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष हेमलता बैरागी, नगर अध्यक्ष समीक्षा व्यास सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

# मुनि श्री विशोध सागर जी महाराज का हुआ मंगल आगमन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



त्यागियों की नगरी सनावद में मुनि श्री विशोध सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश आज प्रातःकाल कि मंगल बेला में हुवा।मीडिया प्रभारी सन्मति जैन काका ने बताया की आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज जी के शिष्य मुनि श्री विशोधसागर जी का मंगल विहार खण्डवा से सनावद नगर में हुवा। नगर में पूर्व से विराजमान आर्यिका आगम मति माताजी सहित सभी समाजजनों ने ढकलगांव फाटा खंडवा रोड पर पहुंचकर मुनि श्री की अगवानी में सम्मिलित होकर धर्म प्रभावना में सहयोगी बने। मुनि श्री ने नगर के जिन मंदिरों के दर्शन किए एवं श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में आचार्य श्री कुमुद नंदी जी महाराज एवं मुनि श्री विप्रणत सागर जी महाराज से प्रति नमोस्तु किया।

तत्पश्चात आपस में आचार्य श्री एवं मुनि श्री के बीच आध्यात्मिक चर्चा हुई। तत्पश्चात बड़े मंदिर के हॉल में प्रवचन सभा का शुभारंभ संगीता पाटोदी के मंगलाचरण से हुई। जिसमें सर्वप्रथम आर्यिका आगम मति माताजी ने अपनी देशना में कहा की जिस पर गुरु की कृपा बनी रह ती है उसका बाल भी बाका नहीं हो सकता हैं। सदैव बड़े बन के नही रहना सदैव छोटे बनकर ही अपना जीवन निर्वाह करना ओर अपनी आत्मा से परमात्मा बनना है। अगले क्रम में आचार्य श्री कुमुद नंदी जी महाराज ने कहा की जिस मनुष्य में ईमानदारी, वफादारी, समझदारी, जवाबदारी ये चारों गुण जिस मनुष्य में हैं उसका जीवन सार्थक है।एवं आचार्य श्री विप्रणत सागर जी महाराज ने दिव्य देशना में कहा की साधुओं के दर्शन भाग्य से मिलते हैं। साधु के दर्शन पुण्य से मिलते हैं। साधुओं के वंदना करने के भाव पुण्यात्मा जीवों के हुवा करते है। भगवान के प्रति नमोकार के प्रति तीर्थो के प्रति गुरुओं के प्रति हमारा जैसा समर्पण हुवा करता है उसे अनुसार फल की प्राप्ति होती है

इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे। आज के पावन अवसर पर आज आचार्य श्री कुमुद नंदी महाराज एवं आगम मति माताजी को आहार दान का सौभाग्य पाटनी ब्रदर्स परिवार एवं आचार्य श्री विप्रणत सागर जी एवं मुनि श्री विशोध सागर जी महाराज को आहारदान का सोभाग्य अरुण कुमार जैन खरगौन वाले परिवार को प्राप्त हुआ।

## नव वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर दो दिवसीय डॉ. हेडगेवार व्याख्यानमाला

**बड़वानी।** देश में 1947 को जो घटना घटी उसे समाज याद कर स्वाधीनता दिवस, स्वतंत्रता दिवस के रूप में याद करता है ओर ७५ वर्ष होने पर अमृत महोत्सव कह रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान लिखा व कहा कि यह संविधान ने आर्थिक व राजनीतिक स्वतंत्रता दी मगर सामाजिक स्वतंत्रता नहीं मिली। अंग्रेजो से स्वाधीन हुए, स्वतंत्रता नहीं मिली। कृत्रिम विकास अपने राष्ट्र के आधार पर उत्तम नहीं हो सकता, स्व आधारित मानसिकता का आधार स्वबोध है। स्व के आधार पर ध्यान देने से भारत दुनिया के प्रारंभिक देशों में अग्रणी हो सकता है। उक्त विचार नगर के साखी रिसॉर्ट में नव वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर आयोजित स्वामी अमूर्तनंदगिरी सेवा न्यास द्वारा आयोजित डॉ. हेडगेवार व्याख्यानमाला के प्रथम दिवस पर वक्ता श्री प्रवीण गुप्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र संपर्क प्रमुख द्वारा भारत पुनरुत्थान का आधार स्वबोध विषय पर अपना उद्बोधन दिया। श्री गुप्त ने रवींद्रनाथ टैगोर की पुस्तक स्वराज भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि पाश्चात्य की नकल के बजाय हमें अपने स्व के आधार पर ध्यान देना चाहिए। फ्रांस, इजराइल व जर्मनी का अपनी मातृभाषा के प्रति विशेष लगाव के कारण आज वह विश्व में अग्रणी देश है। हम भारत देश को भी चार सूत्रीय भाषा को महत्व देते हुए मातृभाषा, जिस प्रांत में रहते है वहां की बोली, संपर्क भाषा हिंदी व व्यापार की भाषा होनी चाहिए। देश में जो गलत नारेटिव बनाया गया है उसे ठीक करना होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, मातृशक्ति उपस्थित रहे। संचालन डॉ. नितिन पाटीदार व आभार सीए गरीमेश निमाड़े ने व्यक्त किया।

# जिले में 971 बालिकाओं को एच पी वी का वैक्सीनेशन लगाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है, महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए रतलाम जिले में निशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन 28 फरवरी से प्रारंभ होकर 90 दिन तक किया जाएगा । प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए पी सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 971 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया है। सिविल अस्पताल आलोट में 234, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में 129, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में 77, सिविल अस्पताल जावरा में 228, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलोदा में 185, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली में 50, बाल चिकित्सालय रतलाम में 82, मेडिकल कॉलेज रतलाम में 10, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में 76 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया है। वैक्सीनेशन के लिए ऐसी सभी बालिका जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया है एवं 15 जन्मदिन नहीं मनाया है, वे निशुल्क वैक्सीनेशन करवा सकती है । वैक्सीनेशन कराने के लिए यू विन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है या सीधे केंद्र पर आकर भी वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। वैक्सीनेशन के लिए आयु संबंधी कोई भी प्रमाण पत्र अथवा स्वयं के घोषणा पत्र के आधार पर भी सहजता से वैक्सीनेशन कराया जा सकता है।

सीएमएचओ ने शंका समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि कि एच पी वी वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित है।

यदि किसी के घर में कैंसर संबंधी कोई मरीज नहीं है, तब भी एच पी वी का वैक्सीनेशन कराया जाना आवश्यक है , ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। एचपीवी का टीका प्रजनन क्षमता को बिल्कुल प्रभावित नहीं करता है , एचपीवी का टीका मासिक धर्म पर कोई प्रभाव नहीं डालता है बल्कि मासिक धर्म होने के दौरान भी एच पी वी का टीका लगवाया जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का गार्डशील का एक बार वैक्सीनेशन करना पर्याप्त है।

एच पी वी का टीका सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में 93 से 100प्रतिशत तक प्रभावशीलता प्रदान करता है। सीएमएचओ सभी अभिभावकों से अपनी 14 वर्षीय बालिका का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निशुल्क एच पी वी वैक्सीनेशन करने की अपील की है।

# पेंशन प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को समय पर लाभ देना सुनिश्चित करे-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में आयोजित समय-सीमा सह अन्तरविभागीय समन्वय संबंधी बैठक में विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई।

.कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक पुराने और एल 3 व एल 4 स्तर पर लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

आगामी गुड़ी पड़वा पर्व के लिए कानून व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं हेतु संबंधित निकायों और एसडीएम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए ।

बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के सम्बंध में आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को समय-सीमा में मूल्यांकन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को पुस्तक मेला आयोजित करने और ३० मार्च तक आगामी सत्र की पुस्तकों के निर्धारित मानक की जांचने के निर्देश दिए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान का 19 मार्च से होगा प्रदेशव्यापी शुभारंभ**

बैठक में बताया गया कि आगामी 19 मार्च से पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। इस अभियान के तहत नवीन जल संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, जल संरचनाओं की सफाई एवं मरम्मत और मानसून पूर्व पौधारोपण की तैयारी की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पानी की कमी के कारण किसान तीसरी फसल नहीं ले पाते हैं, अतः जल संग्रहण पर विशेष कार्य करना होगा। इसके लिए हर ग्राम से सामाजिक लोगों को जोड़कर जनजागरूकता महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि जब तक समाज जल संरक्षण की इस मुहिम को अपना नहीं समझेगा, तब तक इसके दीर्घकालिक परिणाम नहीं मिलेंगे।इस अभियान के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों को समेकित प्रयास करने के निर्देश दिए हैं ताकि संसाधनों का सही उपयोग हो सके।.एचपीवी वैक्सीन के लिए समस्त एसडीएम माइक्रो योजना बना कर टीकाकरण के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

.सामाजिक न्याय विभाग को पेंशन के प्रकरणों में कोई दिलाई ना रखने के निर्देश दिए। .राजस्व विभाग को बड़े बकायादरों से राजस्व वसूली के निर्देश दिए, फार्मर रजिस्ट्री को बढ़ाने के निर्देश दिए .प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत शत-प्रतिशत पहली किस्त जारी करने और प्रत्येक पंचायत में लक्ष्य अनुसार दूसरी व तीसरी किस्त सुनिश्चित करने के निर्देश। गेहूं एवं चना उपार्जन के लिए केंद्रों पर पुख्ता व्यवस्था करने हेतु एसडीएम को निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला,अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश,एसडीएम बड़वानी श्री भूपेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में आये 60 आवेदन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जनसुनवाई करते हुये 60 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

**जनसुनवाई में आवेदन का हुआ निराकरण**

जनसुनवाई में ठीकरी नगर निवासी प्रमिला पिता कालू ने आवेदन दिया कि वे दिव्यांग होने के साथ बोल भी नही सकती है। अतः उनका यूडीआई कार्ड बनाया जाये जिससे उन्हे दिव्यांग पेंशन व अन्य आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हो सके। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन को सामाजिक न्याय विभाग को भेजा। आवेदन पर सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए महिला का यूडीआई कार्ड बनाकर दिया गया।

**दिलवाई जाये किसान सम्मान निधि**

जनसुनवाई में ग्राम आछली निवासी श्री राजु जाधव ने आवेदन देकर बताया कि उन्होने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया था जिसका पंजीयन क्रमांक एमपी एवं समग्र आयडी है। मुझे किसी कारण से प्रधानमंत्री किसान योजना की राशि जुलाई 2023 राशि प्राप्त नहीं हो रही है।

इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन को तहसीलदार सेंधवा को भेजकर त्वरित निराकरण करने के निर्देशित किया।

**खेत में जाने के लिये रास्ता दिलवाया जाये**

जनसुनवाई में ग्राम सेगावा आवली निवासी श्री पदमलाल पिता बाबुलाल काग ने आवेदन देकर बताया कि उनकी निजी भूमि पर आने - जाने में सार्वजनिक रास्ते के पास वालो द्वारा आये दिन विवाद किया जाता है। उक्त सार्वजनिक रास्ता का निर्माण एनव्हीडीए कार्यालय द्वारा डामरीकरण किया जा चुका है। फिर भी हमें खेत में आने-जाने में विवाद करते रहते है। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर ने आवेदन को एनव्हीडीए बड़वानी के कार्यपालन यंत्री को भेजकर उक्त रास्ते का निरीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिये गये ।

## जिला पंचायत सीईओ कूमट नेकिया नरवाई प्रबंधन के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट ने सोमवार दोपहर सम्राट विक्रमादित?य प्रशासनिक संकुल भवन से नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के नरवाई प्रबंधन प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नरवाई प्रबंधन प्रचार रथ जिले के कृषकों को नरवाई प्रबंधन अपनाने और खेत और पर्यावरण को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से बचाने के संबंध में जागरुक करेगा। इस अवसर पर किसान कल?याण तथा कृषि विभाग के उप संचालक श्री यू.एस. तोमर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।



## प्रशिक्षण में दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**उज्जैन।** जन अभियान परिषद के चिंतामन जवासिया सेक्टर में ग्राम प्रस्फुटन और नगर विकास समितियों का एकदिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण हुआ। इसमें जिला समन्वयक जय दीक्षित ने ग्राम विकास में प्रस्फुटन समितियों की भूमि को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने ग्रामीण स्वावलंबन, रोजगार, स्वास्थ्य संरक्षण, बाल एवं मातृ स्वास्थ्य और नवांकुर सखी जैसी योजनाओं की जानकारी दी। विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने शासन की योजनाओं, समितियों के अभिलेखक, कार्य और प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया समझाई। डॉ. शीतल कुमार ने ग्रामीण उद्यमिता पर विकास का मॉडल रखा। जल संरक्षण समिति की मनोरमा शर्मा ने ग्रामीण जल संरक्षण योजनाओं पर जानकारी दी।

## शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में निःशुल्क मॉक इंटरव्यू होंगे

**उज्जैन ।** म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 में चयनित उम्मीदवारों के लिए विषय भूगोल का निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) आगामी 9 अप्रैल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी का निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) आगामी ०७ अप्रैल को कार्यालय शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किया जाएगा।निशुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय में आगामी ०२ अप्रैल तक आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र सांवेर रोड दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर म.प्र. में जमा कर सकते हैं।

# आधुनिक खेती में महिलाओं का बढ़ता कदम, आगर की रीना बनीं ड्रोन सखी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



आधुनिक तकनीक अब ग्रामीण भारत की महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की नई उड़ान दे रही है। आगर जिले के ग्राम थडोदा की रीना चंदेल इसका प्रेरक उदाहरण हैं। आजीविका मिशन और नाफेड के सहयोग से प्राप्त ड्रोन संचालन प्रशिक्षण ने रीना को न केवल नई पहचान दी, बल्कि उन्हें गांव-गांव में आधुनिक खेती की अग्रदूत बना दिया है। अब रीना ड्रोन तकनीक के माध्यम से किसानों के खेतों में स्प्रे कर रही हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेती-किसानी के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रीना ने जिले में किसानों के खेतों तक ड्रोन तकनीक पहुंचाने का काम शुरू किया। वह स्वयं ड्रोन का संचालन करती हैं और खेतों में कीटनाशक व पोषक तत्वों का स्प्रे करती हैं। खरीफ सीजन में रीना ने ४२ किसानों की लगभग 121 एकड़ जमीन पर ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया और प्रति एकड़ 500 रुपये की दर से सेवा प्रदान की। वहीं रबी सीजन में उन्होंने 56किसानों की लगभग 156 एकड़ जमीन पर ड्रोन स्प्रे कर आधुनिक कृषि पद्धति को बढ़ावा दिया।

रीना की सक्रियता और मेहनत को देखते हुए कृषि विभाग ने उन्हें कृषि सखीज्ञ की जिम्मेदारी भी सौंपी है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के बाद वह समूह की महिलाओं और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दे रही हैं। इस कार्य के लिए उन्हें विभाग की ओर से प्रतिमाह ५ हजार रुपये का मानदेय भी दिया जा रहा है।

रीना चंदेल की कहानी यह दशार्ती है कि यदि अवसर और प्रशिक्षण मिले तो ग्रामीण महिलाएं भी तकनीक के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर सकती हैं। ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक के उपयोग से उन्होंने न केवल अपनी आय का स्त्रोत बढ़ाया है, बल्कि किसानों को भी समय और श्रम की बचत के साथ बेहतर खेती की दिशा दिखाई है।

आज रीना अपने गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उनकी यह सफलता बताती है कि बदलते समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आधुनिक तकनीक को अपनाकर गांव और खेती दोनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

आधुनिक तकनीक अब ग्रामीण भारत की महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की नई उड़ान दे रही है। आगर जिले के ग्राम थडोदा की रीना चंदेल इसका प्रेरक उदाहरण हैं। आजीविका मिशन और नाफेड के सहयोग से प्राप्त ड्रोन संचालन प्रशिक्षण ने रीना को न केवल नई पहचान दी, बल्कि उन्हें गांव-गांव में आधुनिक खेती की अग्रदूत बना दिया है। अब रीना ड्रोन तकनीक के माध्यम से किसानों के खेतों में स्प्रे कर रही हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेती-किसानी के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रीना ने जिले में किसानों के खेतों तक ड्रोन तकनीक पहुंचाने का काम शुरू किया। वह स्वयं ड्रोन का संचालन करती हैं और खेतों में कीटनाशक व पोषक तत्वों का स्प्रे करती हैं। खरीफ सीजन में रीना ने ४२ किसानों की लगभग १२१ एकड़ जमीन पर ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया और प्रति एकड़ ५०० रुपये की दर से सेवा प्रदान की। वहीं रबी सीजन में उन्होंने ५६ किसानों की लगभग १५६ एकड़ जमीन पर ड्रोन स्प्रे कर आधुनिक कृषि पद्धति को बढ़ावा दिया।

रीना की सक्रियता और मेहनत को देखते हुए कृषि विभाग ने उन्हें च्कृषि सखी की जिम्मेदारी भी सौंपी है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के बाद वह समूह की महिलाओं और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दे रही हैं। इस कार्य के लिए उन्हें विभाग की ओर से प्रतिमाह 5 हजार रुपये का मानदेय भी दिया जा रहा है।

## न्यूज -कॉलम

### 3 दोस्तों की मौत के जिम्मेदार आयशर चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** उन्हेल-नागदा मार्ग पर ग्राम गोयला बुजुर्ग और ढाबला के बीच मंगलवार सुबह हुई कार और आयशर के बीच हुई भिड़त में अब्दालपुरा के रहने वाले देवेन्द्र जोशी, कैलाश शर्मा और सिंधी कालोनी निवासी सुरेश नवलानी की मौत हो गई थी। तीनों मृतकों का साथी प्रवेश मारोठिया निवासी इंद्रानगर घायल हुआ था। भैरवगढ़ पुलिस ने मृतकों के पोस्टमार्टम कराने के बाद दुर्घटना के बाद आयशर क्रमांक एमपी 13 जीबी 0341 छोड़कर भागे चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धारा 281, 125-ए, 106 (1) में प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार सवार चारों दोस्त सांवरिया सेठ दर्शन करने जा रहे थे। उसी दौरान तेजगति से आई लहसुन से भरी आयशर ने टक्कर मारी थी।

### बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीण पर लोहे के पल्टे से हमला

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम जहांगीपुर में रहने वाले कैलाश पिता शोभाराम परिहार 38 साल पर मंगलवार-बुधवार रात ग्राम में रहने वाले हलवाई नरेन्द्र ने लोहे के पल्टे से हमला कर दिया। नरेन्द्र ने जाति सूचक शब्द कहे। कैलाश को गंभीर चोंट लगने पर परिजन उसे उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मामले में मारपीट के साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। घायल कैलाश ने बताया कि वह बस स्टेंड पर रात में बीडी लेने गया था। जहां नरेन्द्र और गांव के एक व्यक्ति के बीच विवाद हो रहा था। दोनों को झगड़ा करते देख बीच-बचाव करने पहुंचा तो नशे में धुत्त नरेन्द्र ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### सिमलावदा के शराब तस्कर ने कबूला मुख्य आरोपी का नाम



**उज्जैन।** भाटपलाना थाना क्षेत्र की रूनिजा चौपाटी से घेराबंदी में रविवार-सोमवार रात इको कार क्रमांक एमपी 43 झेडजी 5449 से शराब तस्करी कर रहे रतलाम के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सिमलावदा में रहने वाले प्रेमसिंह उर्फ पिंटू बंजारा को पुलिस ने गिरफ्तार कर 200 बोतल देशी-विदेशी शराब की बरामद की थी। तस्कार को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। बुधवार को रिमांड अवधि खत्म होने से पहले तस्कर ने मुख्य शराब तस्कर सतीश चौधरी निवासी धार का नाम कबूल कर लिया। 2 दिनों तक वह लगातार पुलिस को बरगला रहा था। कभी कानवन से लाना तो कभी इंदौर से शराब लाना बता रहा था। रिमांड खत्म होने पर भाटपचलाना थाना पुलिस ने बुधवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। विदित हो कि तस्कर से 1.13 लाख की शराब और 6 लाख कीमत की कार जप्त की गई थी।

### रास्ता रोक अज्ञात आरोपियों ने युवक से की मारपीट

**उज्जैन।** नागदा के राम सराय मार्ग पर रहने वाला विजयसिंह पिता बालमुकुंद राठौर 47 साल रात में सब्जी मंडी नीलामी स्थल से घर लौट रहा था। उसी दौरान 2 से 3 अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया और बिना कारण मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। विजयसिंह ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पहचान के लिये मंडी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पहचान करने की बात कहीं है।

### नवाखेडा में परिवार के 2 पक्षों में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** नानाखेडा थाना क्षेत्र के इंदौररोड स्थित ग्राम नवाखेडा में रहने वाले शिवा पिता रमेश नाथ बामनिया 32 साल और पप्पू उर्फ अमरनाथ बामनिया 45 साल के बीच मामूली बात पर कहासुनी हो गई। दोनों ने गाली-गलौच करते हुए एक-दूसरे के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पप्पूनाथ के साथ मारपीट होती देख बाबूराम भी आ गया। दोनो ओर से हुई मारपीट में एक पक्ष से बाबूराम और पप्पू को चोंट आई। दूसरी ओर से शिवा घायल हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

### कार-बाइक की टक्कर में नाबालिग घायल

**उज्जैन।** ग्राम नारेला और कलमोडा के बीच कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार 17 वर्षीय आर्यन पिता भैरूलाल रेशमिया निवासी ग्राम सिकन्दरखेडा घायल हो गया। वह पिता के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इंगोरिया थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 368-7 | 480-2 |
| मेन बाजार | 259-6 | 370-0 |
| कल्याण नाइट | 137-1 | 567-8 |
| मिलन डे | 126-9 | 459-8 |
| मिलन नाइट | 150-6 | 248-4 |
| मधुर डे | 259-6 | 678-4 |
| मधुर नाइट | 234-9 | 678-1 |
| शुभांक | 1 6 0 | |

भूतड़ी अमावस्या का नहान निपटा,घाटों पर गंदगी समेटी...

# आज घाट पर सूर्य को अर्द्धय देकर नववर्ष का शंखनाद

## ग्रामीण श्रद्धालु बडी संख्या में शहर आए, कालियादेह पैलेस 52 कुंड पर मेला लगा







दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बुधवार को भूतडी अमावस्या का नहान करने ग्रामीण क्षेत्रों से बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिप्रा के अनेक घाटों पर स्नान किया है। मुख्य केंद्र कालियादेह पैलेस 52 कुंड पर रहा । गुरूवार को नवसंवत्सर के अवसर पर शिप्रा के रामघाट पर सूर्योदय को अर्ध्य दिया जाएगा। नव वर्ष गुडीपडवा का शंखनाद होगा।

बुधवार को शहर में ग्रामीण श्रद्धालुओं की गहमागहमी रही है। बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन तक पुरी तरह से खचाखच भरे रहे हैं। मालवा में भूतडी अमावस्या के स्नान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूझान रहता है। मान्यता अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों से तंत्र के जानकार एवं ओझाओं के साथ कई ग्रामीण कालियादेह पैलेस पर स्नान करने पहुंचे और यहां बूरी आत्माओं के लिए पूजन भी किया गया।

**घूमे और झूमे भी-** ग्रामीण क्षेत्रों से कई ग्रामीण ओझाओं एवं तंत्र मंत्र के जानकारों के साथ आए और कालियादेह पैलेस 52 कुंड में इस दौरान उनमें से कुछ ग्रामीण पानी में जाने के बाद झूमने लगे। इस दौरान साथ आए ओझाओं ने ऐसे लोगों से पूजन अर्चन करवाया एवं उसके उपरांत बूरी आत्मा के प्रभाव से मुक्ति का दावा भी किया। मान्यता अनुसार भूतड़ी अमावस्या पर बावन कुंड में डूबकी लगाने से भूत-प्रेत बाधाओं से मुक्ति मिलती है। बावन कुंड का नजारा कुछ ऐसा रहा कि यहां प्रेत बाधाओं से पीडति लोगों को यहां बने कुंड में स्नान करवाया गया। इनमें से कोई अपनी जीभ निकालकर झूमते हुए कुंड में डूबकी लगा रहा था तो कुछ के हाथ में तलवार दिखाई दी। अधिकांश ग्रामीणों ने यहां शिप्रा के जल में स्नान किया और देव दर्शन करते हुए दान पुण्य किया। सुबह से शिप्रा के रामघाट एवं अन्य घाटों पर भी बडी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान कर देव दर्शन किए हैं।

**बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर रही भीड-** ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड मंगलवार रात से बढने लगी थी। बुधवार सुबह होने के साथ ही यह श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा अच्छा खासा हो गया था। पुराने शहर के गोपाल मंदिर एवं शिप्रा किनारे के हिस्सों में श्रद्धालुओं की संख्या अच्छी खासी देखी गई। वापसी के लिए भी बस स्टैंड क्षेत्र में दिन भर ग्रामीण श्रद्धालुओं की संख्या बढने से बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खचाखच भरकर रवाना होती रही। लोकल ट्रेनों के लिए भी बडी संख्या में ग्रामीण स्टेशन पर पहुंच रहे थे। स्टेशन पर भी इनकी काफी संख्या रही है।

**तर्पण के लिए पहुंचे श्रद्धालु-**चैत्र महीने की अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। इसे भूतड़ी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता अनुसार मंगलवार से ही सिद्धवट एवं गया कोटा तीर्थ पर पितरों का श्राद्ध और तर्पग करने से लिए श्रद्धालु पहुंच रहे थे। बुधवार को अमावस्या के योग में भी परिवार में सुख समृद्धि और पितृ दोष से मुक्ति के लिए इन स्थानों पर पितरों का श्राद्ध एवं तर्पण किया गया है।

**निगम आयुक्त पहुंचे घाट-**बुधवार को अमावस्या स्नान के उपरांत नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शिप्रा तट पहुंचे और उन्होंने घाट पर उज्जयिनी गौरव दिवस विक्रम उत्सव 2026 के तहत सृष्टि आरंभ दिवस के अंतर्गत गुरूवार को यहां आयोजन की तैयारी देखी। उन्होंने अधिकारीयो को निर्देशित किया कि नगर पालिक निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत 50 से अधिक सफाई मित्रों द्वारा स्वच्छ शिप्रा कवच के रूप में घाटों की सफाई व्यवस्था कर स्वच्छता का संदेश दिया जाए, घाट पर विशेष सफाई व्यवस्था के साथ जीरो वेस्ट के अंतर्गत पॉलीथिन, दोना, अमानक डिस्पोजल घाटों पर कपड़े धोना प्रतिबंधित करें, घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए सूचना संकेतक, वस्त्र बदलने का स्थान, चलित शौचालय का प्रबंध किया जाए, विद्युत पोल पर अनावश्यक तार हटाने, दीवारों पर वॉल पेंटिंग स्वच्छता स्लोगन, श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सफाई मित्रों एवं आउटसोर्स सफाई मित्रों से चर्चा की। गुढी पड़वा पर रामघाट एवं दत्त अखाड़ा सहित समस्त घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिए। अमावस्या पर्व के अवसर पर रामघाट का महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अवलोकन किया गया अवलोकन में महापौर मुकेश टटवाल ने स्वास्थ निरीक्षक को निर्देशित किया कि घाट पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए वस्त्र, पूजन सामग्री को शीघ्र सफाई कर घाट को स्वच्छ किया जाए ।

# शराब के साथ पकड़ाये युवक के पास मिली नकली पिस्टल, बाइक की गई जब्त

## धमकाने के लिये करता था उपयोग, बाइक की गई जप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



बाइक सवार के पास अवैध शराब होने की खबर मिलने पर उसे गिरफ्तार करने के लिये पुलिस ने नाकाबंदी की। युवक को पकडा गया तो शराब के साथ उसके पास से पिस्टल बरामद हुई, जो नकली होना सामने आई।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात खबर मिली थी कि रूनिजा की ओर से बाइक क्रमांक एमपी 11 एमडब्ल्यू 7892 पर सवार युवक झोले में शराब छुपाकर भाटपचलाना की ओर आ रहा है। युवक को पकडने के लिये एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक हरगोविंदसिंह, आरक्षक जीवन जाट, सुंदरलाल भंवर, राजेश सोयल और हितेश निम्बोला के साथ रूनिजा मार्ग बडी पुलिया के पास नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद बाइक सवार आता दिखाई दिया। जिसके पास डबल डायमंड चायपत्ती का झोला था। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकडा गया। झोले में कच्ची जहरीली शराब की केन रखी पाई गई। शराब के साथ बाइक को जप्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम दीपक पिता रतनलाल नरवरिया निवासी नागदा कानवन सामने आया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49 ए का प्रकरण दर्ज किया गया।

### कमर में छुपाकर रखी थी नकली पिस्टल

बताया जा रहा है कि आरोपी युवक को शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद थाने लाकर प्रकरण दर्ज किया गया और रात में लॉकअप में बंद करने से पहले उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से कमर में छुपाकर रखी पिस्टल बरामद हुई। जो लोहे की होकर नकली सामने आई। पिस्टल के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने कबूला कि वह लोगों को धमकाने के लिये पिस्टल रखता है। जानकारी यह भी सामने आई कि आरोपी का ससुराल भी भाटपचलाना में है। वह काफी समय से कच्ची जहरीली शराब बेचने का काम कर रहा है। जिसे पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

# धार्मिक ग्रंथ की पढ़ाई करने वाले छात्र ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** ईसाई समाज के धार्मिक ग्रंथ की पढ़ाई करने वाले छात्र ने मंगलवार-बुधवार रात फांसी लगा ली। उसे साथी छात्रों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि आगररोड स्थित ग्राम चककमेड में ईसाई समाज का कॉलेज रूहालय बना हुआ है। जहां धार्मिक ग्रंथ की पढ़ाई करने वाले केरल के छात्र मैथ्यू पिता जोसेफ 22 साल के फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया और मामले में मर्ग कायम किया गया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव केरल ले जाया गया है। एसआई के अनुसार प्रारंभिक जांच के दौरान कॉलेज के अन्य छात्रों से जानकारी लेने पर पता चला कि पढ़ाई को लेकर तनाव में था। संभवत- इसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। कॉलेज शिक्षकों और छात्रों के बयान दर्ज किये जायेंगे।

### शीतला माता मंदिर स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण निकलेगी 125 मीटर लंबी भव्य चुनरी

**नीमच।** शहर के त्रिमूर्ति नगर और गणपति नगर स्थित माँ शीतला माता मंदिर की स्थापना के 10 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में आगामी 22 मार्च, रविवार को एक भव्य और ऐतिहासिक चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नवदुर्गा महिला मण्डल की अध्यक्ष पुष्पा सिसोदिया एवं सचिव बेला सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए 125 मीटर लंबी चुनरी माता रानी को अर्पित की जाएगी। यह यात्रा दोपहर 3:30 बजे खेल मैदान परिसर (गैस गोदाम क्षेत्र, वार्ड नं. 8) से शुरू होगी। यह ऐतिहासिक यात्रा गणपति नगर और त्रिमूर्ति नगर के मुख्य मार्गों सहित इंदिरा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए पुनः माँ शीतला माता मंदिर पहुंचेगी। यहाँ विधि-विधान से पूजन-अर्चन के पश्चात माताजी को चुनरी ओडाई जाएगी और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

तीन साल में हर 15 दिन में एक शिकायत,मजमा वही हर बार एक -दो बिंदु बदले...

# संभागीय आयुष अधिकारी बनाम गुमनाम शिकायतों का लक्ष्य

## शिकायतों में आरोप सूचीबद्ध ,लेकिन शिकायतकर्ता सामने आने को तैयार नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

संभागीय आयुष अधिकारी डा. ज्योति पांचाल बनाम गुमनाम शिकायतों का लक्ष्य बना हुआ है पिछले तीन साल में हर 15 दिन में एक शिकायत उनकी हुई है। शिकायत का मजमा वही रहता है हर बार एक -दो बिंदु उसमें बदले हुए रहते हैं। शिकायतों के आरोप फेहरिस्तवार हैं लेकिन कोई भी सामने आने को तैयार नहीं है। एक बार फिर से गंभीर आरोपों के साथ यह शिकायत हुई है। शिकायतों को डा. पांचाल ने सिरे से नकार दिया और कहा कि विभागीय वरिष्ठालय को स्वयं जांच का निवेदन हर बार किया गया है। उनका कहना है कि व्यक्तिगत बचाव के लिए कतिपय स्तर पर ऐसा किया जा रहा है।

संभागीय आयुष अधिकारी को लेकर एक बार फिर शिकायतों का मजमून प्रशासनिक स्तर पर छाया हुआ है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संभागायुक्त और समाचार पत्रों को शिकायत का मजमून भेजा गया है। इसमें उन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यहां तक की विभागीय आयुक्त की विडियो कांफ्रेंस की अवहेलना का आरोप भी शामिल है।

### ये आरोप लगाए गुमनाम शिकायत में

प्रभारी संभागीय अधिकारी का मूल पद जिला आयुष अधिकारी का है। इंदौर से अपडाउन कर रही है दिखावे के लिए एक शासकीय फ्लेट ले रखा है । कर्मचारियों व अधिकारियों के काम प्रभावित हो रहे हैं। कम्पाउण्डर को संभागीय कार्यालय में अटेच कर रखा है। उसके पास समस्त शाखाओं के दायित्व हैं। उसके मार्फत आर्थिक शोषण को अंजाम दिया जा रहा है। 24 अक्टूबर को आयुक्त आयुष की विडियो कॉन्फेसिंग में अनुपस्थित रही बैठक खत्म होते समय गोलमोल झूठे जवाब दिए गए। औषधालयों को बंद करवाना की कार्य पद्धति । औषधालयों की व्यवस्थाओं को बिगाड रही। कागज पर झूठी ओपीडी बढाने का दबाव ।वरिष्ठ अधिकारियों के नाम से विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारियों पर दबाव। सीआर बिगाडने की धमकी । जिला अधिकारियों द्वारा भेजी गई सीआर में स्वार्थ के लिए सुधार कर रही । जिला आयुष अधिकारियों को भी सीआर खराब करने की धमकीकुछ नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों से ज्वॉइनिंग / वेतन निकालने को लेकर दबाव की स्थिति। कर्मचारियों के समयमान वेतनमान लगाने को लेकर भी आर्थिक शोषण के आरोप लगाए गए हैं। इस शिकायत की एक प्रति दैनिक अवंतिका को भी प्रेषित की गई है। शिकायत में डॉ. पांचाल के कृत्यों की जॉच कर पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग रखी गई है।

**पिछले तीन सालों से हर 15 दिन में शिकायत-** शिकायत में लगे आरोपों को संभागीय आयुष अधिकारी डा.ज्योति पांचाल ने सिरे से नकारते हुए कहा कि गुमनाम एवं अज्ञात शिकायत पर वरिष्ठालय से निर्देश स्पष्ट हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में हैं कि मेरा मुख्यालय पर निवास है। जो चिकित्सक डयूटी पर नहीं जाते हैं उन पर कार्रवाई की जाना शासन पक्ष को मजबूत किया जाना है। कार्यालय में कर्मचारी की मांग को देखते हुए वरिष्ठालय के संज्ञान में लाकर ही कर्मचारी से संभागीय कार्यालय में कार्य लिया जा रहा है। पुराने कर्मचारी कंम्प्यूटर पर काम करने में सक्षम नहीं होने की स्थिति में ऐसा किया गया। तीन वर्षों से कर्मचारी की मांग लंबित है। 2 बाबू की डयूटी जनगणना के कार्य में लगी है।डा. पांचाल के अनुसार जब से वे यहां पदस्थ हुई हैं उसके बाद से ही हर 15 दिन में एक शिकायत उनकी की जा रही है मजमून हर बार एक सा होता है उसके एक-दो बिंदु बदल दिए जाते हैं। इन गुमनाम शिकायतों की जांच के लिए उन्होंने स्वयं ही मुख्यालय को अपनी और से पत्र लिखा है। हाल की शिकायत के लिए आयुक्त आयुष विभाग को भी अवगत करवाते हुए पुलिस अधीक्षक को भी इससे संबंधित पत्र दिया गया है।

# संसार का संचालित होना



एक बार एक साधक ने प्रश्न किया, बाबा, मनुष्य जीवन का उद्देश्य क्या है? हम जिस संसार में रहते हैं, वह असंख्य रूपों और रंगों से भरा हुआ है। पर्वत, नदियां, वन, पशु-पक्षी, मनुष्य, विचार, भावनाएं- सब कुछ अलग-अलग दिखाई देता है। प्रकृति का यह वैविध्य इतना व्यापक है कि पहली दृष्टि में यही लगता है, मानो दुनिया असंख्य स्वतंत्र शक्तियों से संचालित हो रही हो। हालांकि, भारतीय दर्शन कहता है कि इस समूची सृष्टि के पीछे एक ही परम चेतना कार्य कर रही है। वही चेतना, जिसे परम पुरुष, परम ब्रह्म या सर्वोच्च सत्ता कहा गया है। यही वह मूल आधार है, जिससे सृष्टि उत्पन्न होती है, जिसके सहारे वह चलती है और अंततः जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। प्राचीन वैदिक वाक्य एको ही रुद्रः न द्वितीयाय इसी सत्य को प्रकट करता है, जिसका अर्थ है कि केवल एक ही परम सत्ता है। संसार में दिखाई देने वाले सभी रूप उसी एक सत्ता की अभिव्यक्तियां हैं।

सृष्टि के प्रारंभ में केवल वही एक अस्तित्व था- न कोई नाम था, न रूप। जब उसकी इच्छा से सृजन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, तब प्रकृति के माध्यम से विविधता का विस्तार होने लगा। इसी प्रक्रिया में धीरे-धीरे ब्रह्मांड का निर्माण हुआ और अनगिनत रूप सामने आए। प्रकृति के पांच मूलभूत तत्व- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी, इस सृजन-प्रवाह के प्रारंभिक आधार बने। इन्हीं तत्वों के संयोजन से ग्रह, नक्षत्र, पर्वत, नदियां और वन बने। समय के साथ विकास हुआ और सूक्ष्म जीवाणुओं से लेकर जटिल जीवों तक का क्रम बना। इसी विकास-यात्रा में पौधे, पशु और अंततः मनुष्य का उदय हुआ। मानव जीवन का महत्व इसी कारण विशेष है कि उसमें सोचने, समझने व सत्य की खोज करने की क्षमता है। मनुष्य उस मूल चेतना को जानने और अनुभव करने की क्षमता रखता है, जिससे यह सृष्टि उत्पन्न हुई है। कई लोग सृष्टि के कारण के रूप में समय, प्रकृति, भाग्य या पदार्थ को मानते हैं। हालांकि, ये सभी केवल अभिव्यक्तियां हैं, अंतिम सत्य नहीं। ब्रह्मांड का मूल कारण वही परम चेतना है, जो सबके पीछे सक्रिय है। आध्यात्मिक साधना का उद्देश्य भी इसी सत्य को अनुभव करना है। जब मनुष्य साधना, भक्ति और आत्मचिंतन के माध्यम से अपने भीतर झांकता है, तो उसे धीरे-धीरे यह अनुभव होने लगता है कि वह केवल शरीर या मन तक सीमित नहीं है। उसके भीतर एक गहरी चेतना प्रवाहित हो रही है, जो अनंत और आनंदमय है। ऐसी अनुभूति व्यक्ति को आंतरिक शांति प्रदान करती है। उसका मन स्थिर होने लगता है और जीवन के संघर्ष भी भारी नहीं लगते। यही अनुभव उसको आंतरिक संतुलन, शांति और आनंद की ओर ले जाता है।

www.awantika.com

**सम्पादकीय**

## अस्पताल पर हमला

रमजान के पाक महीने में काबुल में यह कत्लेआम इंसानियत पर ऐसा हमला है, जिसे भुलाया न जा सकेगा। पाकिस्तान ने हमला दो हजार बिस्तर वाले एक ऐसे बड़े अस्पताल पर किया, जहां हजार से ज्यादा मरीज अपना इलाज करा रहे थे। यह अफगानिस्तान का शायद सबसे बड़ा नशा मुक्ति केंद्र भी है। यहां नशा छोड़ने और नई जिंदगी की उम्मीद लिए भर्ती मरीजों का ऐसा बेरहम अंत बेहद दुखद और निंदनीय है। तालिबान के एक प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तानी हवाई हमले में 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह हमला रात के नौ बजे हुआ, जब मरीज सो चुके थे या सोने की तैयारी में थे। हमले में 250 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मतलब, मृतकों की संख्या बढ़ना तय है। पाकिस्तान के इस हमले से अफगानिस्तान में नाराजगी का जो आलम होगा, उससे दोनों देशों के बीच रिश्ते शायद लंबे समय तक सुधर न पाएंगे। हमले का ही नतीजा है कि तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने एलान कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ अब कोई कूटनीति या बातचीत नहीं होगी। इशारा साफ है, तालिबान जवाबी कार्रवाई करेगा।

वास्तव में, पाकिस्तान के पास वायु सेना है, जबकि अफगानिस्तान इस मामले में बेहद कमजोर है। अफगानिस्तान के पास मिसाइलें हैं, पर विमान नहीं हैं। यह हमला उसके लिए एक सबक है, किसी भी देश को फिजूल की चीजों से बचते हुए सबसे पहले अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करना चाहिए। युद्ध केवल इरादे से नहीं, इंतजाम से लड़े जाते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मौजूदा तनाव की पहली घटना 27 फरवरी को सामने आई थी, जब पाकिस्तानी हवाई हमलों में अफगानिस्तान के 22 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों में कम से कम 12 पाकिस्तानी सैनिकों की भी मौत हुई थी, पर उसके बाद के 24 घंटे में 274 तालिबानी अधिकारी व लड़ाके मारे गए थे। पाकिस्तानी हमले का सिलसिला टूट नहीं रहा है और तालिबान भी अपनी सीमा में नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के अलावा आतंकियों की आवाजाही भी तनाव का कारण बनी हुई है। सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि अस्पताल पर हमले से तनाव में इजाफा ही होगा। दोनों ही देशों से रणनीतिक संबंध रखने वाले चीन ने अभी 12 मार्च को दोनों को संयम बरतने का पैगाम दिया था, लेकिन पाकिस्तान ने शायद इस पैगाम को अनसुना कर दिया।

### हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा एवं नवरात्रि

## मातृशक्ति, राष्ट्रभाव और भारतीय संस्कृति की अमर चेतना

जब विश्व की अनेक प्राचीन सभ्यताएँ समय के प्रवाह में विलीन हो गईं, तब भी भारत की संस्कृति आज उतनी ही जीवंत, जाग्रत और प्रेरणादायी बनी हुई है। इसका कारण केवल इसका प्राचीन इतिहास या विशाल भूभाग नहीं, बल्कि वह गहरी सांस्कृतिक चेतना है, जिसकी जड़ें मातृत्व, शक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों में निहित हैं। भारतीय जीवन-दृष्टि में शक्ति का अर्थ केवल सामर्थ्य नहीं, बल्कि संरक्षण, करुणा, सृजन और संतुलन की वह शक्ति है जो समाज को दिशा देती है। यही कारण है कि भारत में शक्ति की उपासना केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक दर्शन है–और इसी दर्शन का विराट उत्सव है नवरात्रि।



अमित राव (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति का मूल स्वर यदि किसी एक भाव में व्यक्त किया जाए तो वह है–मातृत्व और शक्ति का सम्मान। यहाँ मातृभूमि को केवल भूमि नहीं माना गया,बल्कि उसे माँ के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है–ह्लजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।ह्व अर्थात माँ और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से भी बढ़कर है। यह वाक्य भारतीय संस्कृति की उस गहरी भावना को व्यक्त करता है जिसमें मातृत्व और राष्ट्रभाव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि भारतवासी अपनी भूमि को भारत माता कहकर संबोधित करते हैं और उसकी रक्षा व सम्मान को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानते हैं।

विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिन सभ्यताओं की नींव केवल सत्ता, वैभव और भौतिक उपलब्धियों पर टिकी थी,वे समय के साथ समाप्त हो गईं। किंतु भारत की सभ्यता आज भी जीवंत है,क्योंकि इसकी जड़ें आध्यात्मिक मूल्यों,नैतिक आदर्शों और सांस्कृतिक परंपराओं में निहित हैं। यहाँ समाज का आधार केवल व्यवस्था या शासन नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन-दर्शन रहे हैं। यही कारण है कि हजारों वर्षों के आक्रमणों,संघर्षों और राजनीतिक परिवर्तनों के बावजूद भारत की सांस्कृतिक चेतना अक्षुण्ण बनी रही।

भारत का इतिहास ऐसे असंख्य बलिदानों से भरा पड़ा है जहाँ वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का हँसते-हँसते बलिदान कर दिया। इन बलिदानों के पीछे केवल राष्ट्रभक्ति ही नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति वही भाव था जो एक पुत्र अपनी माँ के प्रति अनुभव करता है। यही भाव इस राष्ट्र की शक्ति का वास्तविक स्रोत रहा है।इस महान परंपरा के निर्माण और संरक्षण में भारतीय नारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। भारतीय समाज में स्त्री को केवल परिवार की आधारशिला नहीं माना गया,बल्कि उसे शक्ति,संस्कार और प्रेरणा का स्रोत माना गया है। इतिहास में अनेक ऐसी महान नारियाँ हुई हैं जिन्होंने अपने साहस,त्याग और दूरदर्शिता से राष्ट्र और समाज को नई दिशा दी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता राजमाता जीजाबाई के संस्कारों की निर्णायक भूमिका रही। उन्होंने बालक शिवाजी के मन में राष्ट्रप्रेम,स्वाभिमान और धर्मरक्षा की भावना का बीजारोपण किया। इसी प्रकार देवी अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म और लोककल्याण का ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया,जो आज भी सुशासन की प्रेरणा देता है। भारतीय इतिहास में रानी लक्ष्मीबाई का नाम अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने जिस वीरता और आत्मबल का परिचय दिया,वह आज भी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसी प्रकार रानी दुर्गावती ने वीरता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया और सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा और सामाजिक सुधार के माध्यम से समाज में जागरूकता का दीप प्रज्वलित किया। इन सभी उदाहरणों में भारतीय नारी का वह विराट स्वरूप दिखाई देता है जिसमें ममता,करुणा,साहस और संकल्प का अद्भुत समन्वय है।

भारतीय दर्शन में शक्ति को सृष्टि का मूल तत्व माना गया है। शिव और शक्ति के समन्वय से ही सृष्टि की गति संभव मानी गई है। इसी दार्शनिक विचार को जीवंत करने वाला महान पर्व है नवरात्रि। यह केवल देवी की आराधना का उत्सव नहीं,बल्कि आत्मशक्ति के जागरण और जीवन मूल्यों के पुनर्स्मरण का अवसर है।

नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। ये स्वरूप केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं हैं,बल्कि मानव जीवन के आदर्श मूल्यों–श्रद्धा,साहस,धैर्य, संयम,करुणा और न्याय–का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रकार नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि वास्तविक शक्ति केवल बाहरी सामर्थ्य में नहीं,बल्कि चरित्र,संयम और आत्मबल में निहित होती है।

भारतीय परंपरा में नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी शुभारंभ होता है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में यह पर्व गुड़ी पड़वा के रूप में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन घरों के बाहर स्थापित की जाने वाली गुड़ी विजय, समृद्धि और नई शुरूआत का प्रतीक मानी जाती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि हर नया आरंभ आशा, विश्वास और सकारात्मकता के साथ होना चाहिए।आज के आधुनिक युग में भी नवरात्रि का यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। आज भारतीय नारी शिक्षा,विज्ञान,प्रशासन,राजनीति,खेल और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही है। वह नई संभावनाओं का निर्माण करते हुए राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही वह परिवार और समाज की जिम्मेदारियों का संतुलन भी अत्यंत दक्षता के साथ निभा रही है। यही संतुलन उस वास्तविक शक्ति का प्रतीक है जिसकी उपासना भारतीय संस्कृति सदियों से करती आई है।भारत की एक और विशेषता उसकी विविधता में एकता है। विभिन्न भाषाएँ,धर्म,जातियाँ और परंपराएँ होते हुए भी भारत एक सांस्कृतिक सूत्र में बंधा हुआ दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि यहाँ की संस्कृति का आधार मातृत्व, सहअस्तित्व और समन्वय का भाव है। नवरात्रि का यह महापर्व हमें स्मरण कराता है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं में निहित होती है। जब समाज अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, तब वह किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम होता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम नवरात्रि के इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश को केवल उत्सवों तक सीमित न रखें,बल्कि उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। मातृशक्ति के सम्मान,राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता के आदर्शों को यदि हम अपने व्यवहार और संस्कारों में उतार सकें,तो यही इस पर्व की वास्तविक सार्थकता होगी।क्योंकि अंततः किसी राष्ट्र की महानता केवल उसकी आर्थिक प्रगति या भौतिक उपलब्धियों से नहीं मापी जाती,बल्कि उसकी संस्कृति,उसके मूल्यों और उसके समाज की चेतना से मापी जाती है।

### भारतीय नववर्ष- गुड़ी पड़वा


## मालवा में मालवी दिवस के रूप में मनाया जाता है

नववर्ष संपूर्ण विश्व में एक उत्सव की भांति मनाया जाता है । विभिन्न देश पृथक-पृथक तिथियों एवं दिन को नव वर्ष के रूप में मनाते हैं ।इसी तारतम्य में भारतीय नववर्ष चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है जिसे नव संवत्सर कहा जाता है । इस बार नव संवत्सर 2 अप्रैल, 2079 शनिवार से प्रारंभ हो रहा है और भारत के विभिन्न राज्यों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है । जैसे- महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, तमिलनाडु में युगादि, कश्मीर में नवरेह, कर्नाटक में उगादि, मणिपुर में साजिबु नोगमा पानबा या मेतरोई चेइराओबा, विक्रम संवत आदि । इसी प्रकार विभिन्न संप्रदायों में भी यह अलग-अलग नामों से (जैसे चेटीचंड, मालवा में मालवी दिवस) मनाया जाता है । सामान्यतः संपूर्ण भारत में इसका नाम नव संवत्सर या गुड़ी पड़वा ही प्रचलित है । गुड़ी पड़वा का अर्थ होता है विजय पताका । संवत्सर के भी पांच प्रकार हैं- सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास । नव संवत्सर मनाने के पीछे अनेक मान्यताएं प्रचलित है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था । इसलिए इस दिन को नव संवत्सर के रूप में मनाया जाता है । इतिहास अनुसार माना जाता है कि चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकों का पराभव इसी दिन किया था जिसे विजय के प्रतीक रूप में मनाया जाता है और इसे उनके नाम पर विक्रम संवत भी कहा जाता है। विक्रम संवत में 12 मास यथा-चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद (भादो), अश्विन (क्वांर), कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन होते हैं। देखा जाएं तो चैत्र मास ऐसा महिना है जिसमें वृक्ष और लताएं फलती-फूलती हैं जो जीवन का मुख्य आधार है । इन वृक्षों और लताओं को सोमरस चंद्रमा से प्राप्त होता है तथा शुक्ल प्रतिपदा को चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना गया है इसलिए इस दिन को वर्ष आरंभ माना जाता है। कई लोगों की मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम ने वानर राज बाली के अत्याचारी शासन से दक्षिण की प्रजा को मुक्ति दिलाई थी जिसे प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज (गुड़ियां) फहराएं थे ।



हेमलता शर्मा (दैनिक अवन्तिका)

### पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 19 मार्च 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:36 सूर्यास्त 18:34
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - अमावस्या 06:53 उपरांत एकम 04:52 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 04:05 उपरांत रेवती
योग - शुक्ल 25:17 उपरांत ब्रह्म
करण - नाग
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 29 तारिख

**मेष-** बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**वृषभ-** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में स्त्रियां सावधानी रखें।

**मिथुन-** जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कर्क-** करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी।

**सिंह-** धन का नुकसान या कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा।

**कन्या-** दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा।

**तुला-** कुसंगति से बचें, हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक-** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**धनु-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर-** निवेश में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। जरूरी वस्तु गुम हो सकती है।

**कुंभ-** समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मीन-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545**

**समसामयिक**

## विक्रम संवत्सर 2083

गुडी पडवा गुडी पडवा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा।



चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुडी पडवा गुडी पडवा।
यह पर्व है कितने गर्व का, यह दिन है कितने हर्ष का।
शुभारंभ हुआ है इस दिन नव संवत्सर नव वर्ष का।
हिन्दु नव वर्ष का सनातन नव वर्ष का।
बधाई हो बधाई हिन्दू नये साल की, सनातन के नये साल की।
गुडी पडवा से ही बडी नवरात्रि का शुभारंभ होता है।
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही दुर्गा नवरात्रि का श्रीगणेश होता है।
यह समय है पूजा प्रार्थना का, साधना आराधना का।
व्रत का उपवास का मैया की अरदास का।
अध्ययन चितन मनन पठन पाठन विचार-विमर्श का।
यह पर्व है कितने गर्व का, यह दिन है कितने हर्ष का।
शुभारंभ हुआ है इस दिन नव संवत्सर नव वर्ष का।
हिन्दु नव वर्ष का सनातन नव वर्ष का।
बधाई हो बधाई, हिन्दू नये साल की सनातन के नये साल की।
सत्य सकल सुखधाम का, आनंद कंद अभिराम का।
चैत्र नवरात्रि में ही जन्म हुआ था प्रभु राम का।
दुर्गा नवमी को ही राम नवमी मनाई जाती है।
भगवा ध्वज लहराया जाता घर घर गुडी बनाई जाती है।
दिव्यता का भव्यता का शुभता का श्रेष्ठता का विजय और उत्कर्ष का।
यह पर्व है कितने गर्व का, यह दिन है कितने हर्ष का।
शुभारंभ हुआ है इस दिन नव संवत्सर नव वर्ष का।
हिन्दु नव वर्ष का सनातन नव वर्ष का।
बधाई हो बधाई,



सूरज उज्जैनी (दैनिक अवन्तिका)

## माँ बगलामुखी की महिमा

लखुंदर नदी का पावन तट, भक्ति का सागर अपार,
विश्व विख्यात माँ बगलामुखी धाम नलखेड़ा की जय-जयकार।
नवरात्रि की पावन बेला में जागे शक्ति का विस्तार,
माँ बगलामुखी की महिमा से जगमग हो संसार।
लखुंदर नदी का पावन तट, भक्ति का सागर अपार,
ढोल-नगाड़ों की गूंज उठे,मन्दिर में जय-जयकार।
भक्ति-दीप से जगमग हो,हर घर-आँगन द्वार।
शक्ति,भक्ति और साहस का यह अनुपम उपहार
माँ की कृपा से मिट जाए,जीवन का अंधकार।
विश्व विख्यात माँ बगलामुखी धाम, नलखेड़ा की जय- जयकार।
नलखेड़ा की पावन धरा पर सजता दिव्य दरबार।
लखुंदर नदी की लहरें भी गाएँ जय माँ बार-बार,
नवरात्रि का यह पर्व बने शक्ति का अवतार।
आओ मिलकर शीश झुकाएँ, करें माँ का गुणगान,
विश्व प्रसिद्ध बगलामुखी धाम बने श्रद्धा की पहचान।
नलखेड़ा की पावन नगरी का गूंजे जय- जयकार,
माँ की कृपा से उज्वल हो जीवन और संसार।

**मुकेश चौरसिया नलखेड़ा**

## स्वास्थ्य एवं धार्मिक दृष्टि से विशेष है नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का आरंभ सृष्टि की रचना व युग की गणना का दिवस होने से भारतीय नववर्ष गुड़ी पड़वा का प्रारम्भ माना जाता है। इसी दिन विक्रम संवत 2083 का आरंभ माना जावेगा। इस वर्ष प्रतिपदा का क्षय होने से चैत्र कृष्ण 30 गुरुवार तारीख 19 मार्च 2026 को नवसंवत्सर प्रारम्भ होगा। अतः 19 मार्च गुरुवार 2026 को प्रातः 8 बजे उपरांत शुभ मुहूर्त में घट स्थापना रेवती नक्षत्र मीन राशि में करके गुड़ी पड़वा पर्व मनावें। शास्त्रों में इसके महत्व का वर्णन निम्नानुसार है- हमारे नये वर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही होता है। चैत्र मास जगद्ह्मा संसृजे प्रथमेऽहनि ब्रह्माजी ने चैत्र मास के इसी दिन से ही सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। सतयुग जो कि चारों युगों का आदियुग है. का निर्माण मी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को हुआ था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को युगादि तिथि कहते है। इसे ही चेटीचण्ड महोत्सव कहा जाता है। इसी दिन झूलेलाल जी व माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। आज के दिन भगवान श्रीराम ने अत्याचारी शासक बाली का वध कर प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलायी थी। बाली के अत्याचारों से मुक्त प्रजा ने विजय ध्वज (गुड़ी) फहराकर उत्सव मनाया था। इस लिए नवसंवत्सर की प्रथम तिथि गुड़ी पड़वा के नाम से जाना जाता है।



पं.शिवेशचंद्र त्रिवेदी (दैनिक अवन्तिका)

ब्रह्मपुराण - कृतेच प्रभवे चैत्रे प्रतिप्रच्छुल्क पक्षगो।
मत्स्यरूपम कुमार्याञ्च अवतीर्णो स्वयं हरि ।।

सतयुग में चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा को स्वयं भगवान विष्णु ने मत्स्यरूप अवतार लिया था। सृष्टि संरक्षक प्रभु विष्णुजी द्वारा संसार के परित्राण के लिए राक्षसों द्वारा समुद्र में डूबा दी गई पृथ्वी को समुद्र से बाहर लाने के लिए मत्स्य यो रूप में इसी दिन प्रथमावतार धारण करने के कारण यह दिन भारत के लिए ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व के इतिहास से संबद्ध होने से पूरे विश्व के लिए इसका महत्व है।

इसीलिए हमारे देश में इस महत्वपूर्ण पर्व को राष्ट्रीय पर्व के रूप में एवं धार्मिक रूप से बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। शक्ति सम्प्रदाय के अनुसार इसी दिन से वासन्त नवरात्रि का शुभारंभ होता है। इसी दिन से नौ दिन तक देवताओं ने रावण के अत्याचार से त्रस्त होकर भगवान विष्णु की शरण में जाकर उनकी उपासना की थी। देवताओं की प्रार्थना व उपासना से प्रसन्न होकर भगवान विष्णुजी चैत्र शुक्ल नवमी को दोपहर में अयोध्या में राजा दशरथ के यहाँ पुत्र के रूप में अवतरित हुए एवं रावण सहित सभी राक्षसों का सर्वनाश कर पृथ्वी को रावण के अत्याचारों से मुक्त कर दिया। इसीलिए इसी दिन से नो दिन तक अर्थात दिनांक 19.03.2026 को घटस्थापना कर रामायण पाठ, दुर्गा सप्तशती एवं रामरक्षा स्तोत्र का पाठ प्रारंभ किये जाने की परम्परा है एवं चैत्र शुक्ल नवमी गुरुवार दिनांक 27.03.2026 को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम व श्रद्धा से अयोध्या के साथ-साथ पूरे देश में मनाया जायेगा । एक मान्यता के अनुसार ये 9 दिन सभी प्रकार के रोगों को नष्ट करने व निरोगिता के लिए चमत्कारी माने गये हैं। इन 9 दिनों तक किसी भी रोग के निवारण हेतु व स्वास्थ्य की मंगल कामना के लिए नीम की पत्ती पानी में उबालकर उस पानी से स्नान करना चाहिये और नीम की पत्तियों खाना चाहिये और खिलाना भी चाहिये।

साथ ही - मरीचि लवणम हिंगु जीरकेन संयुक्तम। गुड़, नीम, अजमोदादियुतम चैव भक्षयेद्रोग शान्तये ।।

अर्थात इन नौ दिनों में रोज स्नानादि से निवृत्त होकर नीम की पत्ती, कालीमिर्च, नमक, हिंग, जीरा, अजवाईन को पीसकर गुड़ के साथ गोलियाँ बनाकर एक-दो गोली नित्य पानी से रोज सेवन करने से वर्ष भर कोई भी रोग नहीं होता व सभी लोग स्वस्थ व निरोगी बने रहते हैं। **नोट-** पं. त्रिवेदी स्वयं जो एक प्रख्यात वैद्य भी हैं, ये गोलियाँ तैयार करके सभी को 9 दिन तक निःशुल्क वितरित करते हैं।

**धर्म-आस्था**

## देशभर में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है नवसंवत्सर

भारतीय संस्कृति में नवसंवत्सर केवल एक तिथि का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन की नई दिशा का उद्घोष है। यह वह क्षण होता है जब प्रकृति, समाज और मनुष्य तीनों एक साथ नवचेतना का अनुभव करते हैं। वसंत की मधुर हवाएँ, वृक्षों पर फूटती नई कोपलें और खेतों में लहराती हरियाली इस बात का संकेत देती हैं कि सृष्टि स्वयं नए चक्र में प्रवेश कर चुकी है। इसी प्राकृतिक और आध्यात्मिक सामंजस्य के साथ देशभर में नवसंवत्सर को विविध नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

भारत की सांस्कृतिक विविधता इस पर्व में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। दक्षिण भारत में इसे युगादि के रूप में मनाया जाता है। इस नाम का अर्थ ही है–युग का आरंभ। यह संकेत करता है कि समय का नया चक्र प्रारंभ हो रहा है और मनुष्य को भी अपने जीवन में नवीन संकल्पों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इसी प्रकार महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा कहा जाता है, जहाँ घरों के द्वार पर गुड़ी स्थापित कर विजय, समृद्धि और उज्वल भविष्य की कामना की जाती है। यह परंपरा यह भी दशार्ती है कि जीवन में आशा और विश्वास का ध्वज सदैव ऊँचा रहना चाहिए। कश्मीर में नवसंवत्सर नवरेह के नाम से जाना जाता है, जो नवजागरण और नई दृष्टि का प्रतीक है। यहाँ इस पर्व के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि मनुष्य को अपने विचारों और कर्मों में नयापन लाना चाहिए। पंजाब में इसे बैसाखी के रूप में मनाया जाता है, जो कृषि जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह समय नई फसल के आगमन का होता है, इसलिए इसे श्रम, परिश्रम और प्रकृति के आशीर्वाद के उत्सव के रूप में देखा जाता है।

पूर्वी भारत में यही पर्व पोइला बैशाख के रूप में लोकजीवन में उल्लास भरता है, जबकि उत्तर भारत में इसे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के रूप में धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-पाठ के साथ मनाया जाता है। इन सभी नामों और परंपराओं के पीछे एक ही मूल भावना कार्य करती है–जीवन के नए अध्याय का स्वागत और अतीत के अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ने का संकल्प। इस प्रकार नवसंवत्सर भारतीय एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का सजीव उदाहरण बन जाता है। इस पर्व का एक विशेष आयाम कड़वे-माठे प्रसाद की परंपरा में भी दिखाई देता है। कई स्थानों पर नीम और गुड़ का मिश्रण या अन्य कड़वे-मिठास से युक्त पदार्थ ग्रहण किया जाता है। इसका गहरा सांकेतिक अर्थ है कि जीवन केवल सुखद अनुभवों से नहीं बना होता, बल्कि संघर्ष, कठिनाइयों और अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता है। जब मनुष्य इन कड़वे-माठे अनुभवों को संतुलन के साथ स्वीकार करता है, तभी वह परिपक्वता और आत्मबल की ओर अग्रसर होता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन सृष्टि के निर्माण का प्रारंभ माना गया है। यह विश्वास मनुष्य को यह प्रेरणा देता है कि हर वर्ष का यह पहला दिन उसके लिए भी सृजन और आत्मपरिवर्तन का अवसर बन सकता है। इसी कारण इस दिन दान-पुण्य, सत्संग और आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व बताया गया है। लोग अपने घरों को सजाते हैं, मंदिरों में जाकर प्रार्थना करते हैं और परिवार तथा समाज के साथ मिलकर इस नए आरंभ का उत्सव मनाते हैं।

नवसंवत्सर का वैज्ञानिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह समय शीत ऋतु के अंत और उष्ण ऋतु के आगमन का संकेत देता है। प्रकृति में यह संक्रमण काल ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। मानव शरीर और मन भी इस परिवर्तन से प्रभावित होते हैं, इसलिए भारतीय ऋषियों ने इस काल को नवजीवन और नवसंकल्प के लिए सर्वश्रेष्ठ माना। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि जीवन का संतुलन तभी संभव है जब हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखें।

आज के तेज गति वाले आधुनिक जीवन में नवसंवत्सर का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। यह हमें ठहरकर आत्ममंथन करने का अवसर देता है–यह सोचने का अवसर कि हमने पिछले वर्ष में क्या खोया और क्या पाया, तथा आने वाले समय में किन मूल्यों को अपनाकर जीवन को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है। यदि हम इस पर्व को केवल औपचारिकता न मानकर उसके भावार्थ को समझें, तो यह हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,56,200, रवा- 1,56,000 चांदी- टंच- 2,53,300 पाट- 2,55,200।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चला कर रेल्वे फाटक बूम किया क्षति ग्रस्त

**महिदपुर रोड।** महिदपुर रोड से नागदा सड़क मार्ग के बीच मुंबई दिल्ली ब्राड गेज रेल्वे ट्रैक पर निर्मित रेल्वे समपार फाटक क्रमांक 3 पर मंगलवार की शाम को नाग दा से महिदपुर रोड की और गेहूं का भूसा लेने जा रहे एक ट्रक के ड्रायव्हर ने अपने ट्रक को लापरवापूर्वक चलाते हुए रेल्वे फाटक का बूम (यातायात अवरोधक) क्षतिग्रस्त कर दिया जिसके चलते दोपहर 3,.20 से शा म 6:20 तक पूरे 3 घंटे सड़क या तायात अवरूद्ध रहा रेल्वे के सिग्नल डिपार्टमेंट इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने लगातार कार्य करते हुए रेल्वे फाटक के बूम को वापस दुरुस्त किया इसी बीच यात्री बसें मोटर सायकिलें तथा अन्य छोटे-मोटे वाहन रोहल खुर्द डेलनपुर होते हुए आते जाते रहे रेल्वे पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचने का प्रकरण दर्ज करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया।

## टोडरमल जयंती पर निकले जुलूस का समाजों को प्रमुखों ने किया स्वागत



**महिदपुर रोड।** मंगलवार को ग्राम खारूआ कलां में टोडरमल जयंती पर पोरवाल समाज ने अपने आराध्य की शोभायात्रा निकाली। नीम चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा ने पूरे गांव में भ्रमण किया आयोजन में श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता पंडित सुनील कृष्ण व्यास समाज जनों के आग्रह पर वि शेष रूप से शामिल हुए पंडित सु नील कृष्ण व्यास तथा रथ में विराजित टोडरमल जी के चित्र का विभिन्न समाजों के प्रमुखों संस्थाओं के प्रमुखों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा तथा शीतल जल पिला कर स्वागत सम्मान किया गया। चल समारोह के जुलूस में बालिका बनी राधा समीक्षा पोरवाल खारूआ कलां तथा बालिका राधि का पोरवाल (महिदपुर रोड) बने कृष्ण विशेष आकर्षण का केंद्र रहे बड़ी संख्या में शोभायात्रा में ब ड़ी संख्या में महिलाओं युवाओं ने भी शामिल होकर अपना सामाजिक दायित्व निभाया शोभा यात्रा चल समारोह समापन पर टोडरमल जी की महा आरती संपन्न हुई इसके उ परांत समाज जनों का सहभोज हुआ आयोजन में महिदपुर रोड कसारी मंडावल तथा अन्य आसपास के गांवों के समाज जन भी समारोह में शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष विनोद पोरवाल ने बताया मंगलवार के आयोजन में समाज के वरिष्ठ मदन लाल पोर वाल, घनश्याम पोरवाल, ओम प्रकाश पोरवाल, प्रभु लाल पोरवाल सहित महिला मंडल एवं सभी समाज जनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत 11 हितग्राहियों को मुर्रा भैंस वितरित



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार एवं उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. समर सिंह राठौर के मार्गदर्शन में मंगलवार मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत विकासखंड राघौगढ़ के सहरिया वर्ग के 11 हितग्राहियों को एक-एक मुर्रा भैंस प्रदाय की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत गुना की कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत भैंसों का तीन समय दुग्ध मापन किया गया, जिसमें प्रतिदिन 8 लीटर या उससे अधिक दूध उत्पादन करने वाली भैंसों का चयन कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. राधवेन्द्र नरवरिया, डॉ. हरवीर धाकरे एवं डॉ. आशीष सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेन्द्र सिंह सैमिल द्वारा किया गया। फोटो 01

## न्यायाधीश श्री जोशी उज्जैन स्थानांतरित

**महिदपुर।** द्वितीय एडिशनल डिस्ट्रिक्ट & सेशन जज सुशील कुमार जोशी का स्थानांतरण उज्जैन एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज के पद पर हो गया है ।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

देवास में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पर एफआईआर का विरोध

# रात 1.30 बजे तक धरने पर बैठे कांग्रेसी, सड़क पर किया भोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौहान और एक अन्य युवक पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात 1:30 बजे तक उज्जैन रोड चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया, जिसके बाद सीएसपी ने उन्हें 48 घंटे में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार शाम से ही धरने पर बैठ गए थे। कांग्रेस कमेटी ने उज्जैन रोड चौराहे स्थित भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष यह विरोध प्रदर्शन किया।

यह धरना रात डेढ़ बजे तक चला, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर ही भोजन भी किया।



### देर रात सीएसपी को सौंपा आवेदन

देर रात कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम और ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सीएसपी सुमित अग्रवाल से मिलने पहुंचे। उन्होंने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पर दर्ज मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सीएसपी को एक आवेदन सौंपा। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर दबाव में आकर यह कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

### जांच नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने बताया कि पुलिस ने उन्हें धरना समाप्त करने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 48 घंटे में मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है।

चौधरी ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों में निष्पक्ष जांच नहीं होती है, तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

### कार्रवाई तथ्यों पर आधारित-सीएसपी

सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि कांग्रेस के लोगों द्वारा रात में एक आवेदन दिया गया है, जिसमें जांच की मांग की गई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मामले में निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है। सीएसपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह से तथ्यों के आधार पर थी।

एचपीवी वैक्सीन को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

## महिलाओं को कानूनी व स्वास्थ्य की जानकारी दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



तहसील स्तर शुजालपुर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन फ्रीगंज क्षेत्र स्थित आंगनवाड़ी वार्ड क्रमांक 23 में किया गया। कार्यक्रम में जिला जज सपना पोर्ते मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, गुड टच बैड टच, बाल विवाह तथा वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए आवश्यक कानूनी सलाह दी। जिला जज पोर्ते ने महिलाओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को भी यह वैक्सीन लगवाया है, जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में उमंग काउंसलर अरुणा परमार ने कहा कि लोगों को भ्रांतियों में नहीं आना चाहिए और समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाना चाहिए, क्योंकि यह सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सुरक्षा कवच का कार्य करती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा ने अभिभावकों से अपील की कि वे 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीन लगवाएं। वहीं एएनएम सरस्वती एवं राघौगंज स्कूल स्टाफ ने भी टीकाकरण से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ममता परमार एवं मनीषा दवे ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बेटियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समय पर टीकाकरण कराएं। कार्यक्रम में बताया गया कि सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर मंडी में यह वैक्सीन उपलब्ध है। कार्यक्रम के अंत में सहायिका बसंती ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।



## जनसुनवाई में सुनी गयी आमजनों की समस्याएँ, अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश

**गुना।** शासन के निदेर्शानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। मंगलवार विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 183 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह 19 अप्रैल को कपिलेश्वर धाम सारंगपुर में होगा

**सारंगपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत गरीब, जरूरतमंद और बेसहारा परिवारों की बेटियों के लिए शासन द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। मप्र शासन के निर्देश पर सारंगपुर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में यह आयोजन आगामी माह 19 अप्रैल को किया जाएगा। आवेदन पत्र जमा करने की शुरूआत 25 मार्च से होगी और आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 है।



## तीसवें दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित

**महिदपुर ।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार नरेश शर्मा की बेटी आकांक्षा शर्मा को सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय से टूजूलॉजी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उज्जैन के माधव भवन में आयोजित 30वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा दो गोल्ड मेडल व डिग्री देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर नगरवासियों ने बधाई दी। जानकारी सचिन भंडारी ने दी।

## आदर्श रामलीला का आयोजन दंगवाड़ा में आज से होगा

**इंगोरिया।** हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम दंग वाडा में आदर्श रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है । ग्राम के युवा कलाकारों द्वारा परंपरागत रामलीला का मंचन किया जाता है। इस वर्ष इस धार्मिक आयोजन को 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 19 मार्च गुरुवार को रामलीला की शुरूआत नारद मोह और प्रताप भानु की कथा से होगी। आगामी नौ दिनों में राम _रावण जन्म, ताड़का वध, धनुष यज्ञ, रावण_ बाणासुर संवाद, राम जानकी विवाह,, राम वनवास, राम भरत मिलाप, सीता हरण, बाली वध, लंका दहन अंगद रावण संवाद राम और रावण के युद्ध के साथ ही 28 मार्च को दशहरा पर श्री राम राज्याभिषेक का मंचन होगा। स्थानीय युवा मंडल के सदस्य ही रामायण के पात्रों का अभिनय करते हैं। रामायण की चौपाइयों पर आधारित कथानक पर पात्र जीवंत अभिनय से सजी रामलीला देखने आसपास के लोग देर रात तक डटे रहते हैं। आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष सेवाराम दौतड़ है कई वर्षों तक इन्होंने रामलीला में भगवान श्री राम का अभिनय किया था और सीता का पात्र अभिनित करने वाले सेवाराम पांचाल वर्तमान में मंडल के संयोजक हैं। इन 100 वर्षों के दौरान कई पात्रों का देवलोक गमन हो गया है। रावण का पात्र अभिनित करने वाले रमेश चंद्र जी लश्करी, रामायण पाठ कर्ता रामचंद्र काकाजी आदि बुजुर्ग कार्यकर्ता हमारे बीच नहीं रहे परयुवा पीढ़ी ने इस परंपरा को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया है।



## सोनगरा के निधन पर शोक व्यक्त

**महिदपुर।** नगर के प्रमुख होजरी एवं किराना व्यवसायी माणकलाल सोनगरा का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने समय के प्रसिद्ध होजरी एवं टोपी व्यवसायी रहे। दीपावली, दशहरा और ईद जैसे त्योहारों पर उनकी दुकान पर टोपी खरीदने वालों की भारी भीड़ रहती थी। उस समय स्कूल हो या त्यौहार, टोपी पहनना शुभ माना जाता था और खुले सिर रहना उचित नहीं समझा जाता था। समय के बदलाव के साथ जब लोगों में टोपी का प्रचलन कम हुआ, तब उन्होंने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के व्यापार में अपनी पहचान बनाई। जीवन के अंतिम चरण में वे एक बड़े किराना व्यवसायी के रूप में स्थापित हुए। जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हुए उन्होंने सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत किया और वे ह्यमाणक भाईजीह्व के नाम से सभी के बीच लोकप्रिय रहे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर एवं क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इनमें डॉ. अशोक चोपड़ा, डॉ. विपुल धाड़ीवाल, एडवोकेट भगवान सिंह पंवार, अजय चोपड़ा, रमेश गदिया, शांतिलाल छजलानी, महेश जोशी, जवाहर डोसी, जैनेंद्र खेमसरा, विजय सारडा, मुकेश बांठिया, कल्पेश धोखा, पार्षद सुदीप चोपड़ा, अशोक मेहता, अमृत नासकावाला सहित अन्य प्रमुखजन उपस्थित रहे।



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पप्पू शर्मा पिता श्यामलाल शर्मा, निवासी 261, मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन देवास कृषक ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तह. व जिला उज्जैन की माता मालतीबाई का निधन हो जाने के उपरांत मेरे पक्षकार के पिता श्यामलाल पिता बद्रीलाल शर्मा ने शारदाबाई से द्वितीय विवाह किया है, शारदाबाई मेरे पक्षकार की विमाता है। मेरे पक्षकार का पुश्तैनी कृषि खाता सर्वे नं. 547 (एस) रकबा 0.10 हे., 548 (एस) रकबा 0.21 हे., 785 (एस) रकबा 0.04 हे., 1188/3 (एस) रकबा 0. 04 हे., एवं 1191/3 (एस) रकबा 0.03 हे., कुल किता 5 कुल रकबा 0.42 हे. मेरे पक्षकार के पिता श्यामलाल पिता बद्रीलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। इसी प्रकार सर्वे नं. 549 (एस) रकबा 1.46 हे. एवं 550 (एस) रकबा 0.26 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 1.72 हे. पूर्व में मेरे पक्षकार के पिता श्यामालालजी के नाम पर ही दर्ज थी, किन्तु मेरे पक्षकार के पिता ने यह जमीन मेरे पक्षकार की विमाता शारदाबाई पति श्यामलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज करवा दी है। मेरे पक्षकार के पिता श्यामलाल स्वयं के अंशपूर्ते भूमि को पूर्व में ही विक्रय कर चुके है मौके पर केवल मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि शेष है, मेरे पक्षकार के पिता ने कर्ता खानदान की हैसियत से सम्पूर्ण कृषि खाते पर स्वयं का नामांरण करवा लिया था किन्तु उपरोक्त दोनो कृषि खाते मेरे पक्षकार के पुश्तैनी कृषि खाते है। मेरे पक्षकार के पिता श्यामलाल एवं विमाता शारदाबाई हाल निवासी ग्राम बेटमा तह. व जिला धार स्वयं के नामांतरण का बेजा लाभ उठाते हुए मेरे पक्षकार के उपरोक्त दोनो कृषि खाते को विक्रय करने के सौदे कर रहे है। जबकि उक्त कृषि खातों में मेरे पक्षकार का जन्मतः मालिकाना हित अधिकार एवं स्वामित्व है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, या निकाय द्वारा ऐसा कोई सौदा उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में किया जाता है तो ऐसा सौदा मेरे पक्षकार के हितो के विपरित होकर, ऐसा सौदा उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा। सूचित हो। दिनांक 18/03/2026

**देवाशीष शास्त्री हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालयः 70, एम.आई.जी.**
**इंदिरानगर आगर रोड़ उज्जैन मो.नं. 9926964774**

In The Court Of XII Civil Judge Class-I, District Court, Inodre Presiding Officer:
**चैतन्य अनुभव चौबे**
**संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MIC SUC 37/2026.)
**वनिता वालिया**
**Vs**
**सर्वसाधारण व अन्य**

Process Id-
**पेशी दिनांकः 13/05/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वनिता वालिया पत्नि स्व० श्री बलजीत वालिया निवासी 9/4 गली नंबर 5 मनोरमागंज सेंट पॉल स्कूल के पास इंदौर म०प्र० ने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13.05.2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13.05.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**चैतन्य अनुभव चौबे**
**बारहवे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड**
**जिला न्यायालय इंदौर मप्र**

**टिप्पणीः -**
**कृपया ध्यान देः- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भवन क्रमांक-33 का उत्तर वाला भाग एवं भवन क्रमांक 34 का दक्षिण दिशा वाला भाग नया भवन क्रमांक 3/33 व 34/1 अरिहंत नगर (अरविंद नगर के पास) हीरामिल रोड उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 101.25 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति प्रकाशचंद्र पोरवाल पिता मुन्नालाल पोरवाल ने रजिस्टर्ड हक-त्याग पत्र क्रमांक MP17IGR18842025A101199692 दिनांक 29/12/2025 के माध्यम से नीलेश पोरवाल पिता प्रकाशचंद्र पोरवाल को की है। उपरोक्त सम्पत्ति पर नीलेश पोरवाल पिता प्रकाशचंद्र पोरवाल द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 18/03/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
**सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महानंदा नगर आवासीय योजना के अंतर्गत भवन / भूखण्ड क्र. ए-28/21 'जी' श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. श्री महेश शर्मा पिता श्री बाबूलाल शर्मा निवासी- महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दर्ज है।

आवंटी /मु.आ के द्वारा उक्त सम्पति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण श्रीमती अंजली श्रीवास पति श्री चेतन श्रीवास निवासी- ए-28/20 एफ महानंदानगर उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः आवंटी/मु.आ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन / मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विक्रय / अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड शाखा 48 कमला नेहरू मार्ग फ्रींगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पुराना भवन क्रमांक 1/275, नया म्यु. क्रमांक 21 का भाग स्थित मालीपुरा लक्ष्मीबाई मार्ग पथ न. 2 उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 44.19 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- आम रास्ता पार्टी न. 01 के भवन का पूर्वी भाग, पश्चिम मे- दुधतलाई मैदान, उत्तर मे- पार्टी न. 01 का भाग एवं हिरालाल जी का भवन, दक्षिण मे- कुंवरजी पीरा का भवन स्थित है। उक्त संपत्ति गोदावरी बाई पडीयार पति स्व. श्री बद्रीलाल, कोमल परमार पति प्रकाश, श्रीमति चंद्रकांता चैहान पति श्री पुरूषोत्तम, श्रीमति गायत्री देवी हरोड़ पति श्री सुरेश हरोड़, करूणा गेहलोत पति रामगोपाल जी पुत्रीगण स्व. श्री बद्रीलाल एवं दिनेश पडीयार, शैलेन्द्र पडीयार एवं सोमेश्वर पडीयार पिता स्व. श्री बद्रीलाल को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है। एवं गोदावरी बाई पडीयार आदि ने हकत्याग पत्र क्रमांक MP432022024A1437019 दिनांक 01/04/2024 को शैलेन्द्र पडीयार एवं सोमेश्वर पडीयार पिता स्व. श्री बद्रीलाल के हित में निष्पादित किया। एवं शैलेन्द्र पडीयार एवं सोमेश्वर पडीयार ने विभाजन पत्र क्रमांक MP432022024A1816360 दिनांक 26/04/2024 के माध्यम से पश्चिम दिशा वाला भाग शैलेन्द्र पडीयार ने प्राप्त किया। एवं शैलेन्द्र ने अपने भाग पर ऋण प्राप्त करने हेतु उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड आवेदन किया है। तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति बंधक करने जा रहे है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**

## गुड़ी पड़वा पर ट्रैफिक प्लान सख्त

**उज्जैन।** आज गुड़ी पड़वा (हिंदू नववर्ष) और 'नगर गौरव दिवस' के अवसर पर शहर में बढ़ने वाली भीड़ और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए नगर निगम ने हरिफाटक ब्रिज के नीचे लगने वाले पारंपरिक गुरुवारिया हाट बाजार को आज स्थगित करने का निर्णय लिया है। प्रशासन का कहना है कि यह कदम पूरी तरह से भीड़ प्रबंधन और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए उठाया गया है। वर्तमान में शहर के कई प्रमुख मार्गों पर निर्माण कार्य जारी है, जिसके चलते हरिफाटक मार्ग एक प्रमुख वैकल्पिक और दबाव वाला मार्ग बन गया है। इसी रूट से वीआईपी मूवमेंट की भी योजना है। ऐसे में हाट बाजार के चलते संभावित जाम और अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। नगर निगम की रिमूवल गैंग ने बुधवार को हाट बाजार क्षेत्र में मुनादी कर व्यापारियों और आम नागरिकों को बाजार नहीं लगने की जानकारी दे दी। इससे अंतिम समय में भ्रम और अव्यवस्था की स्थिति से बचने की कोशिश की गई है।

## राज्यसभा में दिग्विजय का विदाई भाषण, पंक्तियां दोहराई

**दिल्ली/भोपाल।** अगले तीन महीनों (अप्रैल से जुलाई के बीच) में राज्यसभा से रिटायर हो रहे 59 सांसदों को आज राज्यसभा में विदाई दी गई। इस दौरान एमपी से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने भी विदाई भाषण दिया। दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा में कहा मैंने अपने राजनीतिक जीवन में अपना रास्ता खुद तय किया है। मैं कांग्रेस पार्टी का आभारी हूं जिन्होंने मुझे हर सदन में आने का मौका दिया। आज इस अवसर पर अटल जी की वो बात याद आती है कि मैं न टायर्ड हूं न रिटायर्ड हूं। आगे चलकर हम और काम करेंगे। मैं उन सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं जिन लोगों ने मेरे लिए अच्छे शब्दों का प्रयोग किया। दिग्विजय अपने विदाई भाषण में करीब 5 मिनट बोले। अपने भाषण के अंत में उन्होंने कबीरदास जी की पंक्तियां दोहराईं। दिग्विजय ने कहा मैं अपने राजनीतिक जीवन में जैसा कबीरदास जी कह गए थे उन पंक्तियों पर चलता हूं।

## कमर्शियल सिलेंडर देने की गाइडलाइन; सप्लाई एक दिन छोडकर

**भोपाल।** भोपाल में मंगलवार को कांग्रेसियों ने एलपीजी संकट के विरोध में प्रदर्शन किया। दुकानदारों को फ्री कोयला भी बांटा। मध्य प्रदेश में एलपीजी गैस संकट बरकरार है। होटल और रेस्टोरेंट को लगातार 8वें दिन कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई नहीं हुई है। हालांकि, ऑयल कंपनियों की नई गाइडलाइन में 10 प्रतिशत कमर्शियल सिलेंडर देने की बात कही गई है, लेकिन सप्लाई के आदेश नहीं आए हैं। यदि बुधवार को आदेश आते हैं तो प्रदेश के 50 हजार होटल और रेस्टोरेंट को कमर्शियल सिलेंडर मिल सकते हैं। इधर, एलपीजी संकट के बाद प्रदेश में घरेलू सिलेंडर की डिमांड 70 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इस वजह से वेटिंग 3 से 4 दिन तक चल रही है। भोपाल के फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि भोपाल में साढ़े 5 लाख घरेलू-कमर्शियल सिलेंडर कनेक्शन हैं। इनमें 80 हजार कमर्शियल और 4.70 लाख घरेलू सिलेंडर कनेक्शन शामिल हैं। 7 दिन पहले तक भोपाल में हर रोज एवरेज 8500 सिलेंडर की बुकिंग होती थी, जो अब 14 हजार तक पहुंच गई है।

## एडीजी को जान से मारने की धमकी, शिकायत के बाद पुलिस ने पकडा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के एडीजी (ट्रेनिंग) राजाबाबू सिंह के साथ अज्ञात युवको द्वारा धमकाने का मामला सामने आया है। राजाबाबू ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर और डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में जान को खतरा होने का जिक्र भी किया है। हालांकि पुलिस शिकायत कुछ घंटो बाद ही आरोपियों को पकड़ लिया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मंगलवार तड़के उनके घर के बाहर कार से आए बदमाशों ने उन्हें धमकाया था।आरोपियों के हाथ में डंडे थे, वह कौन हैं और क्या अभद्रता की इसका खुलासा नहीं हो सका है। पूरा वाकिया के त्रिलंगा स्थित घर के बाहर का है। एडीजी ने पुलिस ट्रेनिंग में बड़ा बदलाव किया था जानकारी के मुताबिक मंगलवार की तड़के एडीजी घर के बाहर कार से आए कुछ युवकों ने गाली-गलौज की। फुटेज में एक युवक के हाथ में डंडा भी दिखा था। एडीजी ने शाहपुरा थाने को सूचना देने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी दिए हैं। बता दें कि हाल ही में एडीजी ने पुलिस ट्रेनिंग में बड़ा बदलाव करते हुए रामचरितमानस के पाठ की शुरुआत कराई थी।

## कर्मचारियों को मिलेंगे 4185 से 38070 रुपए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। इस फैसले से कर्मचारियों को 4,185 से लेकर 38,070 रुपए तक एरियर मिलेगा, वहीं उनकी सैलरी में हर महीने 465 से 4,230 रुपए तक की बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। राज्य सरकार ने बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अप्रैल के वेतन के साथ देने का निर्णय लिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री के एलान के 15 दिन बाद भी वित्त विभाग ने अभी तक इसका आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया है, जिससे कर्मचारी और अधिकारी इंतजार में हैं। इस फैसले का लाभ प्रदेश के करीब 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलेगा। इनमें लगभग 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और 4.50 लाख पेंशनर्स शामिल हैं। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को अब 58त्न महंगाई भत्ता मिलेगा, जो पहले 55त्न था। पेंशनर्स को भी इसी दर से महंगाई राहत दी जाएगी।

## 30 जून तक सेल्फ एसेसमेंट दे सकेंगे कर्मचारी

**भोपाल।** लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 लागू करने के बाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारियों, अधिकारियों की सीआर (गोपनीय चरित्रावली) लिखने की समय सीमा तय कर दी है। विभाग ने पदोन्नति से संबंधित प्रक्रिया शुरू होने के पहले प्रतिवेदक अधिकारी (रिपोर्टिंग ऑफिसर) और समीक्षक अधिकारी (रिव्यू ऑफिसर) के लिए टाइम लिमिट तय कर दी है। यह निर्देश इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि पदोन्नति नियमों के विरोध में हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है।

# रोशन से नहाया तरण ताल, आज सीएम करेंगे उदघाटन

**उज्जैन।** शहर का तरण ताल परिसर लोकार्पण से पहले पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजे इस परिसर को नगर निगम ने अंतिम रूप देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली है।

आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में तरण ताल का लोकार्पण किया जाएगा। इससे पहले बुधवार रात निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और शेष कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए।





### तकनीकी तैयारियों की पड़ताल

निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को केवल सतही रूप से नहीं, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी परखा गया। तरण ताल को आकर्षक बनाने के लिए डेकोरेटिव लाइटिंग का उपयोग किया गया है, जिससे परिसर रात में बेहद आकर्षक दिख रहा है। हालांकि, प्रशासन का फोकस केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक सुरक्षित और उपयोगी सार्वजनिक सुविधा के रूप में विकसित करने पर भी है।

### अंतिम चरण में प्रशासनिक सक्रियता

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन कुछ फिनिशिंग और तकनीकी कार्य अंतिम चरण में हैं। आयुक्त ने निर्देश दिए कि लोकार्पण से पहले सभी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हों किसी भी प्रकार की तकनीकी कमी या सुरक्षा जोखिम न रहे कार्यक्रम के दौरान वीआईपी और आमजन की आवाजाही सुचारु रहें।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे क्रमांक 3303/2/1 रकबा 2.1960 हेक्टर में से रकबा 0.1047 हेक्टर स्थित कस्बा उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि के वर्तमान स्वामी काम्या लालवानी पति संतोष लालवानी ने उक्त संपत्ति को बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022025ए 1261893 दिनांक 01/04/2025 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया है। उक्त संपत्ति को विक्रय करने का सौदा का मेरे पक्षकार से किया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जा चूका है एवं निकट भविष्य में विक्रय पत्र किया जाना है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त कृषि भूमि में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त कृषि भूमि के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 18/3/2026

**आयुष गुप्ता एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक**
**87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम**
**मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9685166155**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है। कि भुमि स्वामी कादर खां पिता बुन्दु खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम सिलोदा बुजुर्ग तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. कृषक ग्राम बिरगोदा नाथु तहसील बडनगर जिला उज्जैन म0प्र0 से उनके मालिकी स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नं. 164/1/1/2 रकबा 0.53 हे. में से अपने स्वामित्व का रकबा 0.28 हे. व सर्वे नं. 164/1/2 रकबा 0.08 हे. व सर्वे नं.165/3/2/2 रकबा 0.44 हे. कुल किता 03 कुल रकबा 0.80 हे. तथा 01 बुन्दु खां पिता छितु खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम सिलोदा बुजुर्ग तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. 02 शाबिया बी पति बुन्दु खां जाति मुसलमान निवासी ग्राम सिलोदा बुजुर्ग तहसील सांवेर जिला इंदौर म0प्र0 स्थित से उसके स्वामित्व कि कृषि भुमि सर्वे नं. 164/2 रकबा 0.37 हे0 व सर्वे नं. 165/7 रकबा 0.30 हे. कुल किता 02 तथा कुल रकबा 0.67 हे0 ग्राम बिरगोदा नाथु तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भुमि स्वामी से तय कर बायान राशी प्रदान कर दी है व विधिवत एक सौदा चिट्ठी उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित की है अतः शीघ्र ही अनुबंधित भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना शेष है, यदि उक्त भुमि के संबंध में किसी संस्था बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ती किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भुमि से संबधित मुख्यारनामा आम या मुख्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण पत्र के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सुचित हो।

दिनांक 18/03/2026

**धनकुंवर राजावत उम्र 39 वर्ष पति**
**जितेन्द्रसिंहजी राजावत जाति राजपूत**
**निवासी ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 98268-95476**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता सुशीला जाट पति प्रेमनारायण जाट, निवासी 82 एमआईजी इन्दिरा नगर उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति दुकान-ग्राउंड फ्लोर गोडाउन क्रमांक 4, स्थित गृह पुराना क्रमांक 6/59, नया क्रमांक-8 का वर्तमान क्रमांक 8/3 मनी ट्रेड सेंटर शंकु मार्ग फ्रीगंज उज्जैन (म0प्र0) जिसका कुल क्षेत्रफल 11.45 वर्गमीटर होकर पक्का आरसीसी का निर्मित हैं व व्यावसायिक उपयोग का हैं जिसके पूर्व में पैसेज, पश्चिम में भाग क्रमांक 5, उत्तर में भाग क्रमांक 3 व दक्षिण में पैसेज स्थित हैं, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक राशि (बयाना राशि) अदा कर दी गई है एवं उक्त सौदे के संबंध में अनुबंध पत्र का सम्पादन भी कर लिया हैं व केवल शेष बकाया विक्रय मूल्य अदा कर उक्त दुकान-गोडाउन के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष हैं। यदि उक्त वर्णित दुकान-गोडाउन पर किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान किसी प्रकार का, प्रभार, कर, पेनल्टी, दण्ड, बयाना या देनदारी आदि बकाया हो, दुकान-गोडाउन मे किसी का कोई स्वत्व, हित क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंतर्गत अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का उचित निराकरण किया जा सके, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति स्वामी को शेष विक्रय राशि अदा कि जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। यह सूचित हो।

**अधिवक्ता लोकेश व्यास**
**कार्यालय 94 संत नगर सांवेर रोड उज्जैन मो. 9522131111, 9926999200**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे स्वस्थ स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 1114/2 में का भाग भूखण्ड स्थित भुवनेश्वर कालोनी नगर कोट माता मंदिर के पास उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 27.87 वर्गमीटर है मेर द्वारा उक्त भवन विरेन्द्रसिंह पिता स्व चिमनसिंह से क्रय की है तथा क्रय दिनांक से ही में उक्त भवन पर काबिज होकर निवासरत है। उक्त भवन को मेरे द्वारा भूखण्ड क्रय कर निर्माण किया गया है। इस प्रकार उक्त भवन मेरे स्वत्वाधिकार की है। यदि किसी भी व्यक्ति, सस्था, सहकारी संस्था आदि का उक्त भवन पर कोई भार हित व अधिकार हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मुझसे संपर्क कर उक्त भार, हित व अधिकार के दस्तावेज आदि सहित संपर्क करे अन्यक्षा उक्त भवन को पाक व साफ होकर उक्त भवन पर किसी भी प्रकार का कोई ऋण व भार आदि नही होने की उपधारणा की जावेगी। सुचित हो। दिनाक 16-3-2026

**जयसिंह सोलकी**
**नगर कोट मंदिर के पास उज्जैन**
**82248-88093**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वैभव अग्रवाल पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल, उम्र 31 वर्ष, व्यवसाय – व्यापार, निवासी 336, ए.डी. स्कीम नम्बर 74, इन्दौर म.प्र. के एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक (प्रथम मंजिला) प्रकोष्ठ / दुकान क्रमांक 122, जो नगर पालिक निगम उज्जैन की सीमा में स्थित भूखण्ड म्यु. क्रमांक 87. 87/1, 87/2, 87/3, स्थित विश्वविद्यालय मार्ग, क्षिप्रा रेसीडेन्सी के पास, माधव क्लब रोड उज्जैन पर बने बहुमंजिला भवन दवा बाजार (Dava Bazar) के PHASE – 2 (गिरिराज हेरिटेज) में स्थित है को क्रय करने का अनुबंध-पत्र मेरे पक्षकार ने उक्त दुकान स्वामी से विधिवत कर लिया है तथा विक्रय-पत्र का निष्पादन भी मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में करवा लिया जावेगा। इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दुकान के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था या बैंक आदि को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं दुकान कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त दुकान पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि दुकान के विक्रय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगी एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा। सो सूचित हो ।

इति दिनांक 19.03.2026

**दीपक प्रजापत ( एडव्होकेट )**
**मो. 9617631819**


# स्वाद का नया पता..'नैवेद्य लोक' आज से उज्जैन की पहचान बनेगा

**उज्जैन।** डॉ. मोहन यादव आज नानाखेड़ा क्षेत्र में विकसित नैवेद्य लोक का लोकार्पण करेंगे। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा 28,000 वर्गफीट क्षेत्र में 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना शहर में आधुनिक फूड इंफ्रास्ट्रक्चर का नया उदाहरण मानी जा रही है। इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर विकसित इस शाकाहारी फूड कोर्ट में 34 दुकानों का निर्माण किया गया है, जिनका आकार 62 से 180 वर्गफीट के बीच है। यह संरचना छोटे व्यापारियों के लिए अवसर और उपभोक्ताओं के लिए विविधता सुनिश्चित करती है। परियोजना को ओपन स्ट्रीट मॉल की अवधारणा पर विकसित किया गया है, जिसमें थीम बेस्ड फ्लोरिंग, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्थित सुविधा और साउंड सिस्टम शामिल हैं। तकनीकी दृष्टि से परिसर में अंडरग्राउंड विद्युत व सीवरेज नेटवर्क, सीसीटीवी निगरानी, सर्वर रूम, सेंसर आधारित प्रसाधन कक्ष और आपातकालीन डीजी सेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए ओपन थिएटर भी बनाया गया है। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जिस क्षेत्र को पहले अव्यवस्था और असामाजिक गतिविधियों के लिए जाना जाता था, उसे योजनाबद्ध तरीके से एक सुरक्षित, व्यवस्थित और आकर्षक सार्वजनिक स्थल में बदला गया है। यह परियोजना उज्जैन में सिटी री-फॉर्मेशन के प्रभावी मॉडल के रूप में उभर रही है।

## शॉर्ट सर्किट से 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक, किसान को भारी नुकसान

**शाजापुर।** जिले के दुपाड़ा गांव में एक किसान की महीनों की मेहनत पल भर में राख हो गई। खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से करीब 3 बीघा गेहूं की पकी हुई फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना से पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना दुपाड़ा गांव के समीप स्थित धोबी पचोर क्षेत्र की है। यहां के निवासी किसान शहजाद खान के खेत में गेहूं की फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार खड़ी थी। बताया जा रहा है कि खेत के ठीक ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। बुधवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक इन तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ।

तारों से निकली आग की चिंगारी सीधे नीचे खड़ी सूखी फसल पर जा गिरी। फसल सूखी होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं उठता देख किसान और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए पास ही स्थित कुएं और बोरवेल के पानी का उपयोग कर आग बुझाना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के अन्य खेत आग की चपेट में आने से बच गए। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझा ली थी। आग बुझने तक किसान शहजाद खान की 3 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति खासा आक्रोश है।

ग्रामीणों का कहना है कि तारों के ढीलेपन और रखरखाव के अभाव के कारण यह हादसा हुआ है। पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और पीड़ित किसान को उचित आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री गणपत पिता श्री पूनमचंद, 02-श्रीमती मीरा पति श्री गणपत, 03-श्री बन्टी पिता श्री गणपत माली. 04-श्री धर्मेन्द्र माली पिता श्री गणपत माली. चारो निवासी-73 जयसिंहपुरा, भूखीमाता चिंतामण रोड, उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-2601 रकबा 1.0870 हेक्टर ग्राम कस्बा उज्जैन, तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 1.0870 हेक्टर मेसे रकबा 0.1045 हेक्टर का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से पूर्व में कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। मेरे पक्षकार द्वारा सौदा उपरांत भूमि स्वामी से विक्रय पत्र पंजीयन हेतु कई बार संपर्क किया किन्तु भूमि स्वामी द्वारा टाल-टुल, आना-कानी की जा रही है और अब तो संपर्क भी नहीं कर रहे है। मेरे पक्षकार को विश्वसनीय सुत्रों से ज्ञात हुआ है कि भूमि स्वामी उक्त कृषि भूमि को लालचवश अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के प्रयास में है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त कृषि भूमि को क्रय करने का प्रयास न करे, अन्यथा ऐसा किया गया सौदा मेरे पक्षकार के साथ पूर्व में किये गये सौदे के समक्ष गलत व शून्य होगा, जिसका एकमेव दायित्व संबंधीत स्वय का रहेगा क्योकि भूमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के साथ किया गया सौदा वर्तमान प्रभावशील है। सूचित हो। इति दिनांक-18.03.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**


## दिनदहाड़े बाइक चोरी

**शाजापुर।** शहर में एक अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शांतिवन शहरी हाईवे स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास से बुधवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर यह चोरी की दूसरी वारदात है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दुपाड़ा निवासी रामकृष्ण राजोरिया अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए आए थे।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन म.प्र.**

**क्रमांकः /भवन शाखा**-06/2026/1083 **उज्जैन दिनांक** 18/03/26

**केविएट सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हनुमान नाका से हरिफाटक तक मार्ग चौड़ीकरण के सम्पादन हेतु नगर पालिक निगम उज्जैन को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। माननीय निगम परिषद का ठहराव क्रमांक 39 दिनांक 13.05.2025 की अनुशंसानुसार स्थल पर कार्य किया जा रहा है। उक्त मार्ग के दोनो ओर चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण/अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण/अवैध निर्माण के विरुद्ध कोई हितबद्ध/भवन स्वामी / भूमि स्वामी एक पक्षीय निषेधाज्ञा प्राप्त न करे, इस हेतु माननीय उच्च न्यायालय में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा केविएट आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, जो सूचित हो।

**भवन अधिकारी**
**(आयुक्त के अधिकारों से वैष्ठित)**
**(झोन क्रमांक** 06)
**नगर पालिक निगम, उज्जैन**

**कार्यालय,नगर पालिक निगम उज्जैन**
**स्टोर विभाग**

**क्रमांक स्टोर/2026/20** **दिनांक 17-3-2026**

**(ऑनलाइन (online) निविदा आमंत्रण)**

नगर पालिक निगम उज्जैन स्टोर विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (online) निविदा 2025 आमंत्रित की गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | बीड ओपनिंग दिनांक |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2026_UAD_490365_1 | नगर निगम मुख्यालय स्थित सिंहस्थ कक्ष हेतु मॉड्यूलर ऑफिस सेटअप फर्नीचर क्रय किये जाने | 9,80,000/- | 2000/- | 28.03.2026 | 28.03.2026 | 30.03.2026 |

**निविदा पत्र व निविदा से संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना ऑनलाइन वेबसाइट** www.mptenders.gov.in **पर देखी जा सकती है।**

**उपायुक्त(भण्डार)**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**
**दिनांक 17-3-2026**

न्यूज-कॉलम

## चित्रकूट से लौटे स्वयं सेवकों का हुआ स्वागत

**मन्दसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के 10 स्वयंसेवकों ने मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर, चित्रकूट में सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि जिला मंदसौर से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा चयनित दल का नेतृत्व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया। दल में 4 स्वयंसेविका हर्षिता पाटीदार, गिरिजा पाटीदार, दीक्षा गुप्ता एवं रानू माली तथा 6 स्वयंसेवक हिमांशु चरेड, राहुल शर्मा, नीलेश मेघवाल, सुमित गंधर्व, आनंद राठौर एवं शिवराज सिंह शामिल थे। उनका शिविर से लौटने पर पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। शिविर के दौरान आयोजित विश्वविद्यांलय स्तरीय समूह लोकगायन प्रतियोगिता में गिरिजा पाटीदार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राहुल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाले श्री गेहलोत का असामयिक निधन

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय पावागढ़ माताजी एवं मुक्ति धाम के निर्माण में हर पल उपस्थित रहकर कायाकल्प करवाने सहित हर धार्मिक ,सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक आयोजन में अग्रणी रहने वाले कोराना काल में 104 दाह संस्कार का पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सबके हर एक के चेहते (पूर्व पार्षद ) वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री हरि प्रसाद जी गेहलोत का निधन परिवार ही नहीं समूचे नगर एवं अंचल के लिए अपूरणीय क्षति हैं। आपकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पीत करी।

## श्री कैलामाता मंदिर पर घट स्थापना 19 मार्च को

**नीमच** । इस वर्ष भी भूतेश्वर मंदिर रोड स्थित श्री कैलामाता मंदिर पर घट स्थापना दिनांक 19 मार्च 2026 को होगी एवं विशाल भण्डारा दिनांक 26 मार्च 2026 को होगा। सभी भक्तों के मतानुसार हर वर्ष चैत्र नवरात्रि में माता का भण्डारा प्रसादी कार्यक्रम रखा जाता है जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण धर्मलाभ लेते हैं। श्री कैलामाता मंदिर पर स्थानीय भक्तों के अलावा दूर-दूर से भक्तजन अपनी समस्याओं के समाधान, बीमारी के इलाज हेतु आते हैं। कार्यक्रम सभी भक्तों के सहयोग से होता है। समस्त भक्तजन उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवें।

## श्री वीर हनुमान यात्रा के लिये 25 से अधिक समाजों को दिया न्योता

**मंदसौर।** नगर में आगामी 1 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व दिवस पर श्री वीर हनुमान यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से शुरू होने वाली इस यात्रा के लिए आयोजन समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परंपरा का निर्वहन करते हुए पहला निमंत्रण चिंता हरण गणपति को दिया गया। समिति के कार्यकताओं ने अब तक अग्रवाल, पोरवाल, राजपूत, ब्राह्मण, स्वर्णकार और यादव समाज सहित 25 से अधिक समाजों के प्रमुखों से मिलकर उन्हें मंगल ध्वजा और निमंत्रण पत्र भेंट किए हैं। सभी समाजों ने सपरिवार यात्रा में शामिल होने का आश्वासन दिया है।

## नीमच सिटी में रंग तेरस पर जमकर खेली होली,

**नीमच।** जिले भर सहित नगर व अंचल में मंगलवार को रंग तेरस पर्व परंपरानुसार मनाया। कई स्थानों पर गेर निकाली, तो कहीं रंग गुलाल से होली खेली। इन सबसे से अलग ग्वालियर रियासतकालीन प्राचीन बस्ती नीमच सिटी स्थित माहेश्वरी मोहल्ला में आजादी के पहले से चली आ रही अनूठी परंपरा का निर्वहन आज भी किया जा रहा है। माहेश्वरी मोहल्ले में देवनारायण मंदिर के सामने गडिया भेरू बावजी का चमत्कारी स्थान है। यहां 5 फीट गहरे गड्ढे में दबे भेरू बावजी को साल में सिर्फ एक बार रंगतेरस के दिन विधि विधान से बाहर निकालते है।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# करणी सेना ने फोरलेन पर रात भर बिस्तर लगाकर दिया धरना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम




करणी सेना परिवार का विरोध प्रदर्शन मंगलवार रातभर जारी रहा। करणी सेनिकों ने महू नीमच फोरलेन पर टेंट लगाया, खाना बनवाया इसके साथ ही सड़क पर बिस्तर लगाकर सो गए। करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर ने कहा हम कोई उपद्रव नहीं कर रहे हैं। कलेक्टर मैडम आएं हमारी बात सुने। जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाएगी। हम यहीं सड़क पर बैठे रहेंगे।

बता देंगे कि 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर करणी सेना परिवार जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे थे। जिन्हें रतलाम शहर से बाहर डोसी गांव फोरलेन पर पुलिस ने रोक दिया था।

शहर के सभी इंट्री प्वाइंट पर पुलिसबल तैनात था। प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट जाने से रोका था। करणी सैनिकों ने कलेक्टर मिशा सिंह से ही मिलने की बात कही। कलेक्टर के नहीं आने पर सभी सड़क पर बैठ गए थे। दिनभर रोड पर रोड बंद रहा। दिन भर में कई बार अधिकारियों व जीवनसिंह शेरपुर की बीच बात हुई। लेकिन सभी कलेक्टर से ही मिलना चाहते थे।

**रात भर डटे रहे**

करणी सैनिक भी अड़ गए जब तक कलेक्टर मैडम नहीं मिलेगी। हमारी बात नहीं सुनेगी तब हम लोग नहीं जाएंगे। रात में सड़क पर टेंट लगा दिया। कालीन बिछाकर गादिया सड़क पर लगा दी। जीवनसिंह समेत अन्य समर्थक सभी रोड पर सो गए। इसके पहले रोड पर खाना भी बनवाया। सभी सड़क पर बैठ खाना भी खाया। इसके पहले दोपहर में जीवनसिंह शेरपुर ने अधिकारियों पर अराजकता फैलाने का आरोप भी लगाया।

# तृतीय सर्व धर्म सामुहिक विवाह सम्मेलन का पहला आमन्त्रण रोड के राजा को दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

ग्रामीण विकास चेरिटेबल ट्रस्ट संस्थान द्वारा सर्व धर्म सामूहिक विवाह के तृतीय सम्मेलन में 22 मार्च को 101 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे इसको लेकर समिति की तैयारियां इन दिनों अंतिम चरणों में है। ट्रस्ट की मध्यप्रदेश की अध्यक्ष पुष्पा डांगी एवं पदाधिकारियों सर्व श्री अजित कुमठ,गोपाल भारती, देवीलाल अहीर,श्याम डांगी ने मंगलवार को सर्व प्रथम पहली आमन्त्रण पत्रिका रोड़ के राजा के यहां देकर हाथ जोड़कर प्रार्थना की सामूहिक विवाह आनंद पूर्वक बिना किसी विघ्न के संपन्न हो।इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा भी मौजूद थे।



ट्रस्ट की प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा डांगी ने सामूहिक विवाह की जानकारी देते हुवे बताया कि 51 जोड़ो की शादी कृषिउपज मंडी पिपलीया के प्रांगण में होगी 22 मार्च रविवार को प्रातः 8,15 मिनीट पर गणेश पूजन,बिन्दोली नगर भ्रमण प्रातः 10.15 बजे,तोरण रस्म प्रातः 11.15 बजे,पाणिग्रहण संस्कार दोपहर 1.15 बजे बिदाई समारोह सांय 4.15 बजे होगा।इस अवसर पर वर वधु को 29 महत्वपूर्ण उपहार भी दिए जाएंगे।डांगी ने यह भी बताया कि सामुहिक विवाह के इस भव्य आयोजन में कई साधु महात्मा, पंडित शिरकत कर वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। साथ ही सामुहिक विवाह के इस महते आयोजन में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा, कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद जी गेहलोत रहेंगे वही अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विष्णुसिंह जादौन करेंगे इस विवाह सम्मेलन में सांसद श्री सुधीर जी गुप्ता,श्री बंशीलाल जी गुर्जर, विधायक विपिन जैन, श्री हरदीप सिंह डंग, श्रीचंद की कृपलानी,श्री जीवनसिंह शेरपुर,श्री राजेश दीक्षित विशेष अतिथि रहेंगे।

## दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रतलाम।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के दो मामले सामने आये हैं। दोनों ही मामलों में आत्महत्या का प्रारंभिक कारण अज्ञात बताया जा रहा है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों ही मामले में मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पहला मामला स्टेशन रोड थाना अंतर्गत होमगार्ड कॉलोनी में रहने वाले 28 वर्षीय विशाल पवार (पिता मंगलेश पवार) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वही, आत्महत्या की दूसरी घटना कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रानीगांव से सामने आई है। यहाँ मोहन पाटीदार पिता रणछोड़ पाटीदार, उम्र 45 वर्ष ने अपने निवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीण पुलिस ने मौके का मुआयना कर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या कारणों का पता चलेगा।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह में 32 विद्यार्थी सम्मानित



**मन्दसौर।** जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन डाइट परिसर में किया गया, जिसमें कलेक्टर अदिती गर्ग द्वारा जिले के ३२ प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषय के 7-7, पर्यावरण के 2, विज्ञान के 3, सामाजिक विज्ञान के 3 एवं संस्कृति के 3 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में कभी भी असफलता से हताश नहीं होना चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। स्वयं पर विश्वास रखें और हमेशा सकारात्मक एवं खुश रहें। समारोह के दौरान विद्यार्थियों के माता-पिता ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा बच्चों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान अधिकारीगण एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# पशुपतिनाथ मंदिर में आज आयोजित होगा सूर्य उपासना कार्यक्रम

## डिप्टी सीएम श्री देवड़ा होंगे सम्मिलित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

विक्रम संवती 2083 के शुभारंभ अवसर पर आज 19 मार्च को प्रातः 10 बजे मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर (आराधना हॉल) में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य उपासना के साथ होगी, जिसमें मंदिर परिसर में ब्रह्म ध्वज स्थापित किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय नववर्ष नववर्ष प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के सहयोग से च्सम्राट विक्रमादित्य विषय पर भव्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा। इस प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं विक्रम संवत के ऐतिहासिक महत्व को दशार्या जाएगा।

प्रस्तुति विवरण के अंतर्गत प्रस्तुति परिकल्पना सामाजिक सांस्कृतिक संस्था, उज्जैन द्वारा दी जाएगी। जिसमें नाट्य दल निर्देशन सतीश दवे, संगीत रू अभिषेक त्रिपाठी, लेखन एवं सह निर्देशन प्रसन्न सोनी, निर्देशन रू संजय श्रीवास्तव द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में च्भारत का नववर्ष विक्रम संवत्ज् विषयक पुस्तिका का वितरण भी किया जाएगा, जिससे आमजन भारतीय नववर्ष की परंपरा एवं महत्व को समझ सकें। विक्रम संवत नववर्ष के अवसर पर जिले के प्रमुख मंदिरों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर ब्रह्मध्वज भी स्थापित किए जाएंगे।

## श्रुति जैन को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदान की पीएचडी की उपाधि

**मन्दसौर।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के माधव भवन में आयोजित 30वें दीक्षांत समारोह में चेतना-स्व. राजेश जैन की सुपुत्री डॉ. श्रुति जैन को विज्ञान संकाय के अंतर्गत रसायन शास्त्र में शोध कार्य पूर्ण करने पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. श्रुति ने विश्वविद्यालय की रसायन एवं जैव रसायन अध्ययन शाला में डॉ. शुभा जैन के मार्गदर्शन में च्हेट्रोसाइक्लिक सिंथेसिसच विषय



पर अपना शोध कार्य संपन्न किया है। वे न केवल सीएसआईआर नेट-जेआरएफ और गेट जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं उत्तीर्ण कर चुकी हैं, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत के दम पर अब एमपीपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर बन गई हैं। श्रुति की इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है।

### 19 मार्च से जिले में शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल स्तर को सुधारने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कार्ययोजना बना कर कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जल संवर्धन अभियान की बैठक आयोजित की गई।

# लदूसा नरेश श्री सांवरिया सेठ के भंडार से निकली 8 लाख से अधिक की दान राशि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



लदूसा स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण (सांवरिया सेठ) मंदिर के भंडार बुधवार को खोले गये। जिसमें कुल 8 लाख 14 हजार 100 रुपए की नकद राशि प्राप्त हुई है। नकदी के साथ-साथ दान पात्र से श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए चांदी के आभूषण और तंजानिया, सेशेल्स व नेपाल सहित कई अन्य देशों की विदेशी करेंसी भी निकली।

मंदिर समिति के ट्रस्टी पं. महेश व्यास लदुसा ने बताया कि मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा आगामी विकास योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। समिति के अनुसार, मुख्य मार्ग पर भव्य गेट निर्माण का कार्य पूर्ण होने के पश्चात अब मंदिर परिसर में अन्य नवीन विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे ताकि दर्शनार्थियों को सुलभ सुविधाएं मिल सकें। भंडार गणना अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी रामेश्वर धाकड़, बद्री लाल धाकड़, देवीलाल धाकड़ पटेल, घनश्याम धाकड़, रामनारायण पाटीदार और मुरलीधर व्यास आदि उपस्थित थे। आज 19 मार्च को अमावस्या पर विशेष आरती एवं महाप्रसादी के मुख्य लाभार्थी अंबाराम परमार (सेन) व लक्ष्मीनारायण गहलोत (पार्श्वनाथ) रहेंगे।

## ब्लैक में गैस सिलेंडर देने पर द्वारका इण्डेन गैस एजेंसी सील

**मन्दसौर ।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए द्वारका इण्डेन गैस एजेंसी, मंदसौर को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस एजेंसी द्वारा दोगुनी कीमत में ब्लैक में सिलेण्डर दिये जा रहे थे।जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई के दौरान एजेंसी के कर्मचारी घनश्याम को घरेलू गैस सिलेंडर दोगुनी कीमत पर ब्लैक करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान एजेंसी संचालक से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन वे दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके।



## रणजीत सिंह ने सामूहिक विवाह में कन्याओं को दान स्वरूप दिये ट्रॉली बैग

**पिपलिया मंडी।** 18 मार्च को खाटू श्याम मित्र मंडल नारायणगढ़ के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं तुलसी विवाह के अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जहां पर कुंवर शक्तावत ने नव परिणय सूत्र में बंद रही कन्याओं को दान स्वरूप ट्रॉली बैग भेंट किए एवं आयोजन समिति को इस प्रकार के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन हेतु अपनी तरफ से 11 हजार रूपए दान देकर धर्म लाभ लिया। कुंवर शक्तावत ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए इस प्रकार के सामूहिक विवाह एवं खाटू श्याम भजन संध्या की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने वाले समस्त कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को धन्यवाद देना चाहिए और सभी लोगों को इस प्रकार के कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करना चाहिए और यदि इस प्रकार सामूहिक विवाह में हजारों लोगों की उपस्थिति में यदि वर वधु अपने दांपत्य जीवन में प्रवेश करते हैं और अपने दांपत्य जीवन का प्रारंभ करते हैं तो निश्चित ही वह अपने दांपत्य जीवन को सुख मय एवं उन्नति के साथ जीते हैं ।

## नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर निकली वाहन रैली, आज निकलेगी चेतना रैली



**मंदसौर।** हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा यानी गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर मंदसौर में आज अनेक आयोजन होंगे। बुधवार शाम को हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में मंदसौर में वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। विश्वपति शिवालय से प्रारंभ हुई इस वाहन रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और मातृशक्ति ने केसरिया ध्वजों के साथ भाग लिया। रैली संचालन टोली के सदस्य आनंद तँवर ने बताया कि यह रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विश्वपति शिवालय पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और धर्मप्रेमी जनता ने सड़कों पर उतरकर नव वर्ष का स्वागत किया और समाज की एकजुटता का परिचय दिया।इसी कड़ी में आज 19 मार्च गुरुवार को गुड़ी पड़वा के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा वैश्य दिवस के रूप में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के आह्वान पर पूरे मध्य प्रदेश के साथ मंदसौर में भी वैश्य चेतना रैली निकाली जावेगी। यह रैली प्रातः 9.30 बजे गांधी चौराहा स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री जगदीश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

## डॉ. विनीता को राज्यपाल व सीएम ने स्वर्ण पदक से किया सम्मानित

**नीमच ।** विक्रमादित्य विश्व विद्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की नियमित परिक्षा मे स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच मे अध्यनरत डाक्टर विनीता वर्मा ( सुपुत्री भगत वर्मा वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक) के एम काम 2025 मे परिक्षा उत्तीर्ण कर उज्जैन संभाग का नाम गोरांनवित किया। विक्रमादित्य विश्व विद्यालय उज्जैन कि प्राविण्य सूचि मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 17 मार्च को 30 वा दीक्षांत समारोह माधव आडिटोरियम उज्जैन आयोजित किया गया ।दीक्षांत समारोह मे मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्य मंत्री मोहन यादव एवम विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलपति अर्पण भारद्वाज आदि अतिथियों के कर कमलो द्वारा डाक्टर विनीता वर्मा को स्वर्ण पदक व एम काम कि डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया ।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद नीमच जिला-नीमच (म.प्र.)

क्रं. 648/ई-टेण्ड./01/लो.नि.वि./2026/ — नीमच, दिनांक 18.03.2026

### ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट Website http://mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्रं./टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_ 449314 | वार्ड क्रं. 34 ब्रह्मा कुमारी आश्रम के सामने चौराहा विकसित करने का कार्य | 6 Months 425039+GST | Rs.2000 Rs. 5000 | 25.03.2026 |
| 2025_UAD_ 440176 | वार्ड क्रं. 38 पठारी मोहल्ला वाल्मिकी बस्ती में महिला स्नानगार निर्माण कार्य | 6 Months 506891+GST | Rs.2000 Rs. 5500 | 25.03.2026 |
| 2025_UAD_ 440177 | वार्ड क्रं. 39 में महिला स्नान गृह निर्माण कार्य | 6 Months 508372+GST | Rs.2000 Rs. 6000 | 25.03.2026 |
| 2025_UAD_ 490491 | वार्ड क्रं. 34 ब्रह्म कुमारी आश्रम के पास आरसीसी पाईप नाला निर्माण | 6 Months 1249304+GST | Rs.2000 Rs. 9400 | 18.04.2026 |
| 2025_UAD_ 490489 | वार्ड क्रं. 06 शिव मंदिर के पास बगीचे में सार्व. चबूतरा निर्माण कार्य | 6 Months 84477+GST | Rs.2000 Rs. 4000 | 02.04.2026 |
| 2025_UAD_ 490488 | वार्ड क्रं. 08 त्रिमूर्ति नगर खेल मैदान के सामने चबूतरा निर्माण कार्य | 6 Months 126573+GST | Rs.2000 Rs. 4000 | 02.04.2026 |
| 2025_UAD_ 490487 | मेजर माईनर रिपेयरिंग कार्य हाईस्कूल बघाना बा.मा.वि.क्रं.02 कार्य | 6 Months 768463+GST | Rs.2000 Rs. 8000 | 02.04.2026 |
| 2025_UAD_ 490486 | फव्वारा चौक से रतन स्वीटस व कलेक्टर चौराहे तक रोड मार्किंग कार्य | 6 Months 423108+GST | Rs. 2000 Rs. 5000 | 02.04.2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती स्वाती गौरव चौपड़ा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नीमच
श्री मनोहर मोटवानी, सभापति लो.नि.वि., नगर पालिका परिषद नीमच
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नीमच



## पार्वती नदी की मोटर चलने से मवेशियों के सामने हुई पानी की समस्या उत्पन्न

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में सुठालिया स्थित पार्वती नदी पर बने नल जल योजना के प्लांट को बंद कराने हेतु ग्राम परसाना के ग्रामीणों ने एकजुट होकर आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपनी समस्या रखते हुए बताया कि नल जल योजना द्वारा पार्वती नदी की मोटर चलने से मवेशियों के सामने पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देते हुए ग्रामीणो ने बताया कि परसाना गांव में पार्वती नदी से नल जल योजना का प्लांट है जिससे गांव के सभी ग्रामवासियों को नल कनेक्शन वितरित किए गए हैं लेकिन उन नल कनेक्शन का उपयोग ग्रामवासियों द्वारा नहीं किया जा रहा जिससे पानी का दुरुपयोग हो रहा जो नल कनेक्शन ग्रामवासियों को दिए गए वह केवल पाइप लगाकर छोड़ दिए गए लेकिन उसमें नल की टोटी नहीं लगाए ताकि नल को बंद कर दिया जाए पानी सड़क पर न बहे ग्रामीण नल कनेक्शन को बंद करवाना चाहते हैं क्योंकि सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ फैल रहा है और पानी के गड्ढे भरे हुए हैं जिससे ग्रामवासियों को कीचड़ की वजह से आने जाने में समस्या हो रही गायों को भी पार्वती नदी में पानी खत्म होने की वजह से पानी नहीं मिल पा रहा है अब गर्मी के मौसम में बिना पानी के मवेशी रह रहे हैं इसलिए ग्रामवासियों ने अनुरोध किया है कि नल जल योजना का प्लांट बंद किया जाए।

## श्रीराम मंदिर में मातृशक्ति द्वारा किया गया बैठक का आयोजन



**सारंगपुर।** नारायणपुर कोलूखेडा में सरदार वल्लभभाई पटेल नेत्र चिकित्सालय का जनसहयोग से भव्य निर्माण किया जा रहा हैं। सरदार पटेल ट्रस्ट समिति की मातृशक्तियों द्वारा ग्राम पाडल्या माता श्रीराम मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि मातृशक्ति सरदार पटेल चिकित्सालय ट्रस्ट के महिला पदाधिकारी द्वारा नेत्र चिकित्सालय व आगामी माह अप्रैल में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं शतचंडी महायज्ञ को लेकर मातृशक्तियों को जानकारी दी गई। साथ ही सभी ग्रामवासियों को नारायणपुर कोलूखेडा में आयोजित महायज्ञ में आने के लिए निमंत्रित किया गया। ट्रस्ट कि ग्रामीण इकाई पाडल्यामाता द्वारा बताया गया कि नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट समिति के सदस्यों द्वारा लगातार ग्रामीणों से संपर्क कर नेत्र चिकित्सालय की विशेषता उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। अस्पताल का निर्माण होने से इसका लाभ भविष्य मे सभी जन मानस को प्राप्त होगा। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। 2

## किसान और लाड़ली बहना की किस्त की समस्या को लेकर जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा

**खाचरौद।** क्षैत्र के किसानो और लाड़ली बहनो की विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश महासचिव कांग्रेस रवि मुकाती द्वारा जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहु को बताया गया कि किसानो के गेहूॅ की फसल कट गई है। गेहूॅ खरीदी के लिये शासन द्वारा 15 मार्च से बढ़ाकर अब 1 अप्रेल कर दी गई। इस वजह से किसानो से व्यापारी मनमानी से खरीदी कर रहे है। किसानो को उचित दाम फसलो का नही मिल पा रहा है। शासन इस व्यवस्था को जल्द प्रांरभ करे ताकि किसान अपनी फसल मण्डी में आकर बेच सके। किसान क्रेडीट लोन की अंतिम तारीख 28 मार्च ही उसे संशोधीत किया जाये ताकि शासन द्वारा 1 अप्रेल को फसल खरीदी का भुगतान किसानो के खाते में आसानी से हो सके। साथ ही लाड़ली बहना के भी किस्त नही आई। लाड़ली बहना की किस्त का भी भुगतान किया जाये। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिंगलाज जयंती

**माता का श्रृंगार व आरती कर धूमधाम से मनाई**

## चैत्र नवरात्र में माता पालकी में सवार हो के आ रही है

**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में मां हिंगलाज



जयंती मंगलवार को माता का श्रृंगार एवं आरती कर धूमधाम मनाई गई। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रातः 7:00 बजे प्रभात फेरी मंडल के भक्तों ने भी हिंगलाज माता का दर्शन लाभ लिया। महिलाओं ने मधुर भजनों से हिंगलाज मां की आराधना कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। हिंगलाज माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि 19 मार्च को प्रात शुभ मुहूर्त में ज्योति एवं घट स्थापना होगी और महा अष्टमी को हवन एवं 27 मार्च रामनवमी को बाड़ी विसर्जन कर नवरात्र का समापन होगा ।

## नरवाई नहीं जलावे भूसा गोशाला में दान करे

**महिदपुर।** विकासखण्ड महिदपुर के पशुपालक विभाग के पशुचिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ अरविंद मेथनिया द्वारा वि.ख महिदपुर के कृषकों से यह विनम्र अपील की गई हे कि गेहूं फसल कटाई के उपरांत नरवाई नहीं जलावे एवम् जो भूसा तैयार हो उसे समीप की गोशाला में दान कर गौसेवा का लाभ लेवे क्योंकि नरवाई जलाने से खेत की उपजाऊ क्षमता कम होती हे एवम् पर्यावरण को भी नुकसान होता हे जैसे प्रदुषण, वायु की गुणवत्ता में खराबी, ग्लोबल वार्मिंग, इंसानों व पशुओं में श्वसन संबंधित परेशानी, पशुओं में दुग्ध उत्पादन की कमी आती है।

# जंगली सूअर के काटने से दो घायलों को रेफर किया क्षेत्र में पहली बार हुई ऐसी घटना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

क्षेत्र के ग्राम खेडा बोल्दा में एक दिवस पूर्व हिंसक हुए जंगली सूअर ने तीन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था, उक्त घटना दो अलग-अलग स्थानों पर हुई। जंगली सूअर के काटने से घायल हुए दो ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया, जबकि एक व्यक्ति का उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी अनुसार सोमवार को खेडा बोल्दा निवासी पर्वतसिंह अपने मवेशी लेकर जा रहे थे तभी जंगली सूअर ने हमला कर दिया, साथ ही मवेशी को भी घायल किया। ग्रामीण पर्वतसिंह की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर आए तो जंगली सूअर



भाग गया, इस हमले में पर्वतसिंह को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई। इसी गांव के जंगल में सोमवार की शाम को गेहूं फसल की कटाई कर रहे भोलाराम गुर्जर पर भी जंगली सूअर ने हमला किया, जिन्हे बचाने आए पुत्र रामबाबू को भी सूअर ने घायल कर दिया, तीनों को सिविल अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था जहां से दो लोगों को शाजापुर रेफर किया गया।

### मुआवजे का प्रावधान है

ग्राम खेडा बोल्दा वन विस्तार अधिकारी कार्यालय शुजालपुर के अन्तर्गत आता है, रेंजर रतनसिंह सिंगोड ने बताया कि जंगली सूअर द्वारा ग्रामीणों पर हमले जैसी स्थिति पहले कभी निर्मित नहीं हुई है, क्षेत्र में इस तरह का पहला मामला है। जंगली सूअर का रेस्क्यू करने के संसाधन शुजालपुर में उपलब्ध नहीं है इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है। जंगली सूअर से घायल हुए ग्रामीणों का उपचार जारी है, वन्य जीव के हमले से घायल होने पर वन विभाग के नियमानुसार मुआवजे का प्रावधान है। जो घायल हुए है उन्हे नियमानुसार राशि प्रदाय करवाने में सहयोग किया जाएगा। साथ ही जंगली सूअर के संबंध में जानकारी भी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

ईद-उल-फितर की तैयारी:

# सीएमओ ने अंजुमन के साथ किया ईदगाह मैदान का निरीक्षण

**नपा अमले को दिए आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

मुस्लिम समाज के बड़े पर्वो में शामिल आगामी ईद-उल-फितर पर्व को देखते हुए नगर के पाडल्या रोड स्थित ईदगाह मस्जिद मैदान का नगरपालिका सीएमओ दीपक रानवे ने अंजुमन कमेटी सदर अलीम बाबा कुरैशी एवं अन्जुमन कमेटी के अन्य पदाधिकारी गणों के साथ मिलकर निरीक्षण किया।



ईदगाह कमेटी के द्वारा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग पर सीएमओ रानवे द्वारा निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद सारंगपुर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईदगाह और उसके आसपास के रास्तों पर कूडे के ढेर न हों। उन्होंने त्योहार से पूर्व नगर में विशेष सफाई कराने, चूना छिडकाव करने, शहर की खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने और नमाजियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। श्री रानवे द्वारा आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से ईद का त्योहार मनाने सदर अंजुमन कमेटी सारंगपुर से चर्चा की। ईद 20 या 21 मार्च को चंद्रदर्शन के अनुसार मनाई जाएगी।

अंजुमन कमेटी सदर अलीम बाबा कुरैशी ने बताया कि ईद की मुख्य नमाज सुबह 8:45 बजे नगर की ईदगाह मस्जिद मैदान पर अदा की जाएगी। सदर कुरैशी ने जनहित में इन व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराने का अनुरोध किया है ताकि नमाजियों को किसी असुविधा का सामना न करना पडे। इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली, सरपरस्त रफीक सेठ, नवेद अली, पार्षद बाबू अहिरवार, राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदर्श महावीर नवयुवक मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

आदर्श महावीर नवयुवक मंडल महिदपुर की एक सामान्य बैठक मंडल के परामर्शदाताओं की उपस्थिति में अध्यक्ष अपुल धाड़ीवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष अपुल धाड़ीवाल ने वर्ष 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

इस अवसर पर सभी सदस्यों एवं परामर्शदाताओं ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए मंडल को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में आगामी 31 मार्च को भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तय की गई, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में सचिव यश ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष जितेश बोथरा, उपाध्यक्ष स्वप्निल सुमन, ऋषभ नाहर, नवदीप बाकलीवाल, सुधर्म कोठारी, प्रशांत मेहता, सह सचिव शैलेंद्र धाड़ीवाल, नीलेश बोथरा शामिल हैं। बैठक के अंत में सचिव यश ओस्तवाल ने आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी वैभव चोपड़ा द्वारा प्रदान की गई।

## बीसभुजा देवी मंदिर में मनाया जायेगा नवरात्रि पर्व

गुना। श्री बीसभुजा देवी बजरंगगढ़ में स्थापित मंदिर पर प्रतिवर्ष की भॉंति रीति रिवाज के अनुसार वर्ष 2026 का बसंत नवरात्रि पर्व 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक मनाया जायेगा। मंदिर में नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा व्यवस्था करने के लिये आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशनुसार नवरात्रि पर्व के समय दर्शनार्थियों के लिये पेयजल की व्यवस्था के लिये कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गुना एवं ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के परस्पर सहयोग से पर्याप्त व्यवस्था करेंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद गुना द्वारा मंदिर पर दिनांक 19 मार्च 2026 से दिनांक 27 मार्च 2026 तक तक निरंतर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। मंदिर की रंगाई-पुताई एवं सड़क की मरम्मत की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग गुना संभाग गुना करेंगे, विद्युत व्यवस्था हेतु अधीक्षण यंत्री म.प्र. राज्य विद्युत वितरण कंपनी गुना उचित व्यवस्था करेंगे। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गुना स्थानीय समिति के साथ परस्पर सहयोग करते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दर्शनाथियों हेतु वाहनों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था करेंगे।

# प्रस्फुटन समितियां एवं नवांकुर सखी क्षमता वर्धन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

विकास खंड महिदपुर नवांकुर संस्था श्री अवधेशानंद ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी द्वारा शक्ति संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण ग्राम पंचायत गोगापुर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नारायण सिंह चौहान अध्यक्ष राम मंदिर समिति, विकासखंड समन्वयक नम्रता तिवारी, राकेश पंड्या संचालक गुरुकुल मानस एकेडमी के विशेष आथित्य में आयोजित किया गया अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया अतिथि परिचय एवं स्वागत के बाद प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। विकासखंड समन्व यक नम्रता तिवारी ने विकास खंड के विभिन्न सेक्टरों में आयो जित होने वाले प्रशिक्षणों की रूप रेखा प्रस्तुत की, कहा कि यह प्रशिक्षण सामाजिक कार्यकर्ताओं के क्षमता वर्धन हेतु आयोजित किये जा रहे है इस प्रशिक्षण से न केवल समितियों में सक्रियता आयेगी बल्कि कार्यकर्ताओं के नेतृत्व क्षमता में भी वृद्धि होगी जिससे आने वाले समय में



शासन की योजनाओं का बेहतर ढंग से प्रचार प्रसार एवं क्रियान्वयन करने में सहयोग प्राप्त होगा।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को समग्र ग्राम विकास की अवधारणा, जन अभियान परिषद की विभिन्न योज नाएं, दस्तावेजीकरण, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण आदि विषयों पर विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था श्री अवधेशा नंद ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी गोगापुर सचिव चन्द्रशेखर पंड्या द्वारा, अतिथि परिचय हल्कार सिंह राठौर ने एवं आभार प्रस्फुटन समिति चिवड़ी अध्यक्ष रामेश्वर राठौड़ द्वारा कि या गया। उक्त प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्था एवं नवांकुर सखियों ने सहभा गिता की। प्रशिक्षण के अंत में अतिथियों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में अजय दास बैरागी, कमलेश व्यास, तूफान सिंह पंवार, दातार सिंह राठौर, गोपाल सिंह, अर्जुन सिंह, नवांकुर सखी आदि उपस्थित रहे।

# टेंट हाउस गोदाम में आग से आसमान धुएं के गुबार से ढका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

जामुनिया रोड स्थित एक निजी टेंट हाउस के गोदाम में मंगलवार शाम लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में आसमान काले धुएं के घने गुबार से ढक गया। दूर-दूर तक उठते धुएं के बादल देख आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाम करीब 5 बजे गोदाम व उससे सटे मकान में अचानक आग भड़क उठी। शुरूआती समय में आग छोटी थी, लेकिन गोदाम में बड़ी मात्रा में रखे टेंट के कपड़े, सजावटी सामग्री और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही मिनटों में आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और घना काला धुआं आसमान में छा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में धुंध जैसा माहौल बन गया।

आग की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला

**इलाके में मची अफरा-तफरी**



हरकत में आया। थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और क्षेत्र को सुरक्षित किया गया। वहीं नगर पालिका की दमकल टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए लंबे समय तक पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। आग को फैलने से रोकने के लिए आसपास के मकानों को भी सतर्कता के साथ सुरक्षित किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग के दौरान कई बार तेज लपटों के साथ धुएं का गुबार तेजी से ऊपर उठ रहा था, जिससे स्थिति और भयावह हो गई थी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, दमकल की तत्परता से बड़ी जनहानि टल गई, लेकिन गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## चेरिटेबल नेत्र चिकित्सालय हाल निर्माण के लिए दिग्विजय ने स्वीकृत किए 10 लाख

**सारंगपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने समीपस्थ ग्राम नारायणपुर कोलुखेड़ा



में सरदार वल्लभभाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट के द्वारा बनाए जा रहे परमार्थिक चेरिटेबल नेत्र चिकित्सालय में हॉल निर्माण के लिए राज्यसभा सदस्य निधि से 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। ट्रस्ट के डा. राजेंद्र पाटीदार की निगरानी में बन रहे प्रस्तावित नेत्र चिकित्सालय के निर्माण के बाद क्षेत्र के नेत्र रोगियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। श्रीसिंह ने राज्यसभा सांसद निधि 2025-26 से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करते हुए राजगढ़ कलेक्टर से संवीक्षा कर मंजूरी देने तथा संबंधित को राशि जारी करने की बात कही है।

## साधना एवं साधक वर्ग गायत्री परिवार की गोष्ठी सम्पन्न



**बड़नगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा पीठ जूनी कचहरी बड़नगर में जिला समन्वयक समिति उज्जैन टीम द्वारा तहसील स्तरीय साधना एवं साधक वर्ग विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथि गण उज्जैन से पधारे रामप्रसाद जी सरिया( जिला समन्वयक समिति प्रमुख) सहित नरेंद्र सिकरवार, बालू सिंह आंजना, श्यामलाल जोशी ने उपस्थित परिजनों से मां गायत्री एवं गुरुदेव मिशन से जुड़ने के बाद आपको अपने जीवन में क्या चमत्कार देखने को मिला , सबके व्यक्तिगत विचार सुने। किसी को रोगों से लाभ तो किसी को दुर्घटना से गुरुदेव ने साक्षात आकर बचाया,अपने अनुभव साझा किए। अतिथिगण ने बताया कि हमें प्रत्येक तहसील में 100 साधक तैयार करने है,जो प्रत्येक दिन 1,3,5,7,9,11 या 30 माला का जाप मंदिर में या अपने निज निवास पर कर आप लोगों की तरह गुरुदेव की असीम कृपा के पात्र बन सके। अखंड दीप और मातृशक्ति शताब्दी वर्ष 2026,गायत्री मंत्र जप,तपदान, अंशदान, समय दान, अन्नदान का संकल्प करवाकर मिशन की आगामी योजनाओं के कैलेंडर वितरित किए गए। उक्त गोष्ठी में बड़नगर तहसील से चेतनपूरी गोस्वामी(तहसील समन्वयक समिति प्रमुख), उमाशंकर मेहता, हितेश सोनी, सुभाष गुप्ते, डा.राधेश्याम उपाध्याय,प्रमोद पंचोली, ललित सोनी,वासुदेव मारु,राधेश्याम सोनगरा, श्रीमती किरण सोनी,सुमिता राठौर, सुशीला राजावत, शोभा भावसार, शकुंतला राठौर, कुसुम पांचाल आदि परिजन उपस्थित रहे। जानकारी तहसील समन्वयक शिवकांत पांडे द्वारा प्रदान की गई।

## गुम हुआ बालक पुलिस ने सुरक्षित परिजनों को सौंपा



**शुजालपुर।** थाना शुजालपुर सिटी क्षेत्र में मंगलवार को एक बालक के गुम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मयंक मालवीय पिता अनिल मालवीय निवासी जय हिंद टॉकीज के पीछे शुजालपुर सिटी आज सुबह करीब 11 बजे अचानक कहीं चला गया था। सूचना मिलते ही शुजालपुर सिटी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बालक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक को सुरक्षित तलाश कर थाने लाया। बाद में बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

**उड़ान संस्था का मासिक आयोजन सम्पन्न**

## गायत्री मंत्र के वैज्ञानिक पहलुओं पर दिया गया जोर



**शुजालपुर।** उड़ान शैक्षणिक व सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित मासिक कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ से आई ममता परमार एवं ममता राठौर का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं ने गायत्री मंत्र के वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए उसके आध्यात्मिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बच्चों को उत्तम संस्कार देने के महत्व पर जोर देते हुए पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में शक्तिपीठ से प्रकाशित विभिन्न पुस्तकों की जानकारी भी साझा की गई, जिससे उपस्थितजन लाभान्वित हुए। आयोजन में कृष्णा शास्त्री, वंदना चौहान, लाज खत्री, माधवी सणस, भारती राजपूत, अंजु खत्री, रश्मि अवस्थी, प्रीति चौहान, चंदा सक्सेना, अभिलाषा श्रीवास्तव, अलका देशमुख, शीतल विजयवर्गीय एवं मधु मंडलोई सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में श्रुति शास्त्री द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

बचपन से ही व्यक्ति जो चीजें खाता है, उसका सीधा असर भविष्य में बॉडी पर देखने के लिए मिलता है। यही वजह है कि बचपन से ही पौष्टिक चीजें खाना या यूं कहें कि पोषण का ध्यान रखना शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है।

# बचपन से ही पौष्टिक चीजें खाना बहुत जरूरी

आप सभी ने अक्सर घर के बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा कि हम बचपन में बाहर का जंक फूड नहीं खाते थे। ऐसे में अच्छी क्वालिटी का भोजन खाने की वजह से आज हमारी इम्यूनिटी और हड्डियां मजबूत हैं। इस बात का सीधा मतलब यह निकलता है कि बचपन से ही व्यक्ति जो चीजें खाता है, उसका सीधा असर भविष्य में बॉडी पर देखने के लिए मिलता है। यही वजह है कि बचपन से ही पौष्टिक चीजें खाना या यूं कहें कि पोषण का ध्यान रखना शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। आइए पोषण का ध्यान रखने से होने वाले लाभों के बारे में जानते हैं।





## बचपन में पोषण का ध्यान रखना जरूरी क्यों?

बचपन का पोषण बच्चे की वृद्धि, विकास और दीर्घकालिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रारंभिक वर्षों के दौरान पर्याप्त पोषण स्वस्थ जीवन की नींव तैयार करता है। आइए इससे होने वाले लाभों के बारे में जानते हैं:

## बचपन में अच्छे पोषण के आजीवन लाभ

वृद्धि और विकास में मददगारः उचित पोषण शारीरिक विकास और मस्तिष्क विकास का समर्थन करता है।

**मजबूत इम्यूनिटीः** एक अच्छी तरह से पोषित बच्चा संक्रमण और बीमारियों से लड़ने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होता है।

**बेहतर संज्ञानात्मक कार्यः** जैसा हमने आपको बताया कि पर्याप्त पोषण मस्तिष्क के विकास का समर्थन करता है, जिससे बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन और संज्ञानात्मक क्षमताएं प्राप्त होती हैं।

**क्रोनिक बीमारियों का कम जोखिमः** बचपन में अच्छा पोषण जीवन में आगे चलकर मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है।

**बेहतर मानसिक स्वास्थ्यः** उचित पोषण मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करता है, जिससे चिंता, डिप्रेशन और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है।

## बचपन के शुरूआती विकास के लिए मुख्य पोषक तत्व

**प्रोटीनः** वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक है।

**आयरनः** स्वस्थ रेड ब्लड सेल्स और मस्तिष्क के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

**कैल्शियमः** मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए आवश्यक है।

**विटामिन-डीः** हड्डियों के स्वास्थ्य और इम्यून सिस्टम के लिए महत्वपूर्ण है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिडः** मस्तिष्क के विकास और संज्ञानात्मक कार्य का समर्थन करता है।

## अच्छा पोषण किस तरह दें?

बचपन में बच्चे को अच्छा पोषण देने के लिए माताओं को डाइट में कुछ हेल्दी चीजों को शामिल करने की जरूरत होती है। आइए इन चीजों के बारे में जानते हैं:

**संतुलित आहारः** विभिन्न प्रकार के संपूर्ण, पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ दे सकते हैं। ऐसे में आपको बच्चे को हेल्दी फलों और सब्जियों जैसी चीजों का सेवन करवाना चाहिए।

**स्तनपान सहायताः** स्तनपान को बढ़ासकती हैं। ये बच्चे और माता दोनों के विकास के लिए फायदेमंद होता है।

**पोषण शिक्षाः** देखभाल करने वालों और माता-पिता को उचित पोषण के बारे में शिक्षित करें।

**पौष्टिक खाद्य पदार्थों तक पहुंचः** स्वस्थ, किफायती खाद्य विकल्पों तक पहुंच सुनिश्चित करें। इससे बच्चे को सही पोषण प्राप्त हो सकता है।

कुल मिलाकर, बचपन में बच्चे के पोषण का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। इससे फिजिकल और मेंटल दोनों हेल्थ का फायदा होता है। साथ ही, बच्चे का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। अगर आप बच्चे को शुरू से ही अच्छा पौष्टिक खाना खिलाएंगे, तो उनकी हेल्दी फूड ईटिंग हैबिट्स को भी बढ़ावा मिल सकता है।

# अबॉर्शन के बाद क्यों आती है प्रेग्नेंसी में परेशानी?

कुछ महिलाओं को अबॉर्शन के बाद प्रेग्नेंसी में परेशानी होने की समस्या होती है, जो एक आम समस्या है। इसके कारण महिलाओं का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, साथ ही, कई बार महिलाओं को गर्भधारण करने में परेशानी हो सकती है? ऐसे में आइए जयपुर में स्थित ए 70 लाइफट्रोन्स क्लिनिक की निदेशक और एसडीएम अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की एचओडी डॉ. निशि गुप्ता से जानें अबॉर्शन के बाद क्यों आती है प्रेग्नेंसी में परेशानी?



## इंफेक्शन की समस्या

कई बार महिलाओं को टोक्सोप्लाजमोसिस, रुबेला, साइटोमेगालोवायरस और हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस जैसे इंफेक्शन्स हो सकते हैं, जिसके कारण भ्रूण को नुकसान होता है। इसके कारण महिलाओं को बार-बार अबॉर्शन होने या प्रेग्नेंसी में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## यूट्रस से जुड़ी समस्या के कारण

कई बार अबॉर्शन के बाद प्रेग्नेंसी में परेशानी फाइब्रॉइड, सेप्टेट यूटेरस, पॉलीप या यूट्रस की अंदर की दीवारों के जुड़े रहने के कारण हो सकता है। इन समस्याओं के कारण भ्रूण को जगह नहीं मिल पाती है और गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है।

## अधिक स्ट्रेस में रहना

कई बार अधिक स्ट्रेस में रहने, धूम्रपान, अल्कोहल और नींद की कमी जैसी समस्याओं के कारण महिलाओं को प्रेग्नेंसी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## हार्मोन्स का असंतुलित होना

शरीर में थायराइड हार्मोन से जुड़ी समस्या होने या प्रोजेस्टेरोन की कमी होने के कारण भी महिलाओं को प्रेग्नेंसी से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। शरीर में प्रोजेस्टेरोन की कमी से गर्भाशय में भ्रूण टिक नहीं पाता है।

## इम्यूनिटी कमजोर होने से

शरीर की इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण महिलाओं को अबॉर्शन या गर्भपात का खतरा बढ़ता है। ऐसे में हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करें।

## ब्लड में क्लॉट बनने की समस्या

कई बार महिलाओं को ब्लड में क्लॉट बनने की समस्या होती है, ऐसा थ्रोम्बोफिलिया या एंटीफॉस्फोलिपिड सिंड्रोम (ASP) के कारण हो सकता है। इनके कारण नसों में रुकावट आने, प्लेसेंटा में ब्लड सप्लाई रुक जाने की समस्या होती है, जिसके कारण भ्रूण का विकास रुक जाता है और प्रेग्नेंसी से जुड़ी समस्याएं बढ़ने लगती हैं।

## क्रोमोसोमल असामान्यताएं

माता-पिता के जीन्स में हल्की समस्या होने के कारण भी भ्रूण के विकसित नहीं होने की समस्या हो सकती है, जिससे महिलाओं को प्रेग्नेंसी में परेशानी हो सकती है।

## पूरी जांच कराएं


अबॉर्शन के बाद प्रेग्नेंसी से जुड़ी परेशानियों से बचने के लिए डॉक्टर की सलाह पर ब्लड टेस्ट, सोनोग्राफी, हार्मोन्स टेस्ट, एचएसजी और हाइस्टेरोस्कोपी जैसे टेस्ट को कराया जा सकता है। इसके अलावा, कुछ मामलों में डॉक्टर की सलाह पर पीजीएस या पीजीडी जैसे जेनेटिक टेस्टिंग की जरूरत पड़ सकता है।

# Sport

आईपीएल 2026 में संजू सैमसन और विराट कोहली के सामने बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का मौका है। सैमसन जहां धोनी के 5000 रन वाले खास क्लब में शामिल होने के करीब हैं, वहीं कोहली 9000 रन पूरे कर इतिहास रच सकते हैं।

# धोनी के खास क्लब में शामिल होने को तैयार संजू सैमसन, कोहली भी इतिहास रचने के करीब

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में भारतीय क्रिकेट के दो बड़े नाम विराट कोहली और संजू सैमसन अपने-अपने करियर की बड़ी उपलब्धियों के बेहद करीब हैं। एक तरफ सैमसन जहां विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खास क्लब में शामिल होने की दहलीज पर खड़े हैं, वहीं कोहली लीग इतिहास में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे अब तक कोई बल्लेबाज छू नहीं पाया है।




## 9000 रन के ऐतिहासिक आंकड़े के करीब कोहली

दूसरी ओर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल इतिहास में नया अध्याय लिखने के करीब हैं। कोहली को 9000 रन पूरे करने के लिए सिर्फ 339 रनों की जरूरत है, और ऐसा करते ही वह लीग में यह आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

कोहली का हालिया प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। पिछले तीन सीजन में उन्होंने लगातार 50 से ऊपर की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें 2023, 2024 और 2025 में उन्होंने क्रमशः 639, 741 और 657 रन बनाए।

2008 से आरसीबी के लिए खेल रहे कोहली के नाम पहले ही 8661 रन दर्ज हैं।

वह आईपीएल में 8000 रन का आंकड़ा पार करने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं और सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड भी उनके नाम ही है।

## धोनी के खास क्लब में एंट्री के करीब सैमसन

संजू सैमसन ने हाल ही में टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन कर खुद को बड़े मैचों का खिलाड़ी साबित किया। अब उनकी नजर आईपीएल 2026 में एक खास उपलब्धि पर है। आईपीएल इतिहास में अब तक सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ही ऐसे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 5000 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। सैमसन इस क्लब में शामिल होने से महज 296 रन दूर हैं।

2013 से 2025 के बीच 177 मैचों में 4704 रन बना चुके सैमसन अगर अपना फॉर्म बरकरार रखते हैं, तो इस सीजन वह यह खास मुकाम हासिल कर सकते हैं। खास बात यह भी है कि इस बार वह धोनी की ही टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते नजर आएंगे, जिससे यह उपलब्धि और भी खास बन सकती है।

# बांग्लादेश-पाकिस्तान वनडे सीरीज के बाद रैंकिंग में बड़ा बदलाव, सलमान आगा और मेहदी हसन मिराज चमके

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों की आईसीसी रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बांग्लादेश ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की, और दोनों टीमों के कई खिलाड़ियों को इसका फायदा मिला।

**आगा और मिराज की शीर्ष-10 में एंट्रीः** पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष-10 में जगह बना ली है। वह अब नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस सीरीज में 175 रन बनाए, और स्ट्राइक रेट 104.17 रहा। उन्होंने सीरीज के निर्णायक मैच में 98 गेंदों पर 106 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें नौ चौके और चार छक्के शामिल थे, लेकिन टीम को 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह नौ स्थान की छलांग लगाकर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में पांच विकेट लिए और उनकी इकॉनमी सिर्फ 3.33 रही। पहले मैच में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/27 रहा।



**इन खिलाड़ियों को भी हुआ फायदाः** बांग्लादेश के युवा बल्लेबाज तंजिद हसन तमीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 31 स्थान की छलांग लगाकर 55वें नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने तीन मैचों में 175 रन बनाए और आखिरी मैच में 107 रनों की शतकीय पारी खेली, जो उनके करियर का पहला वनडे शतक था। तेज गेंदबाज तस्किन अहमद ने भी गेंदबाजी रैंकिंग में 12 स्थान की बढ़त हासिल कर 28वां स्थान हासिल किया। उन्होंने सीरीज में छह विकेट लिए। इसके अलावा, नाहिद राणा ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 65 स्थान की छलांग लगाकर पहली बार वनडे गेंदबाजों की टॉप-100 रैंकिंग में जगह बनाई। उन्होंने पहले मैच में पांच विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। इस सीरीज के बाद साफ है कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन से अपनी छाप छोड़ी है, वहीं पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

## बांग्लादेश टी20 विश्व कपः नई सरकार करेगी जांच

**ढाका।** टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने का बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का फैसला उसके गले की फांस बनते जा रहा है। बांग्लादेश की नई सरकार ने इस मामले की जांच शुरू करने का फैसला लिया है। खेल मंत्री अमीनुल हक ने कहा है कि बीसीबी पर कोई भी फैसला लेने से पहले वह आईसीसी से सलाह लेंगे। अमीनुल ने कहा है कि ईद के बाद एक नई जांच कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी इस बात की पड़ताल करेगी कि क्या भारत और श्रीलंका में आयोजित इस टूनार्मेंट से हटने का फैसला स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी में विफलता का नतीजा था।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### मोनालिसा लव-जिहाद पर संघ ने बताया संस्कारों का अभाव

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने प्रयागराज महाकुंभ मेले में मालाएं बेचकर चर्चा में आई मोनालिसा की लव मैरिज के मामले पर प्रतिक्रिया दी है। संघ ने इसे संस्कारों के अभाव से जुड़ा विषय बताते हुए परिवारों की भूमिका पर जोर दिया है। मालवा प्रांत संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री ने कहा कि मोनालिसा मालवा प्रांत की बेटी ही नहीं, बल्कि पूरे देश की बेटी है और इस तरह के मामलों को समाज के लिए चिंतनीय बताया। उन्होंने कहा कि यदि परिवार बच्चों को सही संस्कार दें, तो ऐसे घटनाक्रम सामने नहीं आएंगे। डॉ. शास्त्री ने कहा कि आज परिवारों के विखंडन के कारण बच्चों को उचित संस्कार नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संघ कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से परिवारों को जोड़ने और बच्चों में संस्कार विकसित करने का काम कर रहा है। मालवा प्रांत में संघ ने करीब सवा लाख कुटुंब मित्र बनाए हैं, जो परिवारों से संपर्क कर जागरूकता फैला रहे हैं। लव जिहाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह भी संस्कारों की कमी का परिणाम है। यदि व्यक्ति अपने संस्कारों और पहचान के प्रति जागरूक हो, तो कोई उसका ब्रेन वॉश नहीं कर सकता। उन्होंने समाज से इस तरह के मामलों के कारणों को समझने की अपील की। मामले में नया मोड़ तब आया जब महेश्वर क्षेत्र की रहने वाली युवती के पिता ने शादी पर आपत्ति जताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से बेटी को बचाने की गुहार लगाई है। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को बहलाकर शादी कराई गई है। धार भोजशाला विवाद पर संघ का रुख स्पष्ट करते हुए डॉ. शास्त्री ने कहा कि मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। अदालत का जो भी निर्णय होगा, संघ उसे स्वीकार करेगा। मोनालिसा का मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। संघ की टिप्पणी के बाद परिवार, संस्कार और समाज की भूमिका को लेकर बहस और तेज होने की संभावना है।

### इंदौर में आरएसएस की होगी अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

**इंदौर।** आरएसएस की सबसे महत्वपूर्ण होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इस साल इंदौर में होगी। अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित होगी। इस बैठक में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित देश के सभी प्रांतों से 450 कार्यकर्ता आएंगे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में शामिल होने संघ प्रमुख मोहन भागवत एक दिन पहले ही इंदौर आ जाएंगे। बैठक में साल 2026-27 की निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत लिया जाएगा। इंदौर में मालवा प्रांत के संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री ने बताया कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में होने जा रही है और इसमें लगभग साढ़े 400 कार्यकर्ता आएंगे। इस बैठक में प्रांत के कुछ कार्यकर्ता आते हैं। जैसे संघ चालक है, कार्यवाह है, प्रांत प्रचारक है और उसके ऊपर के क्षेत्र के कुछ कार्यकर्ता आएंगे। बताया जा रहा है कि यह बैठक आरएसएस के संगठनात्मक बदलावों, जैसे मालवा प्रांत को इंदौर और उज्जैन संभाग में विभाजित करने (जो अगले साल मार्च तक प्रभावी होगा) और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण होगी। इंदौर में होने वाली यह बैठक अक्टूबर-नवंबर महीने में अलग-अलग सत्रों में तीन से चार दिन तक चलेगी। संघ सूत्रों ने बताया की इस बैठक में शताब्दी वर्ष में चलाए गए कार्यक्रमों की गहन समीक्षा होगी। जमीनी स्तर पर सबसे प्रभावी प्रकल्पों की पहचान और कमजोर क्षेत्रों में सुधार पर फोकस रहेगा। 2027 तक हर प्रखंड में सक्रिय शाखा स्थापित करना मुख्य लक्ष्य है। बैठक में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, परिवार प्रबोधन जैसे मुद्दों पर भी गहन चर्चा होगी। सेवा प्रकल्पों की संख्या बढ़ाने और राष्ट्रीय जीवन में संघ की भूमिका को मजबूत करने की रणनीति बनेगी।

### बस्ती बेमिसाल अभियान: स्लम बस्तियों में 23 तक चलेगा स्वच्छता कार्यक्रम

**इंदौर।** शहर की स्लम बस्तियों में स्वच्छता को और मजबूत करने के लिए बस्ती बेमिसाल अभियान की शुरूआत मंगलवार से की गई। 17 से 23 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के तहत 29 स्लम बस्तियों में स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ वार्ड-31 के शिवनगर (बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे) में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल की मौजूदगी में हुआ। यहां स्वच्छ चौपाल आयोजित कर नागरिकों से संवाद किया गया और जनप्रतिनिधियों ने रहवासियों के साथ श्रमदान भी किया। महापौर ने शिवनगर को उदाहरण बताते हुए कहा- यह ऐसी बस्ती है, जहां 100% शौचालय उपलब्ध हैं। स्वच्छता संवाद के दौरान महापौर ने महिलाओं से कचरा संग्रहण, पृथक्करण और स्वच्छता के संबंध में पूछा, इस पर महिलाओं ने स्वच्छता में सहयोग करने एवं अलग-अलग कचरा संग्रहण की जानकारी दी। महापौर और आयुक्त ने बस्ती के एक परिवार के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और संवाद भी किया। इस अवसर पर पार्षद बालमुकुंद सोनी, अपर आयुक्त प्रखर सिंह, महेंद्रसिंह ठाकुर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे। महापौर ने रहवासियों से घरों के बाहर गुटखा-तंबाकू के दाग (रेड स्पॉट) खत्म करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा- स्वच्छता केवल घर के अंदर नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले की जिम्मेदारी है। इस दौरान महापौर और आयुक्त ने बस्ती के एक परिवार के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और संवाद भी किया।

### श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंन्ट एंड साइंस में विदाई समारोह आयोजित



**इंदौर।** श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में आयोजित तीन दिवसीय भव्य विदाई समारोह उड़ान ने विद्यार्थियों के जीवन के सबसे भावुक और यादगार पलों को संजो दिया। यह सिर्फ एक औपचारिक विदाई नहीं थी, बल्कि हंसी, खुशी और दोस्ती के पलों से सजा ऐसा अनुभव बन गया, जिसे विद्यार्थी जीवन भर संजोकर रखेंगे। बीबीए, बीसीए, बीएससी, एमसीए एवं एमबीए के विद्यार्थियों की उपस्थिति में यह आयोजन उत्साह और उमंग से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों और आत्मीय संवादों ने माहौल को उत्साह से भर दिया। जूनियर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन की जिम्मेदारी निभाते हुए अपने सीनियर्स को एक यादगार विदाई देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। यह अवसर सीनियर्स के लिए अपने कॉलेज के सुनहरे पलों को एक बार फिर जीने और दोस्तों व शिक्षकों के साथ अंतिम यादें संजोने का माध्यम बना। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस के संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, यह विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। यह आपके जीवन की नई उड़ान है, जहाँ आप अपने सपनों, जिम्मेदारियों और उपलब्धियों की ओर अग्रसर होंगे। आपको हमने जो संस्कारों के ज्ञान के और एक अच्छा इंजन बनाने के पंख दिए है उन्हें फैलाइए और अपने सपनों को साकार कीजिए। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण मिस्टर फेयरवेल, मिस फेयरवेल, मिस्टर रेडियंट और मिस रेडियंट जैसे विशेष खिताबों की घोषणा रही, जिसने समारोह में उत्साह और रोमांच को और बढ़ा दिया। विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, समूह नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे दिन आयोजित समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

# इंदौर में बम की धमकी से हड़कंप, संभागायुक्त दफ्तर खाली कराया

## एक घंटे तक चला सर्च ऑपरेशन, साइनाइड बम की धमकी से दहशत, कुछ नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब संभागायुक्त कार्यालय और उसी भवन में संचालित श्रमायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। मेल में दावा किया गया था कि परिसर में साइनाइड गैस से लैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर में विस्फोट करेंगे। चेतावनी मिलते ही कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकाला गया और पूरे भवन को खाली करा लिया गया।

सूचना पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे।



करीब एक घंटे तक चली सघन जांच और तलाशी के दौरान पूरे परिसर को खंगाला गया, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला। जांच के बाद अधिकारियों ने दोनों कार्यालयों को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया, जिसके बाद कामकाज सामान्य हो गया।

**राजनीतिक एंगल के साथ भेजा गया मेल-** धमकी भरे ई-मेल में तमिलनाडु की राजनीति का जिक्र करते हुए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार और डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन को निशाने पर लिया गया। मेल में भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल करते हुए सरकार पर कई आरोप लगाए गए।

**पाकिस्तान के जासूस बताकर किया संबोधित-** ई-मेल में कार्यालय के स्टाफ को पाकिस्तान के जासूस कहकर संबोधित किया गया और तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था से लेकर मीडिया और राजनीतिक फंडिंग तक पर सवाल उठाए गए। कुछ ट्रस्टों के जरिए विदेशी फंडिंग और उसके दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए।

### एक्शन में चिकित्सा शिक्षा विभाग, गठित की समिति

**इंदौर।** इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में 5.88 करोड़ रुपए की जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन (एनजीएस) की खरीद को लेकर उठे विवाद के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है और पूरे मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है।

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

### 80 की स्पीड से सीएमआरएस ने जांची मेट्रो की रफ्तार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मेट्रो संचालन अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) ने शहर के मेट्रो प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण निरीक्षण पूरा कर लिया है। मंगलवार को सीएमआरएस टीम ने मेट्रो को 80 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ाकर ब्रेक स्पीड टेस्ट सफलतापूर्वक किया। चार बार मेट्रो को दौड़ाकर ब्रेक स्पीड टेस्ट किया गया। इसमें मेट्रो को 80 की स्पीड पर पहुंचाने के बाद रोक कर जांच की गई।

यह प्रक्रिया कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) नीलाभ्र सेनगुप्ता के निरीक्षण की प्रक्रिया का हिस्सा थी। इसके साथ ही सीएमआरएस का निरीक्षण पूरा हो गया। निरीक्षण रिपोर्ट के बाद सीएमआरएस एनओसी जारी करेंगे। ऐसे में संभावना है कि मार्च के आखरी तक शहर में मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा। सीएमआरएस नीलाभ्र सेनगुप्ता अपने छह सदस्यों के दल के साथ मेट्रो के ग्यारह किमी लंबे रूट का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

निरीक्षण के तीसरे दिन मंगलवार को मेघदूत, विजयनगर और रेडिसन चौराहे पर बने मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। प्रत्येक स्टेशन पर एक-एक घंटे रुके। इस दौरान निकासी गेट, लिफ्ट, एस्कलेटर, पार्किंग एरिया, स्टेशन रूम, दिव्यांगों के लिए मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मेट्रो डिपो में कंट्रोल कमांड सेंटर, सिग्नल सेंटर, डिपो में स्टेब्लिंग यार्ड की रेल लाइन का निरीक्षण किया। सीएमआरएस ने एमआर-10 पर बने इलेक्ट्रिक सब स्टेशन का निरीक्षण भी किया।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)




जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इंदौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com